www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

21 अप्रैल, 2025
वैशाख, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 181

सूर्यकिरण की टीम ने अद्वितीय प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया



# रांची ने जीता वायुसेना की सूर्यकिरण टीम का दिल

- एयर शो के दूसरे दिन हॉक विमानों ने आसमान में चित्र बना जताया प्यार
- युद्धक विमानों के हैरतअंगेज करतब देख राजधानी के लोग हुए उत्साहित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में रविवार को एयर शो का दूसरा और आखिरी दिन था। इस दौरान भारतीय वायुसेना ने अपना शौर्य दिखाया। एयर शो का दूसरा दिन रोमांच, गर्व और देशभक्ति के रंगों से सराबोर रहा। नामकुम के खोजाटोली स्थित आर्मी ग्राउंड में सूर्यकिरण एयरोबेटिक्स टीम ने एयर शो किया। वायुसेना के पायलटों ने हॉक विमानों से एक घंटे तक आसमान में करतब दिखाये। शो के अंत में टीम ने रांचीवासियों के प्रति प्यार जताते हुए आसमान में दिल की आकृति बनायी। इसके जरिये टीम ने संदेश दिया कि रांची ने उसका दिल जीत लिया है।

एयर शो के दूसरे दिन आसमान में पांच मीटर से भी कम दूरी रखते हुए पायलट ने अलग-अलग कलाकृतियां बनायीं। इससे लोग रोमांचित हो उठे। विमानों के आसमान में तिरंगा बनाते ही वहां मौजूद लोगों ने 'भारत माता की जय' के नारे लगाये। ग्राउंड में मौजूद लोग एयर शो देखने के लिए लगातार आसमान में टकटकी लगाये हुए थे। बच्चा हो या बुजुर्ग, शो देखने के लिए पहुंचे सभी लोगों में गजब का उत्साह दिखा। ग्राउंड के चारों तरफ भीड़ में मौजूद कई बच्चे और महिलाएं अपने-अपने हाथ में तिरंगा झंडा लिये हुए थे। भारतीय वासुसेना की सूर्यकिरण टीम का विमान जैसे ही आसमान में दिखा, हाथ हिलाते हुए सभी ने अभिवादन करना शुरू कर दिया। उड़ान भरने के दौरान करतब का प्रदर्शन करते हुए विमान जब-जब तेज गति से एक दिशा से दूसरे दिशा की ओर जाता, लोग 'भारत माता की जय' का नारा लगाकर उनका स्वागत करते। शो देखने के लिए पहुंचे हर व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान थी। सभी तालियां बजाते हुए लगातार सूर्यकिरण एयरोबेटिक्स टीम के सदस्यों का हौसला बढ़ा रहे थे।

कार्यक्रम की शुरुआत वायुसेना के अधिकारियों की ओर से की गयी, जिन्होंने दर्शकों को एयर शो के नियमों, सुरक्षा मानकों और शो की रूपरेखा से अवगत कराया। उद्घाटन वक्तव्य के दौरान वायुसेना ने यह संदेश भी दिया कि यह शो केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि देश की शक्ति, तकनीकी प्रगति और नागरिकों के सहयोग का प्रतीक है। सबसे पहले आसमान से पैराशूट के साथ भारतीय वायुसेना के गरुड़ कमांडो ने मैदान में छलांग लगायी। इसके बाद भारतीय वायुसेना की प्रसिद्ध सूर्यकिरण एयरोबेटिक्स टीम के नौ विमानों ने अपने विशिष्ट लाल और सफेद रंग के विमानों के साथ 'डायमंड', 'हर्ट', और 'ट्राइडेंट' जैसे फॉर्मेशन दिखाये। इसके बाद रोटरी विंग यानी हेलीकॉप्टरों का प्रदर्शन शुरू हुआ। चेतक और चेतन हेलीकॉप्टरों ने सटीक उड़ानों के साथ अपनी तकनीकी दक्षता दिखायी, जबकि स्वदेशी एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव ने हवा में कलात्मक चक्कर काटते हुए अपनी शक्ति और लचीलापन दर्शाया।

(देखें पेज 03 भी)



## सीएम हेमंत सोरेन ने जताया आभार

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में आयोजित दो दिवसीय एयर शो के दौरान सूर्यकिरण टीम के प्रति आभार जताया है। अपने सोशल मीडिया हैंडल पर उन्होंने लिखा, जोश से भरे जबरदस्त प्रदर्शन के लिए सूर्यकिरण टीम के जांबाज पायलटों को बहुत-बहुत बधाई, आभार और जोहार।

## रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने जताया आभार

दो दिवसीय एयर शो के सफल आयोजन पर रक्षा राज्यमंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने रांची की जनता का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवाओं के लिए आज से यह एक नया शुभारंभ है। यह रांचीवासियों सहित पूरे झारखंड के लिए ऐतिहासिक कार्यक्रम रहा। क्षेत्र की जनता की तरफ से वायुसेना परिवार का अभिनंदन और साधुवाद। उन्होंने इस सफल आयोजन में सहयोग देने के लिए उपायुक्त और जिला पुलिस बल को भी धन्यवाद दिया।

## सीएम ने बार्सिलोना के साग्रादा फैमिलिया चर्च का दौरा किया



बार्सिलोना (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को स्पेन के ऐतिहासिक शहर के प्रसिद्ध चर्च साग्रादा फैमिलिया का दौरा किया। इस दौरान मुख्यमंत्री की पत्नी सह विधायक कल्पना सोरेन और प्रतिनिधि मंडल के अन्य सदस्य उपस्थित थे। प्रतिनिधि मंडल ने एंटोनी गाउडी के सुप्रसिद्ध वास्तुशिल्प और इसके गहरे सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानकारी हासिल की। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में एक सप्ताह के विदेश दौरे पर गये प्रतिनिधि मंडल का रविवार को स्पेन में दूसरा दिन था।

# सांसद निशिकांत दुबे की मुश्किलें बढ़ीं

- अवमानना की कार्यवाही के लिए अधिवक्ता अनस तनवीर ने लिखा पत्र
- सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ने जतायी आपत्ति

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट और मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना पर विवादित टिप्पणी करके फंसे भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। वक्फ कानून मामले में एक वादी का प्रतिनिधित्व करने वाले सुप्रीम कोर्ट के एक वकील ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमण को पत्र लिख कर निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की सहमति मांगी है। दुबे ने कहा था कि इस देश में गृह युद्ध के लिए चीफ जस्टिस संजीव खन्ना जिम्मेदार हैं। पत्र में वकील अनस तनवीर ने कहा कि दुबे की टिप्पणी बेहद अपमानजनक और खतरनाक



रूप से भड़काऊ है।

**एससीबीए के पूर्व अध्यक्ष ने दुबे के बयान पर जतायी चिंता :** इस बीच सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के पूर्व अध्यक्ष अदिश सी अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिख कर सांसद निशिकांत दुबे की सुप्रीम कोर्ट पर टिप्पणी को लेकर गहरी चिंता जतायी है। अग्रवाल ने इस टिप्पणी को 'चौंकाने वाला' करार दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से आग्रह किया कि वे नेताओं को ऐसी टिप्पणियां करने से रोकें।

## पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त पर भड़के सांसद

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे का एक और विवादित बयान आया है। उन्होंने देश के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त डॉ एसवाइ कुरैशी के वक्फ संशोधन बिल पर की गयी टिप्पणी पर कड़ा एतराज जताया है। सोशल मीडिया पर पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त डॉ एसवाइ कुरैशी के बारे में उन्होंने लिखा है, आप चुनाव आयुक्त नहीं, मुस्लिम आयुक्त थे। झारखंड के संथालपरगना में बांग्लादेशी घुसपैठिया वोटर सबसे ज्यादा आपके कार्यकाल में ही बनाया गया। पैगंबर मुहम्मद साहब का इस्लाम भारत में 712 में आया। उसके पहले तो यह जमीन हिंदुओं की या उस आस्था से जुड़ी आदिवासी, जैन या बौद्ध धर्मावलंबियों की थी। मेरे गांव विक्रमशिला को बख्तियार खिलजी ने 1189 में जलाया। विक्रमशिला विश्वविद्यालय ने दुनिया को पहला कुलपति दिया, अतिशदीपांक के तौर पर। इस देश को जोड़ो, इतिहास पढ़ो, तोड़ने से पाकिस्तान बना, अब बंटवारा नहीं होगा। डॉ कुरैशी ने सोशल मीडिया पर लिखा है, वक्फ अधिनियम निस्संदेह मुस्लिम भूमि हड़पने के लिए सरकार की एक बेहद भयावह/बुरी योजना है। मुझे यकीन है कि सुप्रीम कोर्ट इस पर सवाल उठायेगा। शरारती प्रचार मशीन द्वारा गलत सूचना ने अपना काम बखूबी किया है। डॉ कुरैशी के इस बयान या विचार पर डॉ निशिकांत दुबे ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।


**भाजपा अध्यक्ष ने निजी बयान बताया :** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा का उसके सांसदों निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा की न्यायपालिका और प्रधान न्यायाधीश पर की गयी टिप्पणियों से कोई लेना-देना नहीं है। ये उनकी निजी टिप्पणियां हैं, लेकिन भाजपा न तो उनसे सहमत है और न ही ऐसी टिप्पणियों का कभी समर्थन करती है।

# अमेरिका में हजारों लोगों ने राष्ट्रपति आवास घेरा

- टैरिफ वॉर और सरकारी नौकरियों में छंटनी का विरोध

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के खिलाफ हजारों प्रदर्शनकारी एक बार फिर सड़कों पर उतर आये। ये प्रदर्शन सभी 50 राज्यों में हुए। प्रदर्शनकारी ट्रंप की टैरिफ वॉर की नीतियों और सरकारी नौकरियों में छंटनी का विरोध कर रहे हैं। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति आवास व्हाइट हाउस का घेराव किया। लोगों ने ट्रंप पर नागरिक



और कानून के शासन को कुचलने का आरोप लगाया। इस आंदोलन को '50501' नाम दिया गया है, जिसका मतलब '50 विरोध प्रदर्शन, 50 राज्य, 1 आंदोलन' है। प्रदर्शनकारियों ने व्हाइट हाउस के अलावा टेस्ला के शोरूम का भी घेराव किया। ट्रंप के खिलाफ प्रदर्शनों का यह दूसरा दौर है। इससे पहले पांच अप्रैल को ट्रंप के खिलाफ पूरे देश में प्रदर्शन हुए थे। राजधानी वाशिंगटन डीसी समेत सभी राज्यों में प्रदर्शन की बड़ी वजह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कारोबारी इलॉन मस्क की आक्रामक नीतियां हैं। इलॉन मस्क का दक्षता विभाग लगातार सरकारी विभागों में छंटनी कर रहा है। अब तक हजारों सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा चुका है।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

जन शिकायतों का हो समाधान, सरकार कर रही सर्वजन की राह आसान

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा झारखण्ड के सभी जिलों के लिए जनहित में लोक शिकायत प्रबंधन प्रणाली (PGMS), कॉल सेंटर के माध्यम से लागू की गई है।

- PHH/AAY कार्ड बनवाने एवं नाम जुड़वाने से संबंधित
- सफेद कार्ड बनवाने, नाम जुड़वाने एवं रद्द करवाने से संबंधित
- ग्रीन कार्ड बनवाने, नाम जुड़वाने एवं रद्द करवाने से संबंधित
- राशन कार्ड की प्रविष्टियों में सुधार से संबंधित
- PHH/AAY राशन कार्ड रद्द करने से संबंधित
- धोती साड़ी योजना से संबंधित
- दाल-भात योजना से संबंधित
- नमक वितरण योजना से संबंधित
- चीनी वितरण योजना से संबंधित
- चना दाल वितरण योजना से संबंधित
- एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना (ONORC) से संबंधित
- धान अधिप्राप्ति योजना से संबंधित
- पदाधिकारी के विरुद्ध शिकायत
- डीलर के विरुद्ध शिकायत
- DSD ट्रांसपोर्टर के विरुद्ध शिकायत
- डीलर द्वारा दर्ज की गई शिकायत
- राशन कार्डधारी को कम राशन मिलने से संबंधित
- राशन कार्ड धारी को राशन नहीं मिलने से संबंधित
- राशन कार्डविहीन अन्न का अभाव से संबंधित
- विभागीय NIC/आहार पोर्टल से संबंधित
- बायोमेट्रिक मशीन (e-pos) से संबंधित
- राशन उठाव हो जाने पर मोबाइल में SMS नहीं आने से संबंधित
- E-KYC से संबंधित
- खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले से संबंधित अन्य शिकायतें

P.R. 350448 (Directorate of Food and Consumer Affairs) 25-26

राज्य के नागरिक उपरोक्त विषयों के संबंध में निम्न माध्यमों एवं निम्न नंबरों पर सोमवार से शनिवार (10am to 5pm) तक सम्पर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

TOLL FREE NO 1967 & 1800-212-5512
pgms.dfcajharkhand.in
SMS +91-896-958-3111
pgms@dfcajharkhand.in



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड सरकार

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
200000 Subscribers
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 21 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in



# बिहार को चाहिए एक मजबूत इंजन, न कि 'डबल इंजन' का दिखावा : खड़गे

## खड़गे ने वक्फ (संशोधन) कानून को लेकर भी बीजेपी और आरएसएस पर निशाना साधा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटना।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बिहार में एनडीए सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य को दो चेहरों वाले डबल इंजन की नहीं, बल्कि एक सशक्त और स्थिर इंजन की जरूरत है। जो महागठबंधन से मिल सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बीच के गठबंधन को अवसरवाद की मिसाल बताया और दावा किया कि यह गठजोड़ बिहार के भविष्य के लिए नुकसानदेह है।

खड़गे ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर भी बीजेपी और आरएसएस पर निशाना साधा। उनका आरोप था कि इस कानून के जरिए देश में धार्मिक समुदायों के बीच फूट डाली जा रही है। नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा, वो हमेशा इधर-उधर की राजनीति करते हैं, जिससे राज्य का नुकसान होता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि बिहार के विकास, शिक्षा और रोजगार को आगे ले जाने के लिए बीजेपी और नीतीश कुमार दोनों को सत्ता से बाहर करें। प्रधानमंत्री मोदी पर हमला तेज करते हुए खड़गे ने एक ऑडियो क्लिप सुनायी, जिसमें विशेष पैकेज देने का वादा किया गया था। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने बिहार को 1.25 लाख करोड़ रुपये के विशेष पैकेज का भरोसा दिलाया था, लेकिन आज तक कुछ भी जमीन पर नहीं दिखा। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस को दबाने की कोशिशें चल रही हैं, लेकिन पार्टी किसी दबाव में झुकने वाली नहीं है।

खड़गे ने महागठबंधन की सरकार को बिहार के लिए जरूरी बताते हुए कहा कि यह समय संविधान को बचाने और लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट होने का है। उन्होंने कहा, भाजपा झूठ की बुनियाद पर सत्ता में आयी है, लेकिन अब जनता को सच्चाई समझ में आ रही है। न बेरोजगारी का हल निकला, न शिक्षा में सुधार हुआ।

उन्होंने आगे जोड़ा, देश को आइआइटी, आइआइएम और एम्स कांग्रेस ने दिये, और भाजपा ने? सिर्फ झूठ की फैक्ट्री खड़ी की है। अंत में खड़गे ने कहा, एक बार झूठ से लोगों को बहकाया जा सकता है, लेकिन हमेशा नहीं। अब बिहार की जनता सच्चाई के साथ खड़ी होगी।

# मनुस्मृति लागू करना चाहती है भाजपा : विनोद पांडेय

**न्यायालय देश के आदिवासी, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और आर्थिक तौर पर पिछड़े लोगों के लिए एकमात्र सहारा, मनमुताबिक निर्णय नहीं होने पर भाजपा के नेता बना रहे दबाव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** न्यायपालिका को लेकर गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान को झारखंड मुक्ति मोर्चा ने लोकतंत्र विरोधी करार दिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य और वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि असल बात यह है कि भाजपा देश में मनुस्मृति लागू करना चाहती है।

भाजपा को देश के संवैधानिक ढांचे पर विश्वास ही नहीं है। चुनाव आयोग, प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय जांच ब्यूरो सहित अन्य संवैधानिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली पर कब्जा किया जा चुका है। अब सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों पर भी इन्हें आपत्ति है। आखिरकार भाजपा इस देश को कहां ले जाना चाहती है? भाजपा के नेताओं ने निशिकांत दुबे के बयान पर चुप्पी क्यों साध रखी है? बात-बात पर बयान जारी करने वाले बाबूलाल मरांडी क्यों नहीं इसपर स्थिति स्पष्ट करते? न्यायपालिका पर देश के गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और आर्थिक तौर पर पिछड़े लोगों का अटूट भरोसा है। भाजपा अब अपने नेताओं के जरिए न्यायपालिका पर हमले करा रही है। ये मनमुताबिक निर्णय नहीं होने पर न्यायपालिका पर दबाव बना रहे हैं। भाजपा के सांसद पहले भी संताल परगना को झारखंड से अलग करने की बातें कई बार कर चुके हैं। इनकी सोच विभाजनकारी है। भाजपा के नेताओं को अगर न्यायपालिका पर विश्वास है तो निशिकांत दुबे को अबिलंव बर्खास्त कर देना चाहिए। ऐसे नेताओं की सोच देश के लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा भाजपा सांसद के बयान की घोर निंदा करता है। झारखंड मुक्ति मोर्चा न्यायपालिका समेत अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जे की भाजपाई मनोवृत्ति को किसी स्तर पर बर्दाश्त नहीं करेगा। भाजपा देश में हिंदू-मुस्लिम का आरोप लगाकर नफरत पैदा करने के प्रयास में है। ये देश के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को समाप्त करना चाहते हैं। इनकी मंशा कभी सफल नहीं होगी। निशिकांत दुबे अपने मन से ऐसा नहीं बोल रहे हैं। इसके पीछे भाजपा और आरएसएस की विभाजनकारी सोच है। इनका देश के स्वतंत्रता संग्राम से कोई लेनादेना नहीं था। ये राष्ट्रीय ध्वज को भी अंगीकार नहीं करते। सुप्रीम कोर्ट को भी सांसद के बयान पर संज्ञान लेकर इनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करना चाहिए।

# देवघर में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त

## हंगामे के बीच विधायक और मंत्री हफीजुल पहुंचे

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**देवघर।** संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। घटना देवीपुर थाना क्षेत्र के बरियारपुर गांव में घटी। जहां असामाजिक तत्वों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के कई हिस्सों को क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रतिमा के क्षतिग्रस्त होने की सूचना पर स्थानीय लोग आक्रोशित हो गये दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग पुलिस और प्रशासन से की।

### फिर से बनायी जायेगी बाबा साहब की प्रतिमा: सुरेश पासवान

प्रतिमा खंडित होने पर आक्रोशित लोगों को समझाने के लिए देवघर से राष्ट्रीय जनता दल के विधायक सुरेश पासवान भी लोगों के बीच पहुंचे। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को फिर से बनाया जायेगा और आसपास की जमीन को अधिग्रहण कर प्रतिमा को भव्य रूप दिया जायेगा।

बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की एक छोटी प्रतिमा बनायी गयी थी। जिसको बाद में भव्य रूप देने की बात कही गयी थी। लेकिन उससे पहले ही कुछ असामाजिक तत्वों ने प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने काफी देर तक हंगामा किया। लोगों ने पुलिस से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

**घटना पर पहुंचे मंत्री हफीजुल हसन :** घटना की जानकारी जैसे ही मंत्री हफीजुल हसन अंसारी को मिली तो वह खुद देवपुर के रामूडीह पंचायत के बरियारपुर गांव पहुंचे और लोगों से मिले। मंत्री ने स्थानीय लोगों से मुलाकात के साथ पूरी घटनी की जानकारी ली। प्रतिमा खंडित करने के मामले पर उन्होंने डीसी और एसपी को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश में कहा है कि जिसने भी इस घटना को अंजाम दिया है। उसे कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा दिलायी जाये। ताकि आने वाले समय में कोई भी व्यक्ति इस तरह के महान व्यक्तित्व की प्रतिमा को नुकसान नहीं पहुंचा सके।

# उद्धव-राज ठाकरे साथ आये तो खुशी होगी : देवेंद्र फडणवीस

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि अगर राज और उद्धव साथ आते हैं तो हमें खुशी होगी। मतभेद मिटाना अच्छी बात है। दरअसल, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना चीफ राज ठाकरे ने शनिवार को कहा था- उद्धव से राजनीतिक मतभेद हैं, विवाद हैं, झगड़े हैं, लेकिन यह सब महाराष्ट्र के आगे बहुत छोटी चीज हैं।

महाराष्ट्र और मराठी लोगों के हित के लिए साथ आना कोई बहुत बड़ी मुश्किल नहीं है।

राज ठाकरे ने अभिनेता और निर्देशक महेश मांजरेकर के यू-ट्यूब चैनल पर यह बातें कही थीं। उद्धव ने भी राज के बयान पर कहा था कि मेरी तरफ से कभी कोई झगड़ा नहीं था।

### राउत ने रखी शर्त

शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि उद्धव एक शर्त पर राज से बात को तैयार हैं, अगर राज महाराष्ट्र और शिवसेना के दुश्मनों को अपने घर में जगह न दें। वहीं, शिवसेना नेता नरेश म्हस्के ने उद्धव से पूछा कि जब उन्होंने खुद राज को पार्टी से अलग किया, तो अब एकजुटता की बात क्यों कर रहे हैं?

शिवसेना नेता अंबादास दानवे ने कहा है कि दोनों भाई हैं, लेकिन उनकी राजनीति अलग है। अगर साथ आना है तो आमने-सामने बात होनी चाहिए, टीवी पर नहीं।'

# प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक 22 अप्रैल को : केशव महतो कमलेश




**प्रदेश, जिला, विधानसभा स्तर पर संविधान बचाऔ रैली का आयोजन किया जायेगा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक 22 अप्रैल को होगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय अधिवेशन और कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में लिये गये फैसले के आधार पर लिया गया है। केशव कांग्रेस भवन में रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश, जिला, विधानसभा स्तर पर संविधान बचाऔ रैली का आयोजन किया जायेगा। इस बैठक में कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की जायेगी।

इस दौरान कांग्रेस के विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश संजीव खन्ना पर दिये गये बयान की पार्टी निंदा करती है। विधायक ने कहा कि उनका यह बयान भड़काऊ और असंवैधानिक है जो गहरी चिंता का विषय है। यह बयान न्यायपालिका का सिर्फ अपमान नहीं है बल्कि संवैधानिक संस्थाओं को डराने-धमकाने वाला है। न्यायालय की स्वतंत्रता को छीनने वाला है। उनका बयान दर्शाता है कि यह भाजपा नेतृत्व के इशारे पर दिया गया है। पार्टी का मानना है कि बगैर नेतृत्व की सहमति के सांसद की ओर से इस तरह का वक्तव्य नहीं दिया जा सकता। भाजपा की रणनीति का यह हिस्सा है। यह बयान देश में विद्वेष को फैलाने वाला है। संवाददाता सम्मेलन में विधायक सुरेश बैठा, अनादि ब्रह्म, राकेश सिन्हा, सतीश पाल मुंजनी, सोनाल शांति, गजेंद्र सिंह राजन वर्मा भी उपस्थित थे।

# विधायक जयराम महतो ने एयर शो की तारीफ की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** रांची में दो दिन का एयर शो आयोजित किया गया था। रविवार को एयर शो का समापन हो गया। यह शो रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की अध्यक्षता में किया जा रहा था। इस आयोजन को डुमरी विधायक जयराम महतो ने भी सराहनीय बताया है। लेकिन दूसरी तरफ उन्होंने विस्थापितों का हक भी मांगा है। जयराम महतो ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है। उन्होंने संजय सेठ को कहा है कि रविवार को राजधानी रांची में झारखंड के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के प्रयास से भव्य एयर शो का आयोजन किया गया है। सराहनीय है। मंत्री जी, झारखंड के विस्थापित मारे जा रहे हैं। उनका शोषण किया जा रहा है। ये राज्य का निहायत ही गंभीर मसला है। राज्य की जनता अपना हक और अधिकार चाहती है। प्रेम महतो सहित अनेकों शहीदों की शहादत की बुनियाद पर पनपा ये राज्य आज भी अपने संवैधानिक हक और अधिकार से वंचित है। वर्तमान में इस राज्य ने दो-दो केंद्रीय मंत्री दिये हैं। केंद्र सरकार की उपक्रम बीएसएल द्वारा 500 विस्थापितों पर ही झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया गया है।

### शिक्षा न्यायाधिकरण को लागू करे सरकार : अजय राय



**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने राज्य के निजी स्कूलों की ओर से चालू शैक्षणिक सत्र में मनमाने ढंग से की गयी फीस वृद्धि, एनुअल चार्ज, री-एडमिशन फीस और विभिन्न शुल्कों की वसूली को गैरकानूनी करार देते हुए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने रविवार को कहा कि लगातार मिल रही अभिभावकों की शिकायतें इस बात का प्रमाण हैं कि स्कूल प्रबंधन ट्यूशन फीस के अतिरिक्त विभिन्न मदों में अवैध रूप से शुल्क वसूल कर छात्र और उनके अभिभावकों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं।**

# खिलाड़ियों को नियोजन में मिलना चाहिए आरक्षण : देवेंद्रनाथ महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सोनहातू।** थाना मैदान सोनहातू में आयोजित दिवा-रात्रि फुटबॉल टूर्नामेंट रविवार सुबह पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया और दमदार प्रदर्शन करते हुए खेल को यादगार बना दिया। तीन दिनों तक चले इस रोमांचक मुकाबले में और एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्राप्त की। गाड़ा फार्म एमटी, कोकर को उपविजेता घोषित किया गया, जिन्हें सत्तर हजार रुपये का नकद पुरस्कार मिला। तीसरे स्थान पर आइएमएस, ईचागढ़ और ब्लैक टीम, नामकुम रही, जिन्हें पच्चीस-पच्चीस हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी गयी।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि देवेंद्रनाथ महतो (पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा) ने विजेताओं को सम्मानित करते हुए कहा, फुटबॉल सिर्फ खेल नहीं, टीमवर्क, अनुशासन और समय प्रबंधन का प्रशिक्षण है। राज्य सरकार को चाहिए कि वह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पहचान दे और सभी विभागों में उनके लिए नियोजन में समुचित आरक्षण सुनिश्चित करे।

इस मौके पर तेलवारी पंचायत के मुखिया पति फनी भूषण सिंह मुंडा, जिंतु पंचायत के मुखिया पति कलेवर मुंडा, सोनहातू पंचायत के मुखिया विकास सिंह मुंडा, थाना प्रभारी चंदन कुमार, धनपति महतो, श्याम महतो, अभिराम महतो, इंद्रदेव सिंह मुंडा और सुपेंद्रनाथ महतो सहित अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे। आयोजन समिति में अध्यक्ष विशेश्वर महतो, उपाध्यक्ष नागेंद्र महतो, संरक्षक खंजन महतो और रवि सांडील की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही।

# धर्मांतरण नहीं रुका, तो खत्म हो जायेगी आदिवासी अस्मिता : चंपाई सोरेन

**हम आदिवासी प्रकृति पूजक हैं- पेड़, पहाड़ और जल स्रोत हमारे आराध्य हैं : पूर्व सीएम**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चाकुलिया।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रविवार को चाकुलिया के दिशोम जाहेर गढ़ में माथा टेक कर आदिवासी अस्मिता और अस्तित्व की रक्षा के संकल्प को दोहराया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो लोग अपनी पारंपरिक आस्था और प्रकृति पूजक संस्कृति को त्याग चुके हैं, उन्हें संविधान द्वारा प्रदत्त आदिवासी आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए।

पूर्व सीएम ने कहा, हम आदिवासी प्रकृति पूजक हैं–पेड़, पहाड़ और जल स्रोत हमारे आराध्य हैं। धर्मांतरण के बाद जब लोग चर्च की ओर मुड़ जाते हैं, तो हमारे पारंपरिक स्थल–जाहेरथान, सरना स्थल, देशाउली–कौन संभालेगा? अगर ऐसा ही चलता रहा तो एक दिन हमारा अस्तित्व ही समाप्त हो जायेगा।

उन्होंने जोर देकर कहा कि आदिवासी संस्कृति केवल पूजा-पद्धति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक समग्र जीवनशैली है। जन्म से लेकर मृत्यु तक सभी सामाजिक-सांस्कृतिक प्रक्रियाएं मांझी, परगना, पाहन, मानकी-मुंडा और पड़हा राजा जैसे पारंपरिक धर्मगुरुओं की देखरेख में होती हैं। लेकिन धर्मांतरण के बाद लोग इन सब रस्मों के लिए चर्च का रुख करते हैं, जहां मरांग बुरु या सिंग बोंगा की कोई जगह नहीं होती। इस अवसर पर चंपाई सोरेन ने समाज से अपील की कि वे अपनी जड़ों से जुड़े रहें और अपने अधिकारों व पहचान की रक्षा के लिए सजग रहें।

# मगध विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ राजेंद्र प्रसाद पर इडी ने दायर की चार्जशीट

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**पटना।** आय से अधिक संपत्ति के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने मगध विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की चार्जशीट दाखिल की है। यह चार्जशीट 15 अप्रैल को पटना स्थित (पीएमएलए) विशेष अदालत में पेश की गयी, जिसे कोर्ट ने संज्ञान में ले लिया है। इडी की जांच में सामने आया है कि डॉ राजेंद्र प्रसाद ने अपने कार्यकाल के दौरान, वर्ष 2019 से 2021 के बीच, कुलपति पद पर रहते हुए अपनी वैध आय से करीब 2 करोड़ 66 लाख 99 हजार रुपये अधिक की संपत्ति अर्जित की। इस अवैध कमाई को वैध दिखाने के लिए ट्रस्ट और अन्य माध्यमों का सहारा लिया गया।

चार्जशीट में डॉ प्रसाद के अलावा उनके बेटे डॉ अशोक कुमार, भाई अवधेश प्रसाद और प्यारी देवी मेमोरियल वेलफेयर ट्रस्ट को भी आरोपी बनाया गया है। इडी ने इस कार्रवाई को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट, 2002 के तहत अंजाम दिया है। इस मामले की नींव पटना स्थित विशेष सतर्कता इकाई द्वारा दर्ज की गयी एफआइआर पर आधारित है, जिसके आधार पर इडी ने विस्तृत मनी लॉन्ड्रिंग जांच शुरू की थी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 33.7 °c | 22.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.12 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.24 बजे |



# सूर्यकिरण की टीम ने अद्वितीय प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आर्मी ग्राउंड, खोजा टोली, नामकुम (रांची) में आयोजित दो दिवसीय एयर शो का भव्य तरीके से रविवार को समापन हो गया। इस कार्यक्रम को संपन्न कराने में रांची जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला प्रशासन की बेहतरीन व्यवस्था के लिए दर्शकों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इस एयर शो ने रांची के लोगों के लिए एक अद्भुत अनुभव प्रदान किया।

**लोगों की देशभक्ति और उत्साह देख कंवलजीत संधू हुई भावुक** : इंडियन एयर फोर्स की सूर्य किरण एयरोबेटिक्स टीम की सदस्य कंवलजीत संधू ने कहा कि जिस तरह का प्यार रांची में मिला है उसके लिए एक ही शब्द है थैंक्यू रांची। कंवलजीत संधू उस समय बेहद भावुक हो गईं जब एक सरकारी स्कूल की बच्ची ने एयर शो के दौरान ही अपने नन्हें हाथों से एयर लेफ्टिनेंट कंवलजीत संधू की पेंटिंग बना दी। एयर लेफ्टिनेंट ने उस बच्ची की हौसलाअफजाइ की और दिल लगाकर खूब मेहनत कर पढ़ाई करने और आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

**700 से अधिक एयर शो कर चुकी है सूर्य किरण की टीम :** भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण टीम थाईलैंड में एयर शो करने के बाद रांची आयी थी। रांची में 19 और 20 अप्रैल को सफलतापूर्वक एयर शो करने के बाद अब टीम 22 और 23 अप्रैल को पटना में एयर शो करेगी।



## जानें एयरफोर्स की सूर्य किरण टीम और पायलटों के बारे में

भारतीय वायु सेना की ऐयरोबेटिक प्रदर्शन टीम का नाम सूर्य किरण है। यह इंडियन एयरफोर्स के 52 वें स्क्वाड्रन का हिस्सा है। भारतीय वायु सेना द्वारा वर्ष 1996 में इसकी स्थापना की गयी थी। वायु सेना के हवाई कौशल और क्षमता का प्रदर्शन करना ही सूर्य किरण का उद्देश्य है। आसमान में हैरतअंगेज करतब दिखाने वाली टीम सूर्य किरण के पायलट गौरव पटेल, कुलदीप हुड्डा, अजय दशरथी, जशदीप सिंह, सिधेश कार्तिक, अंकित वशिष्ट, विष्णु, अर्जुन पटेल और दिवाकर शर्मा हैं। इंडियन एयरफोर्स के ये दक्ष रणबांकुरे अपने फाइटर विमानों से करतब दिखाते समय न सिर्फ आसमान में



तरह-तरह की आकृति बना देते हैं, बल्कि उड़ते हुए एक-दूसरे के बेहद करीब आ जाते हैं। पहले दिन की तरह आज दूसरे दिन भी एयर शो के दौरान जब कॉकपिट से पायलटों ने रांचीवसियों से बात की तो उनकी आवाज सुन पूरा आर्मी मैदान भारत माता की जय और वंदे मातरम के साथ तालियों की आवाज से गूंज उठा।

## हमारे जांबाज जब आसमान मापते हैं, तो बादल भी रास्ता छोड़ देते हैं : संजय सेठ

### सहयोग देने के लिए उपायुक्त, पुलिस बल सहित जनता को धन्यवाद दिया



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची में दो दिवसीय एयर शो का रविवार को समापन हो गया। इस अवसर पर देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने एयर शो में आये लोगों का अभिवादन किया। और भारत माता की जय के नारों के साथ उत्साह वर्धन किया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं के लिए आज से यह एक नया शुभारंभ है कि वह भी भारतीय वायुसेना का हिस्सा बन सकें। देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत राष्ट्र रक्षा के साथ नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। व्यक्तिगत जीवन में अनुशासन, समर्पण और वीरता से लबरेज रहें। यह रांचीवासियों सहित पूरे झारखंड के लिए एक ऐतिहासिक कार्यक्रम रहा। यह पहली बार हुआ जब वायुसेना के जाबाजों ने युद्ध के मैदान में नहीं, रांची के आसमान में अपने शौर्य, अनुशासन और पराक्रम का परिचय दिया। क्षेत्र की जनता की तरफ से वायुसेना परिवार का अभिनंदन और साधुवाद। हमारे जांबाज जब आसमान मापते हैं, तो बादल भी रास्ता छोड़ देते हैं।

सूर्य किरण एरोबिक टीम ने आसमान में जो छाप छोड़ी, वह हमेशा के लिए रांचीवासियों के दिल में अंकित हो गयी। भारतीय वायु सेना के द्वारा किया गया यह शो अविस्मरणीय बन गया। यह झारखंड का ऐतिहासिक शो रहा। सूर्यकिरण के जांबाज जब आसमान में कलाबाजियां दिखा रहे थे तो नीचे बैठा जनसमूह सांसे रोके, मंत्रमुग्ध हो एकटक देखता ही रहा। यह कार्यक्रम सेना की कलाबाजी नहीं था बल्कि पराक्रम, शौर्य, तकनीक, आपसी समन्वय, आत्मविश्वास का सम्मिश्रण था। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने इस सफल आयोजन में सहयोग देने के लिए रांची उपायुक्त, रांची जिला पुलिस बल सहित रांची की तमाम जनता को धन्यवाद दिया।


## भारतीय वायु सेना की सूर्यकिरण टीम में नौ जेट फाइटर प्लेन

सूर्यकिरण टीम अपने हवाई करतबों में विशेष रूप से प्रशिक्षित होती हैं। विभिन्न अवसरों पर अपने प्रदर्शन से लोगों का मनोरंजन और प्रेरणा देती हैं। रांची में 9 जेट फाइटर प्लेनों ने इस टीम का हिस्सा बनकर दर्शकों को रोमांच का अहसास कराया।

इनके अलावा भी कई करतब इस एयर शो में देखने को मिले। सूर्यकिरण टीम के द्वारा इन शानदार प्रदर्शन न केवल दर्शकों को मनोरंजन प्रदान किया, बल्कि भारतीय वायु सेना की क्षमताओं और कौशल को भी प्रदर्शित किया। यह टीम देश के लिए गर्व का प्रतीक है और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

- फॉर्मेशन फ्लाइंग: टीम के विमान ने एक सटीक फॉर्मेशन में उड़ते हुए, डायमंड, एरोहेड या विक फॉर्मेशन किया। यह करतब टीम के पायलटों के बीच उत्कृष्ट समन्वय और संचार कौशल का प्रदर्शन करता है।
- एयरोबेटिक मैन्यवर्स: टीम के पायलटों ने विभिन्न एयरोबेटिक करतब जैसे कि लूप्स, रोल्स, स्पिंस और इमेलमन टर्स किये। ये करतब विमान की गति को प्रदर्शित करते हैं।
- क्रॉसओवर और इंटरसेप्ट: टीम के विमान एक दूसरे के करीब से गुजरते हुए विभिन्न पैटर्स में उड़े। यह करतब टीम के पायलटों के बीच उच्च स्तर की जागरूकता और नियंत्रण का प्रदर्शन करता है।
- स्मोक ट्रेल्स: टीम के विमान स्मोक ट्रेल्स छोड़ते हैं, जो आसमान में रंगीन धुएं के निशान बनाते हैं। इस करतब ने दर्शकों के लिए एक यादगार अनुभव कराया।
- सोलो और सिंक्रोनाइज्ड मैन्यवर्स: टीम के पायलट ने सोलो और सिंक्रोनाइज्ड करतब किया, जो उनकी व्यक्तिगत और सामूहिक क्षमताओं को प्रदर्शित करते हैं।

## स्पेन से हेमंत और कल्पना सोरेन ने दी इस्टर की बधाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूंजी निवेश और तकनीकी विशेषज्ञता हासिल करने के लिए स्पेन और स्वीडन की यात्रा पर गये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने वहां से इसाई धर्मावलंबियों को इस्टर की बधाई दी। अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर उन्होंने अपने खूबसूरत तस्वीर भी पोस्ट की है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में 11 सदस्यीय टीम दोनों देशों की यात्रा पर गयी हैं। इसाई समुदाय का महत्वपूर्ण पर्व इस्टर रविवार को मनाया गया। इसी दिन प्रभु यीशु का पुनर्जन्म हुआ था।

## ध्रुवीकरण और भेदभाव ही भाजपा की मौलिक नीति है : बंधु तिर्की

**अपनी उत्तेजना, विरोधाभासी बयानों और आधारहीन तर्कों से सरकार का बचाव नहीं कर सकते निशिकांत दुबे**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि ध्रुवीकरण और सभी धर्म, जाति, समुदाय के लोगों के बीच भेदभाव को बढ़ावा देना ही भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार की मौलिक नीति बनती जा रही है जो भाजपा और आरएसएस की विचारधारा है। श्री तिर्की ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय पर धार्मिक युद्ध भड़काने के सांसद निशिकांत दुबे के आरोप की तीखी आलोचना करते हुए श्री तिर्की ने कहा कि अपने विरोधाभासी और आधारहीन बयानों, संवैधानिक प्रावधानों की गलत व्याख्या और भाषाई उत्तेजना के बलबूते श्री दुबे मोदी सरकार और भारतीय जनता पार्टी का न तो बचाव कर सकते हैं और ना ही वे भारतीय न्यायपालिका पर आक्रमण कर सकते हैं। श्री तिर्की ने कहा कि भारत का इतिहास और हमारा मौलिक स्वभाव, संवेदना, सहिष्णुता और परस्पर मैत्री का है जहां सभी धर्म के लोगों के बीच में परस्पर सद्भाव है और एक-दूसरे के धर्म या धार्मिक परंपराओं को सम्मान के साथ देखना हमारी पहचान है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि हमारा संविधान भी इसी भावना से प्रेरित है और संविधान सभा के सदस्यों ने कभी भी इस बात की कल्पना नहीं की होगी कि एक समय ऐसी स्थिति आ जायेगी जब सर्वोच्च न्यायालय द्वारा संविधान के पक्ष में कही गयी बातों और उसके आधार पर लिये गये निर्णय का सरकार, सरकार के सदस्यों और मूलतः कार्यपालिका के द्वारा ऐसी तीखी आलोचना की जायेगी जो हमारी लोकतांत्रिक जड़ों को कमजोर करने का काम करेगी।

श्री तिर्की ने कहा कि भारत धर्मनिरपेक्ष देश है और संविधान से ऊपर कोई भी नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 53 के अनुसार राष्ट्रपति को जो जिम्मेदारी सौंपी गयी है उसका निर्वहन उन्हें करना है, वहीं दूसरी ओर सर्वोच्च न्यायालय भी वह संवैधानिक संस्थान है जिसके ऊपर निष्पक्षता से हमारे संविधान के अनुपालन की जिम्मेदारी है। श्री तिर्की ने कहा कि इस मूल संवैधानिक भावना से उलट जिस प्रकार से उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने जिन शब्दों में सर्वोच्च न्यायालय की आलोचना की है और उसके बाद किरण रिजीजू, मनन मिश्रा, निशिकांत दुबे एवं अन्य कुछ एक मंत्रियों, सांसदों एवं नेताओं के द्वारा जैसे वक्तव्य दिये जा रहे हैं उससे यह स्पष्ट है कि केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा उकसावे की कार्रवाई की जा रही है जिससे न केवल भारतीय लोकतंत्र की जड़ें कमजोर होंगी बल्कि यह सर्वोच्च न्यायालय और हमारे संविधान को आघात पहुंचाने की कोशिश है जो कभी भी सफल नहीं हो सकती।

## निशिकांत दुबे का बयान मोदी सरकार की सोची-समझी साजिश: दीपिका पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सुप्रीम कोर्ट पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के विवादित बयान पर अब राजनीति छिड़ चुकी है। सांसद के इस बयान पर झामुमो और कांग्रेस के कई नेता हमलावर हैं। इसी बीच झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सांसद के बयान को मोदी सरकार की सोची-समझी साजिश बताया है। मंत्री ने सुप्रीम कोर्ट को दबाने, डराने और बदनाम करने के लिए रणनीति बनाने का भी आरोप लगाया है।

**मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने बीजेपी पर बोला हमला :** सांसद निशिकांत दुबे के विवादित बयान पर झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा निशिकांत दुबे की जुबान नहीं फिसली, ये मोदी सरकार की सोची-समझी रणनीति है – सुप्रीम कोर्ट को दबाने, डराने और बदनाम करने की। जब सीजेआइ पर गृहयुद्ध भड़काने का आरोप लगाया जाता है, तो समझिए कि सत्ता के अहंकार ने अब लोकतंत्र की जड़ें हिलाने की ठान ली है। ये सीधा अपमान है संविधान का, न्यायपालिका का और देश के हर नागरिक का। सत्ता की सनक में अंधे हो चुके हैं –पर ये भारत है, यहां अदालतें बिकती नहीं, झुकती नहीं।

## केंद्रीय गृह सचिव 25 अप्रैल को आयेंगे झारखंड

**रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन 25 अप्रैल को झारखंड के दौरे पर आयेंगे। वे रांची में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान मादक पदार्थों के अवैध व्यापार को रोकने के लिये किये गये विशेष कार्य या पहल सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा करेंगे। गृह विभाग ने इसके लिए आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी हैं। बैठक में पुलिस मुख्यालय की तरफ से भी प्रजेंटेशन दिया जाना है।**

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** कोई भी निर्णय सोच-समझकर लें, व्यर्थ के वाद-विवाद से दूर रहें, कर्मक्षेत्र मंक उलझनों से राहत मिलेगी।
- **वृष** नौकरी या कार्यक्षेत्र में आपको कोई नई-नई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौंपी जायेगी।
- **मिथुन** मिथुन-धैर्य से आवश्यक कार्य पूरे होंगे,धन लाभ होगा। धार्मिक कार्य में रूचि बढ़ेगी।
- **कर्क** व्यस्तता अधिक रहेगी,बाहरी यात्रा का योग है, गृहस्थ जीवन में प्रसन्नता का माहौल रहेगा।
- **सिंह** वाद-विवाद लड़ाई-झगड़े से दूर रहें,वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं, दुर्घटना होने की आशंका।
- **कन्या** मन में वैचेनी रहेगी,अपने वाणी व गुस्से को नियंत्रित रखें। प्रयास व परिश्रम से सफलता मिलेगी।
- **तुला** घर में किसी नवीन वस्तु की खरीदारी सम्भव है।विवाह आदि उत्सवों की योजना बनेगी।
- **वृश्चिक** व्यवसाय में परेशानी एवं बाधा का सामना करना पड़ेगा,आर्थिक परेशानी होगी।
- **धनु** परिवार में कोई खुशी का अवसर आयेगा। रिश्तेदार व मित्रों से मेल-मिलाप होगा।
- **मकर** शुभ कार्य की ओर प्रवृति बढ़ेगी, नये-नये लोगों से जान-पहचान बनेगी। जो आगे चलकर लाभप्रद सिद्ध होगी।
- **कुंभ** कुंभ-लम्बे समय से चली आ रही चिन्ता समाप्त होगी। संतान आज्ञाकारी रहेगी।
- **मीन** किसी सामाजिक समारोह में जाने का अवसर मिलेगा, बिना पढ़े किसी कागज पर हस्ताक्षर न करें।

## नाबालिग के अपहरण के दो आरोपियों को 4 वर्ष सश्रम कारावास

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के जयनगर थाना कांड संख्या 46/22 सत्रवाद 80/22 में नाबालिग का अपहरण किये जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार चौधरी की अदालत ने शनिवार को दो आरोपियों को दोषी पाते हुए सजा सुनायी। इनमें सुनील सोनी उर्फ बड़का पिता वासुदेव सोनार, सोनार मोहल्ला, जयनगर एवं रहमतुल्ला पिता स्वर्गीय नूर इस्लाम, कोटियाघाट, अररिया को आईपीसी की धारा 366ए/ 34 के तहत दोषी पाते हुए 4 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 5 हजार जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 3 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इसे लेकर नाबालिग की मां ने जयनगर थाना में मामला दर्ज कराया था। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक शिव शंकर राम ने किया। इस दौरान सभी 8 गवाहों का परीक्षण कराया गया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

# जेइइ मेंस रिजल्ट में आदर्श + 2 उच्च विद्यालय ने किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन






आजाद सिपाही संवाददाता

**जयनगर।** प्रखंड के आदर्श + 2 उच्च विद्यालय मधवाटांड़ ने इस वर्ष जेईई मेंस परीक्षा में चौंकाने वाला प्रदर्शन किया है। विद्यालय ने एक बार फिर अपने क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इस वर्ष विद्यालय के विद्यार्थियों ने सर्वेश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए जिले में दूसरा स्थान हासिल किया जो कि अपने क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। ज्ञात हो कि आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय का विद्यार्थी श्रेयांश दुग्गड 99.37 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कोडरमा जिला में दूसरा स्थान हासिल किया। साथ ही अनीषा राज 99.24, आदित्य प्रसाद 98.97 और धीरज कुमार यादव 98.29 प्रतिशत रिजल्ट प्राप्त कर विद्यालय के अलावे अपने क्षेत्र और कोडरमा जिला को गौरवान्वित किया है। उक्त चार विद्यार्थी के अलावे विद्यालय के 14 विद्यार्थियों ने जेईई मेंस में ऐतिहासिक प्रदर्शन कर जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई कर लिया है। विद्यालय के इस शानदार सफलता पर प्राचार्य पुनीत यादव ने कहा कि इस वर्ष जेईई मेंस एग्जाम में विद्यार्थियों ने गजब का प्रदर्शन करते हुए कमाल कर दिया है। प्राचार्य ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह विद्यालय प्रत्येक वर्ष हरेक क्षेत्र में बेहतर रिजल्ट देकर अपने क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। बधाई देने वालों में केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ नीरा यादव, विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, उपाध्यक्ष निर्मला देवी, जयनगर मध्य जिला परिषद प्रतिनिधि देवनारायण यादव, मुखिया गणपत यादव, मुखिया रामेश्वर यादव, मुखिया इंद्रदेव यादव, मुखिया बिनोद दास, मुखिया प्रतिनिधि बलदेव यादव के अलावे विद्यालय के उप प्राचार्य अर्जुन चंद्र यादव, उप प्राचार्य रवींद्र कुमार रवि, विद्यालय के कॉर्डिनेटर महेंद्र कुमार राणा, विद्यालय के प्रशासक दीपक कुमार, वरिष्ठ शिक्षक महेन्द्र कुमार पांडेय, गोपाल कुमार यादव, नरेश सिंह, फूलंगी चन्द्र यादव, सनोज कुमार, मुकेश राणा, शमशेर आलम, बिट्टू कुमार, सीताराम यादव, शाहिद हुसैन, सुनील कुमार यादव, पंकज कुमार साव, नीलम प्रभा, रिंकी देवी, सुनिता कुमारी, जन्नत परवीन, केदार यादव, रंजीत यादव, संदीप तिवारी, शरीफ, रवि रंजन सभी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी शामिल हैं।

# पत्थर खदान में डूबे 10 वर्षीय बच्चे का शव 72 घंटे बाद बरामद

**एनडीआरएफ की टीम पहुंचते ही शव अपने आप बाहर आ गया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**दारू (हजारीबाग)।** दारू थाना क्षेत्र अंतर्गत कबलासी पंचायत के गाड़ीसाडम गांव में शुक्रवार को 10 वर्षीय बच्चे शक्ति कुमार की तालाब में डूबने से मौत हो गयी। इस घटना से पूरे गांव में मातम छा गया है। शक्ति कुमार, स्वर्गीय राजेश राणा का पुत्र था, जो 18 अप्रैल की शाम को अपने घर से लापता था। जब देर शाम तक वह वापस नहीं लौटा, तो उसकी परिवार वालों ने उसे खोजने का प्रयास किया। बताया गया कि शक्ति अपनी बड़ी बहन श्रद्धा के साथ तालाब की ओर गया था, जहां उसकी बहन कपड़े धो रही थी। उसी दौरान खेलते-खेलते उसका पैर फिसल गया और वह तालाब में डूबने लगा। यह देखकर उसकी बहन घबरा गयी और किसी को कुछ बताये बिना घर लौट आयी। पूरी रात परिजन और ग्रामीण शक्ति की तलाश करते रहे, लेकिन सफलता नहीं मिली। अगले दिन दारू थाना में परिवार वालों ने लिखित आवेदन देकर इसकी जानकारी दी तत्पश्चात थाना प्रभारी शफीक खान ने घटना स्थल पर पहुंचे। घटना के संदर्भ में अंचल अधिकारी राम बालक कुमार ने बताया कि जैसे ही मुझे इसकी सूचना मिली मैं उच्च अधिकारी को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद एनडीआरएफ को सूचित किया गया। बताया गया कि एनडीआरएफ की टीम गुमला में थी जिसके कारण आने में देर हुई। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले दो दिनों से लगातार मैं प्रशासन को सूचित कर रहा हूं लेकिन यहां देखने वाला कोई नहीं है। रविवार शाम को जैसे ही प्रशासन और एनडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची उससे पहले शव अपने आप पानी के ऊपर आ गया। इसके बाद ग्रामीणों ने शव को निकाल लिया। कागजी कार्रवाई को लेकर प्रशासन शव को अपने कब्जे में लिया तो ग्रामीणों के आक्रोश के कारण उन्हें वहां से वापस जाना पड़ा, उसके बाद दोबारा ग्रामीणों को समझाया बुझाया गया। तत्पश्चात पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेजा गया।

### सदर विधायक ने लगाया जनता दरबार, सुनीं समस्याएं

# जनता का विश्वास ही मेरी ताकत है : प्रदीप

आजाद सिपीह संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने रविवार सुबह अपने सेवा कार्यालय में जनता दरबार लगा लोगों की समस्याओं को सुना।

विधायक श्री प्रसाद ने लोगों की बाते सुनी और समाधान कर जनप्रतिनिधि सक्रियता का परिचय भी दिया। आवश्यकतानुसार संबंधित अधिकारियों को फोन पर निर्देशित किया तथा कुछ मामलों में व्यक्तिगत रूप से फॉलोअप करने का भरोसा भी दिया। इस दौरान कार्यालय में उपस्थित लोगों ने विधायक की कार्यशैली और समयबद्धता की सराहना की। विधायक ने कहा कि जनता ही जनप्रतिनिधि की असली शक्ति होती है। जब लोग अपनी समस्यायें लेकर आते हैं, तो उनका समाधान करना मेरा धर्म है। रविवार हो या कोई अन्य दिन, मेरा कार्यालय जनता के लिए हमेशा खुला है।



सदर विधायक जनता दरबार में लोगों की समस्याओं को सुनती हुई।

# कोर्रा चौक के समीप हेल्थ केयर एंड फिजियोथेरेपी सेंटर का हुआ उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** शहर के कोर्रा चौक के समीप जबरा रोड में हेल्थ केयर एंड फिजियोथेरेपी सेंटर का उदघाटन रविवार को हुआ। उद्घाटन जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता और क्षेत्रके समाजसेवी बटेश्वर प्रसाद मेहता ने फीता काट कर किया। इस दौरान जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता ने कहा कि हेल्थ केयर खुलने से लोगों को सहूलियत होगी। वहीं बटेश्वर प्रसाद मेहता ने क्लिनिक संचालक को बधाई देते हुए कहा कि आज हर चौक चौराहों पर ऐसे सेंटरों की जरूरत हो गयी है। क्लीनिक के संचालन डॉ प्रत्यूष मानस (फिजियोथैरेपिस्ट) बेंगलूर हैं। डॉ प्रत्यूष बहुत ही अनुभवी चिकित्सक हैं। पूर्व में हजारीबाग में अनेकों हड्डी रोग (फिजियोथेरेपी) मरीजों का चिकित्सा सफलतापूर्वक इनके द्वारा किया गया है। संचालक ने कहा कि सेंटर में फिजियोथेरेपी के द्वारा इलाज किया जायेगा। इस मौके पर शहर के कई लोग उपस्थित हुए।

## बड़कागांव में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस्टर संडे



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव के जेएमएस चर्च, पतरा, जोभिया, कोयलंग के चर्चों में गुड फ्राइडे के तीसरे दिन बाद ईस्टर संडे मनाया गया। जेएमएस चर्च में ईस्टर संडे के मौके पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता पास्टर नकुल महतो ने किया। मान्यता है कि गुड फ्राइडे के तीसरे दिन बाद प्रभु यीशु मसीह जी उठे थे, इसी की खुशी में ईस्टर संडे मनाया जाता है। मौके पर जीसस मिशनरी सोसायटी ऑफ कर्णपुरा के अध्यक्ष रविंद्र कुमार, सचिव नकुल महतो कोषाध्यक्ष विक्रम कुमार, बादल कुमार महतो, पूर्व अध्यक्ष ईश्वर दयाल महतो, पूर्व का कोषाध्यक्ष शिवकुमार, शिबू महतो, इंद्रनाथ महतो, महेंद्र महतो, दशरथ साव, युगेश्वर प्रजापति, युगेश्वर महतो, यशवंत कुमार, नीलम देवी, टुसू कोयरी आदि मौजूद थे।

## श्रीराम जानकी सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर हुआ ध्वजारोहण



इचाक (आजाद सिपाही)। श्री श्री 108 श्री राम जानकी सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ सफलता को लेकर प्रखंड के रतनपुर गांव में भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण किया गया। पांच दिवसीय महायज्ञ की शुरूआत पांच मई को जल यात्रा के साथ होना है। रविवार को पुरोहित विद्यापति पांडे ने यज्ञ की सफलता के लेकर विधिवत पूजा अर्चना के बाद ध्वजारोहण कर क्षेत्र के समृद्धि का कामना किया। पुजारी इंद्रदेव प्रसाद मेहता ने विधि विधान अनुसार सारे कार्य पूरा किया। शोभायात्रा में यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष सह पूर्व सरपंच कृष्णकांत मेहता, तिलक मेहता, धर्मनाथ प्रसाद मेहता, विनोद सिंह, संदीप प्रजापति, नकुल मेहता, राम लखन मेहता, उमाकांत मेहता, सूर्य नारायण प्रसाद मेहता, मनोज प्रसाद, भोला के अलावा सैकड़ो की संख्या में भक्त श्रद्धालु शामिल हुए।

## बेटियों की रक्षा करना हम सभी का नैतिक दायित्व : श्रेया

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा की ऑनलाइन बैठक रविवार को हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से मंडल वन सहायक मंत्री श्रेया केडिया जुड़ी। इस अवसर पर आगामी 25 से 28 अप्रैल को पूरे झारखंड राज्य में चार दिवसीय कन्या-भ्रूण संरक्षण अभियान को सफल बनाने और इसके तहत जागरूकता अभियान, शिक्षा के लिए कन्याओं को गोद लेकर शिक्षा का खर्च उठाने, नवजात शिशु के लिए किट वितरण करने तथा सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। उन्होंने मौके पर कहा कि बेटियों की रक्षा करना हम सब का नैतिक दायित्व है। बेटी नहीं तो बहू कहां से लाओगे और बेटी नहीं तो कलाई पर राखी किससे बंधावाओगे जैसे मुद्दों पर मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा, जागृति, समर्पण, सुरभि शाखाएं पूरे प्रदेश भर में इस कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए समय-समय पर अभियान चला रही है। बैठक को संबोधित करते हुए प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लड्ढा ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच की राष्ट्रीय और प्रांतीय इकाई के द्वारा कन्या भ्रूण संरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अलावा अमृतधारा, पर्यावरण संरक्षण, गौ सेवा व स्वास्थ्य सेवा जैसे कार्यक्रम चला रही है। सारिका लड्ढा ने आगे कहा कि सामाजिक सेवा के क्षेत्र में टीम भावना एवं सेवा और सहयोग की भावना से एक आधार स्तंभ बनाने में प्रेरणा शाखा जुटी है और समाज के सहयोग से कई कार्यक्रमों को धरातल पर उतरने का कार्यक्रम किया है। इस ऑनलाइन बैठक में उपाध्यक्ष शीतल पोद्दार एवं प्रगति चौधरी, सह सचिव प्रिया अग्रवाल, नेहा हिसारिया, नीतू अग्रवाल नीतू चौधरी, शालू चौधरी, सुनीता गुटगुटिया, दीपा गुप्ता, रिचा भोजानवाला, शीतल शर्मा आदि उपस्थित थे।

## हरहद में हो रहे यज्ञ स्थल पर पहुंचे जेएलकेएम सुप्रीमो



चरही (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के 12 गांव के हरहद में आयोजित श्री श्री 1008 रूद्र प्राण प्रतिष्ठा पांच दिवसीय महायज्ञ के तीसरे दिन शनिवार शाम को भव्य प्रवचन कथा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डुमरी विधायक जयराम महतो ने फीता काट कर प्रवचन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि के साथ लोगों की उन्नति होती प्रवचनकर्ताओं ने कहा कि सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही मनुष्य का कल्याण संभव है।

# पांडू में कोल वाहन से दब कर युवक की मौत

**मुआवजा और ओएसएल कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने की मांग को लेकर अड़े ग्रामीण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी।** एनटीपीसी की केरेडारी कोयला खनन परियोजना से कोयले की ट्रांसपोर्टिंग में लगी ओएसएल कम्पनी की हाइवा रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 02 इर 0113 ने पांडू गांव के पुल के समीप एक बाइक को चपेट में ले लिया, जिससे बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। युवक की पहचान विकास कुमार राम उम्र करीब 34 वर्ष के रूप में की गई है। उक्त घटना रविवार के दोपहर करीब दो बजे की है। इस घटना से मृतक की पत्नी कविता देवी और तीन बच्चों के भरण पोषण की समस्या उत्पन्न हो गयी है। मृतक विकास कुमार एनटीपीसी की केरेडारी कोल माइंस की एमडीओ बीजीआर में काम करता था। इस घटना से आक्रोशित स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया और खनन कार्य भी बंद करा दिया है। आक्रोशित ग्रामीण ओएसएल कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने व मृतक के परिजनों को उचित मुवाबजा व आश्रित को रोजगार देने की मांग पर अड़े हुए हैं। घटना की सुचना मिलने पर बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार, केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार व पगार ओपी प्रभारी बिक्की ठाकुर घटना स्थल पर पहुंचे व आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास किया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक बात नहीं बन पायी है। आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है कि कोल कंपनियों के आने से क्षेत्र में प्रदूषण, अपराध और सड़क दुर्घटना में बेतहाशा इजाफा हुआ है जिसका सीधा दुष्प्रभाव निर्दोष ग्रामीणों पर पड़ रहा है। वहीं प्रशासन द्वारा सीसीटीवी फुटेज निकाला जा रहा है।

## कोडरमा प्रो-कबड्डी लीग प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे खेल मंत्री



कोडरमा (आजाद सिपाही)। प्रो-कबड्डी लीग -क के उद्घाटन समारोह में झारखंड के खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने शामिल होने का आश्वासन दिया। उन्होंने अपनी और संघ के पदाधिकारियों को अपने व्यस्त कार्यक्रम के बाद भी कोडरमा आने को लेकर आश्वासन देते हुए कहा कि में पूरी कोशिश करूंगा कि कोडरमा में आयोजित प्रतियोगिता में अपनी उपस्थिति दर्ज करूं। कोडरमा जिला कबड्डी एसोसिएशन के पदाधिकारियों से मुलाकात के दौरान कहा कि कोडरमा जिला कबड्डी संघ के सभी पदाधिकारी धन्यवाद के पात्र हैं जिन्होंने कोडरमा के साथ साथ पूरे राज्य के बच्चों को कबड्डी में बेहतर मंच देने का काम किया। खेल मंत्री श्री सोनू ने अपनी और कोडरमा जिला कबड्डी एसोसिएशन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया। कोडरमा से मुलाकात करने गए कोडरमा जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष संदीप कुमार सिन्हा, सचिव धर्मेंद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष तौफिक हुसैन एवम संयुक्त सचिव विजय कुमार साहू शामिल थे। प्रतियोगिता का आयोजन 22 अप्रैल से 24 अप्रैल तक झुमरी तिलैया के सीएच स्कूल मैदान में दूधिया रोशनी में होना है।

## मरकच्चो में चला 'चलो गड्ढा खोदो' अभियान

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के तेलोडीह पंचायत में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत रविवार को गड्ढा खोदो अभियान का शुभारंभ बीडीओ हुलास महतो की उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर बीडीओ हुलास महतो ने कहा कि सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना को धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी हम सबों की है। उन्होंने यह भी कहा कि मरकच्चो प्रखंड में इस योजना के तहत 104 लाभुकों का चयन किया जा चुका है। इस योजना के तहत ग्रामीण स्तर पर आम बागवानी लगाकर जीवकोपार्जन का जरिया बनाया जा रहा है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो, सहायक अभियंता चितरंजन कुमार, कनीय अभियंता मंतोष कुमार, बीपीटी संजय राम, भागीरथ ठाकुर, लाभुक सीताराम समेत कई लाभुक उपस्थित थे।

# यज्ञ से गांवों का वातावरण शुद्ध होता है : डॉ नीरा यादव



आजाद सिपाही संवाददाता

**सतगावां।** प्रखंड के ग्राम पंचायत ईटाय गांव में चल रहे श्री श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में रविवार को कोडरमा विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव पहुंची। इस अवसर पर आयोजकों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। विधायक डॉ नीरा यादव ने यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यज्ञ से गाँवों का वातावरण शुद्ध होता है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और क्षेत्र का वातावरण भी आध्यात्मिक बनता है। उन्होंने यज्ञ के सफल आयोजन के लिए सभी ग्रामवासियों और आयोजकों को बधाई दी। ईटाय गांव में हो रहे इस यज्ञ में ग्रामीणों की सहभागिता और श्रद्धा देखते ही बन रही है। क्षेत्र में धार्मिक उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है और दूर-दराज से श्रद्धालु यज्ञ में भाग लेने पहुंच रहे हैं। यह आयोजन न सिर्फ धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि गांव के सामाजिक और सांस्कृतिक एकजुटता को भी दशार्ता है। मौके पर महायज्ञ समिति के अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद, सचिव सज्जन सिंह, यज्ञाचार्य विजय पाण्डेय, उपाध्यक्ष बबलू सिंह, कोषाध्यक्ष सचिन सिंह, राजू कुमार, गणेश प्रसाद, कृष्णा पंडित, सुजीत कुमार, शशिभूषण सिंह, शिवराज सिंह, अंकितराज सिंह, राहुल सिंह, रणवीर सिंह, करण, शानू, गूगल सिंह और सुभम मौजूद रहे।

## विधायक ने 27 लाख की योजनाओं का किया शिलान्यास



सतगावां (आजाद सिपाही)। रविवार को पूर्व शिक्षा मंत्री सह कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने लगभग 27 लाख रुपये की योजनाओं की आधारशिला रखी। प्रखंड के महथाखैरा गांव में लघु सिंचाई विभाग की ओर से स्वीकृत तालाब निर्माण लगभग 27.81 लाख की लागत से होगा। विधायक ने कहा कि जनता के हर सुख-दुख का उन्हें ख्याल रहता है। चुनाव से पूर्व यहां के किसानों से वे मिले थे। किसानों ने अपनी समस्या उन तक पहुंचायी थी। इसी को ध्यान में रखते हुए ही इस तालाब निर्माण की स्वीकृति दिलायी गयी। तालाब बन जाने से करीब 100 एकड़ जमीन के लिए सिंचाई की सुविधा होगी। किसानों को काफी फायदा मिलेगा। तालाब के बनने से आसपास के जगहों में भू-जल स्तर में वृद्धि होगी। अधिक भूमि सिंचित हो सकती है.किसानों की आय में भी वृद्धि हो होगी। वे अधिक फसलों को उगा सकते हैं। सालों भर खेती करेंगे, खासकर हमें गर्मी के मौसम में पानी की कमी से जूझना नहीं पड़ेगा। मौके पर जिप सदस्य नीतू कुमारी, पूर्व प्रमुख राजकुमार यादव, मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह, विधायक प्रतिनिधि धनंजय यादव, रंजीत सिंह, शैलेन्द्र यादव, परमेश्वर यादव, मनोज भगत, वीरेन्द्र कराटे, यदुनंदन यादव, नुनेश्वर यादव, तपेश्वर यादव, पवन यादव, वीरेंद्र यादव, नरेश यादव, चंद्रिका प्रसाद यादव आदि मौजूद थे।

## पहलवान आश्रम भखरा में प्रतिमा का अनावरण



सतगावां (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पहलवान आश्रम भखरा में रविवार को प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सह कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव मुख्य रूप से उपस्थित थीं। आश्रम पहुंच डॉ नीरा यादव ने पहलवान आश्रम भखरा के भूमि दाता के अभिभावक स्व बैजनाथ पासवान उर्फ पहलवान बाबा की प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य नीतू कुमारी, रविंद्र शांडिल्य, प्रमुख प्रतिनिधि रामावतार चौधरी, उप प्रमुख मनोज कुमार, मुखिया सुशीला देवी, अनीता देवी उपस्थित थे। विधायक डॉ नीरा यादव ने संस्था को भूमि दान करने वाले सात भाइयों को बधाई देते हुए कहा कि आज इस भूमि दान करने वाले दाता के चलते एक संस्था खड़ा हुई है जो गरीब परिवारों को पढ़ा लिखा कर नौकरी तक पहुंचा रही है, उन्होंने कहा है कि संस्था विक्षिप्त लोगों जो घर से भटक चुके हैं ऐसे लोगों को यह संस्था ने अपने गोद में लेकर पढ़ाई लिखाई कर आगे बढ़ाया है।

## मतौनी में गैस सिलेंडर से लगी आग

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जयनगर थाना क्षेत्र के मतौनी निवासी सुदेश यादव के घर के किचन में रखे गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गयी। सुदेश यादव ने बताया कि रविवार दिन 11 बजे हमारे किचन में रखे गैस सिलेंडर में आग लग गयी। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना अग्निशमन दस्ता को दिया, पर इसके आने से पहले ही ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया था। इस दौरान उनके किचन में रखे सामग्री कुछ कंबल मिलकर 10 हजार का नुकसान हुआ है।

## बाइक को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, एक घायल

कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा थाना क्षेत्र के जलवाबाद के समीप रविवार की शाम बाइक को एक ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिसके बाद बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें बेकोबार निवासी सूरज साव (उम्र 24 वर्ष) घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार बाइक सवार नवलशाही से कोडरमा की तरफ आ रहे थे। इस दुर्घटना के दौरान सड़क किनारे एक बक्सा दुकान में बाइक की टक्कर होने से बक्सा की दुकान को भी नुकसान पहुंचा है। घायल को कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

## जैन साध्वियों का रामगढ़ में प्रवेश आज



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** परम पूज्य आचार्य गुरुदेव 108 समय सागर जी की परम प्रभावक शिष्या आर्यिका 105 श्री गुरु मति माताजी एवं पूज्य आर्यिका 105 श्री दृढ़मति माताजी ससंघ (42 पिच्छी) का सोमवार को रामगढ़ में प्रवास होगा। आर्यिका का ससंघ डूंगर गढ़ से बिहार करते हुए रामगढ़ प्रवास होते हुए मधुबन पारसनाथ की ओर जायेगी। उक्त जानकारी जैन समाज के सचिव योगेश सेठी और मीडिया प्रभारी श्रवण जैन रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया।

## दो युवतियों ने युवक पर अश्लील हरकत करने का लगाया आरोप, शिकायत दर्ज

**मांडू से रामगढ़ तक आर-15 बाइक पर सवार युवक ने लड़कियों का किया पीछा, धक्का मार भागा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** आज हमारा समाज महिला सशक्तिकरण पर ना सिर्फ जोर दे रहा है, बल्कि महिलाएं समाज के विकास में बढ़-चढ़कर हिस्सा भी ले रही हैं। ऐसे परिवेश में कुछ मंचलों के द्वारा ऐसी शर्मनाक हरकतें की जा रही है, जो बर्दाश्त नहीं की जा सकती। रामगढ़ के एनएच 33 पर स्कूटी पर सवार दो युवतियों के साथ आर-15 बाइक पर सवार एक युवक ने अश्लील हरकत करते हुए छेड़खानी की। युवक ने जिस तरीके की अभद्र हरकतें दोनों युवतियों के साथ की उससे उनकी जान भी जा सकती थी। हाईवे पर ही युवतियों की स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त हुई। संयोग ऐसा था कि उस वक्त पीछे से कोई भारी वाहन नहीं आ रहा था।



आरोपी युवक।

**यु-ट्यूबर लड़कियों का मांडू से हो रहा था पीछा**

कुजू ओपी क्षेत्र के रतवे कर्मा निवासी राधा महतो अपनी सहेली बीआइटी मेसरा, रांची निवासी अंजली महतो के साथ यूट्यूब वीडियो शूट के लिए लोकेशन देखने निकली थी। शनिवार को वे लोग हजारीबाग तक गए थे। लौटने के क्रम में मांडू से ही बाइक सवार एक युवक ने उसका पीछा करना शुरू किया। रामगढ़ थाना क्षेत्र के कोठार ओवर ब्रिज तक युवक ने अपनी बाइक से पीछा करते पहुंचा। इस दौरान वे लड़कियों के साथ अश्लील हरकतें किया। साथ ही अश्लील टिप्पणियां भी किया। इस दौरान लड़कियों ने उक्त युवक का वीडियो भी बना लिया। कोठार ओवर ब्रिज पर उन लोगों ने लड़कियों के साथ अभद्र व्यवहार किया और छेड़खानी की। जिससे उनका स्कूटी असंतुलित हुआ और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में दोनों लड़कियों को चोटे भी आयी।

**रामगढ़ थाने में दोनों लड़कियों ने दर्ज करायी शिकायत**

इस मामले में पीड़ित राधा महतो और अंजली महतो ने रामगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। लड़कियों के शिकायत के बाद रामगढ़ पुलिस भी हरकत में आई। पुलिस ने उस बाइक सवार की पहचान करनी शुरू कर दी है। एनएच 33 पर विभिन्न स्थानों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाला जा रहा है। यहां तक कि लाइन होटल में लगाए हुए सीसीटीवी कैमरे को भी पुलिस देख रही है।

## जमीन विवाद में पोते ने दादा को पीटा, फिर गाड़ी चढ़ाकर ले ली जान

**मारपीट में दोनों पक्ष से पांच लोग गंभीर रूप से घायल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कटकमसांडी/ हजारीबाग।** जमीन विवाद को लेकर हुए खूनी संघर्ष में सेवा महतो नामक एक वृद्ध की बेरहमी से हत्या कर दी गयी। पोते ने पहले मारपीट कर दादा सेवा महतो को अधमरा किया फिर पिकअप चढ़ाकर जान ले ली। मामला शनिवार की शाम करीब सात बजे कटकमसांडी थाना क्षेत्र के होरिया गांव का है। इस मारपीट में दोनों पक्ष के पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। घायलों में परमेश्वर प्रसाद मेहता, विमली देवी, प्रमोद प्रसाद मेहता, लालजी प्रसाद मेहता, मनोज प्रसाद मेहता व परमेश्वर प्रसाद की पत्नी का नाम बताया गया है, जिन्हें शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग में भर्ती कर इलाज कराया गया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कटकमसांडी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रविवार को पोस्टमार्टम हेतु हजारीबाग भेज दिया है। घटना की बाबत बताया गया कि मृतक सेवा महतो के तीन पुत्रों, क्रमशः विजय प्रसाद मेहता, मनोज प्रसाद मेहता और परमेश्वर प्रसाद मेहता में एक पुत्र विजय प्रसाद मेहता की मौत पूर्व में ही कुआं में काम करने के दौरान मिट्टी धंसने से हो गयी थी। विजय प्रसाद के दो पुत्र प्रमोद प्रसाद मेहता और राजेश प्रसाद मेहता हैं। मनोज प्रसाद मेहता के पुत्रों में सुधीर प्रसाद मेहता और लालजी प्रसाद मेहता है। शनिवार के शाम को भाइयों और भतीजों में जमीनी बंटवारे मामले को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते गांव रणभूमि में बदल गया।

## श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में शामिल हुए राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य, सांसद और विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के मरार में चल रहे 7 दिवसीय श्री श्री 1008 पंच कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के पांचवे दिन शनिवार को कई धार्मिक अनुष्ठान किये गये। यज्ञ आचार्य मुख्य यजमान योधन प्रसाद सपत्नीक सविता देवी के अलावा श्रवण प्रसाद सपत्नीक, शिव प्रसाद सपत्नीक, राजेश्वर प्रसाद सपत्नीक, प्रेम सागर प्रसाद सपत्नीक, बिनोद प्रसाद सपत्नीक, शिव शंकर प्रसाद सपत्नीक के हाथों पूर्ववत पूजन, महाआरती, पुष्पांजलि आदि धार्मिक अनुष्ठान करवाया। इस धार्मिक अनुष्ठान में राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता मंडल, विधायक ममता देवी, डुमरी विधायक जयराम महतो शामिल होकर यज्ञ स्थल पर माथा टेकर आशीर्वाद लिए। वहीं रविवार को गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी भी शामिल हुए। मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता मंडल ने कहा कि इस तरह के यज्ञ से क्षेत्र में खुशहाली आती है।



**पूर्ववत पूजन, महाआरती, पुष्पांजलि की हुई पूजा अर्चना**

श्री श्री 1008 श्री पंच कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 15 अप्रैल को जलयात्रा के साथ आरंभ हुआ। शनिवार को पूर्ववत पूजन, महाआरती, पुष्पांजलि, प्रसाद वितरण किया गया। वही, रविवार को पूर्ववत पूजन, महाआरती, पुष्पांजलि, प्रसाद वितरण हुआ। सोमवार को 21 वेदी पूजन, हवन, पूर्णाहूति, महाआरती, महाप्रसाद का वितरण के साथ समापन किया जायेगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष अजय साहू, महासचिव बीरबल कुमार, महासचिव पवन कुमार, कोषाध्यक्ष लोचन साहू, संरक्षक खोगेंद्र साहू, नमेश प्रसाद, गणेश प्रसाद, मुरली प्रसाद, दिगंबर प्रसाद साहू, उमेश प्रसाद, देवेंद्र प्रसाद, उपाध्यक्ष चंदन प्रतीक, अभिषेक साहू, शुभम प्रसाद, सचिव मनोज कुमार, सह सचिव केदार प्रसाद, कुलदीप साहू, मुकेश प्रसाद, सह कोषाध्यक्ष रिषु कुमार आदि का योगदान रहा।

## श्री राम यज्ञ सह हनुमत की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**पतरातू।** पतरातू प्रखंड अंतर्गत जयनगर गांव में चल रहे पांच दिवसीय श्री राम यज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा के चौथे दिन रविवार को कई अनुष्ठान संपन्न हुए। सुबह में यज्ञाचार्य सत्येंद्र पाठक, आचार्य दिवाकर मिश्रा, आचार्य पुरुषोत्तम भारद्वाज, आचार्य सुरेंद्र पाठक और आचार्य मानस कुमार मिश्रा ने विधि विधान से वेदी पूजन, विविध अधिवास और महास्नान आदि अनुष्ठान संपन्न कराया। इसके बाद फूलों से सजे वाहन पर हनुमान जी की प्रतिमा को गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया गया। यज्ञ मंडप परिसर से शुरू हुई नगर भ्रमण जयनगर कुम्हार टोली, ठाकुर टोली, ऊपर टोला होते हुए यज्ञ मंडप परिसर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में शामिल हजारों भक्तों के जय श्री राम, जय हनुमान आदि देवी देवताओं के जयकारे से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इस अवसर पर भक्ति गीतों पर महिला और पुरुष उत्साह के साथ झूमते भी दिखे। नगर भ्रमण के बाद वैदिक मंत्रों के माध्यम से आरती एवं शय्या अधिवास कराया गया। संध्या में आरती के बाद महा भंडारे का प्रसाद वितरित की गयी। चौथे दिन भी महिला पुरुष श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा करते रहे। इस मौके पर बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी मुखिया हीरा देवी सहित कमेटी के सदस्य आदि शामिल थे।



## महिला काव्य मंच के अध्यक्ष डॉ संध्या का मॉडल कॉलेज में स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** अतंरराष्ट्रीय महिला काव्य मंच की अध्यक्ष डॉ संध्या रानी का चतरा मॉडल कॉलेज में स्वागत किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनीष दयाल ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। डॉ संध्या रानी वर्तमान में उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय मरमदीरी में शिक्षिका के पद पर कार्यरत है। इन्होंनें तीन विषयों (दर्शनशास्त्र, हिन्दी तथा शिक्षाशास्त्र) में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की हैं। इनके द्वारा कई पुस्तकों की रचना की गयी है। जिसमें सृजन धारा, कोरोना एक आपबीती, अभिव्यक्ति, अभिव्यंजना तथा अतरंग प्रमुख हैं। इन्होनें कई पत्रिकाओं में लेखन व संपादन का कार्य भी किया है। साथ ही विभिन्न राष्ट्रीय एवं अतंर्राष्ट्रीय मंचो पर काव्य पाठ भी किया हैं। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए इन्होनें हिन्दी विषय और हिन्दी साहित्य से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं को विस्तार से समझाया। उन्होंने महाविद्यालय के समग्र विकास के लिए महाविद्यालय पत्रिका प्रकाशित करने का सुझाव भी दिया। उन्होंने अपनी पुस्तक सृजन धारा की एक प्रति प्राचार्य डॉ मनीष दयाल को भेंट स्वरूप प्रदान किया। प्राचार्य ने पुस्तक के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही इनके सुझाव पर जल्द ही कार्य प्रारंभ करने का आश्वासन दिया। मौके पर छात्र-छात्राओं के साथ-साथ प्रो राजदेव गुप्ता, प्रो सुखदेव राणा, प्रो पूजा कुमारी, प्रो विकास चतुर्वेदी, प्रो मंदीप राणा, शशि मितल के अलावा महाविद्यालय के सभी शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित थे।



## राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों के बीच भोजन का किया वितरण




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों के बीच भोजन का वितरण किया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह और सदस्यों द्वारा लगभग 150 गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरूष और बच्चों के बीच पुरी-सब्जी का वितरण किया गया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया कि जन सहयोग के माध्यम से पिछले 9 वर्षो से मंच द्वारा गरीबो को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, उदयभान डूबे, सूरज शर्मा, बारीक अंसारी, रामशरण गिरी, मुस्कान परवीन, लखन राम, मो. शाहिद सहित कई लोगों का विशेष योगदान रहा।

## क्रिकेट मैच में बीसीए ए टीम ने बीसीए बी को 80 रनों से हराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** बिरसा क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में रविवार को बाबाघाट मैदान में बीसीए ए और बीसीए बी के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। जिसमें बीसीए ए के कप्तान आयुष कुमार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम के खिलाड़ी 25 ओवर में 8 विकेट खोकर 215 रनों का स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए आयुष ने सर्वाधिक 40 गेंदों पर 54 रन बनायें। सौरभ ने 24 गेंद पर 53 रनों की पारी खेली। गेंदबाजी करते हुए बीसीए बी की ओर से शुभम ने दो, शादाब ने दो और कृष ने दो विकेट लिया। जबाबी पारी खेलने उतरी बीसीए बी की टीम 16.5 ओवर में सभी विकेट खो कर मात्र 135 रन ही बना पायी। टीम की ओर से सर्वाधिक रन शुभम ने 20 बॉल में 41 रन बनाए। शादाब ने 14 बॉल में 25 रन, वासिफ ने 19 गेंद में 26 रनों का योगदान दिया। इस तरह बीसीए ए ने बीसीए बी को 80 रनों से हराया। मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सौरभ को मैन ऑफ द मैच चुना गया। विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को संचालक मिथिलेश उर्फ बड़े, पत्रकार नौशाद आलम, संतोष दांगी, चंदन यादव, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सरोज सिंहा ने मेडल देकर सम्मानित किया।



## खड़िया विकास समिति की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** खड़िया विकास समिति गुमला के तत्वाधान में रविवार की अपराह्न 4 बजे खड़िया हॉस्टल शांति नगर गुमला में अति आवश्यक बैठक किया गया। बैठक का मुख्य मुद्दा झारखंड सरकार ने कैबिनेट में +2 इंटर विद्यालय के लिए सभी जनजाति भाषा के शिक्षक पद सृजन कर कैबिनेट बैठक में पास कर दिया है। लेकिन खड़िया भाषा के पद को शून्य कर दिया गया है। खड़िया भाषा को झारखंड के दूसरी राज्य भाषा में शामिल किया है। बैठक का संचालन मांगरा खड़िया ने किया। राजेश खड़िया ने कहा कि भाषा को बचाना होगा। +2 विद्यालय में खड़िया विषय का पद शून्य कर देना समाज के बहुत बुरा दिन है। अखिल भारतीय खड़िया महाडोकलो के महासोहोर कुलकांत केरकेट्टा ने कहा कि अगर खड़िया भाषा को इंटर +2 का पद सृजन नही करता है तो गुमला और सिमडेगा जिला में चक्का जाम किया जायेगा। डॉ चंद्र किशोर केरकेट्टा ने कहा कि किसी भी समाज की पहचान उसकी भाषा होती है। खड़िया भाषा को समाप्त करने की साजिश किया जा रहा है। खड़िया भाषा की पढ़ाई भी इंटर में होना चाहिए। इससे खड़िया भाषा साहित्य का विकास होगा।

## वुशू प्रतियोगिता में 55 अंकों के साथ रजरप्पा वुशू एकेडमी रही चैंपियन

**पढ़ाई के साथ साथ शारीरिक विकास के लिए खेलकूद जीवन का अभिन्न अंग है : साहिल अनवर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** जिला स्तरीय वुशू प्रतियोगिता का आयोजन चितरपुर महाविद्यालय चितरपुर परिसर में रामगढ़ जिला वुशू एसोसिएशन के तत्वाधान में संपन्न हुआ।

प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि स्नातक चितरपुर महाविद्यालय के भावी सचिव साहिल अनवर, विशिष्ट अतिथि प्राचार्य डॉ संज्ञा, एपेक्स स्कूल के डायरेक्टर भागीरथ महतो श्री राम पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल उपेंद्र कुमार महतो के अलावे रामगढ़ जिला वुशू एसोसिएशन के सचिव सह राष्ट्रीय जज गौरीशंकर महतो सह सचिव तपेश्वर महली, महाविद्यालय के व्याख्याता गण के साथ एपेक्स स्कूल के खेल प्रभारी आनंद तिग्गा एवं एसएस डीएवी स्कूल लारी के खेल प्रभारी मनीता कुमारी उपस्थित रहे। खेल खुद प्रतियोगिता मंच का संचालन महाविद्यालय के व्याख्याता प्रो निरंजन महतो के द्वारा किया गया। इस खेलकूद प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि साहिल अनवर ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ खिलाड़ियों के अंदर अनुशासन के भावना जागृत होता है, भविष्य में खिलाड़ियों को आगे लगन और मेहनत से आगे बढ़ाने के लिए हम हमेशा तत्पर रहेंगे। साथ ही साथ अतिथियों ने कहा कि भविष्य में इससे बड़ी प्रतियोगिता को और बेहतर बनाने के लिए खिलाड़ियों को हमेशा मदद करने का काम करता रहूंगा, उज्जवल भविष्य की कामना किया।



प्रतियोगिता में पूरे जिले से 100 से ज्यादा वुशू खिलाड़ियों ने भाग लेकर ओवरऑल चैंपियन 55 अंको के साथ रजरप्पा वुशू एकेडमी, दूसरे स्थान पर 39 अंकों के साथ श्री राम पब्लिक स्कूल रजरप्पा मोड और तीसरे स्थान पर 30 अंको के साथ एसएस डीएवी स्कूल लारी रही।

## चतरा में श्रद्धा और भक्तिभाव से मनाया गया इस्टर

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** इसाई धर्मावलंबियों द्वारा शुक्रवार गुड फ्राइडे के तीसरे दिन रविवार को ईस्टर का त्योहार पूरी श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। चतरा का मुख्य गिरजाघर मदर तरेसा चर्च में मध्यरात्रि पास्का जागरण की धर्मविधि अर्पित की गयी। पास्का जागरण फादर नरबो कुजूर और तिलोस्फर बाड़ा ने अन्य पुरोहितों के साथ मिस्सा बलिदान अर्पित किया। चर्च में पास्का जागरण के वक्त मोमबत्तियां जलायी जाती हैं। साथ ही बपतिस्मा के वक्त किया जाने वाला करार दोहराया जाता है। पास्का जागरण की धर्मविधि प्रारंभ होने से पूर्व सभी लाइटें बुझा दी जाती है और मोमबत्ती की आशीष के बाद उपस्थित सभी लोग अपनी अपनी मोमबत्ती पास्का मोमबत्ती की लौ से ही जलाते हैं। उसके बाद ही सभी तरह की बत्तियां और लाइटें जलायी जाती है। चूंकि इसाई धर्मावलंबियों की मान्यता है कि येसु मसीह गुड फ्राइडे के तीसरे दिन जी उठे। यसु का जी उठना अंधकार पर प्रकाश की जीत माना जाता है अर्थात पास्का जागरण ही खीस्त की ज्योति का प्रतीक बन गया। ईसा मसीह के पुनरुथान द्वारा मनुष्यजाति को आदि पाप के बंधन से मुक्ति मिल गयी। ईसा मसीह के जीवित होने का प्रमाण बाइबिल में उद्धृत है और येसु के कब्र पर उनके पार्थिव शरीर में लपेटी गई पट्टियां कब्र में ही अच्छी तरह तह करके रखी गयी थीं और कब्र के सिरहाने दो स्वर्गदूत बैठे हुए थे। येसु के जी उठने की भविष्यवाणी धर्मग्रंथ में की गयी थी। संत लूकस के सुसमाचार के अध्याय 24 के 45, 46 में लिखा गया है तब उन्होंने उनके मन का अंधकार दूर करते हुए उन्हें धर्मग्रंथ का मर्म समझाया और उनसे कहा कि ऐसा ही लिखा है कि मसीह दुख भोगेंगे, तीसरे दिन मृतकों में से जी उठेंगे। ईस्टर अर्थात पास्का सभी ईसाई समुदायों के लिए नवजीवन का संदेश देता है अर्थात येसु मसीह अपनी मृत्यु और जी उठने के द्वारा पुनरुथान और नवजीवन को स्थापित करते हैं। ईस्टर या पास्का पर्व अंधकार पर प्रकाश की जीत का प्रतीक है अर्थात ज्योति का उदय हुआ है।



# हुनर की रोशनी

कुछ कहानियां सिर्फ कहानियां नहीं, बल्कि बदलाव की एक चिंगारी होती हैं, जो सोच और व्यवस्था दोनों को झकझोर देती हैं। ऐसी ही एक कहानी राजस्थान के भरतपुर जेल की कैदी कमला की है। कम पढ़ी-लिखी कमला को जेल में जब ब्यूटी-वैलनैस की ट्रेनिंग मिली तो न सिर्फ उसने आत्मसम्मान की नयी परिभाषा गढ़ी, बल्कि जेल में रहते हुए सौंदर्य सेवाओं में दक्षता भी हासिल की। आज वह न केवल अन्य महिला कैदियों को ट्रेनिंग दे रही है, बल्कि जेल में ब्यूटी पार्लर सेवा की एक नयी पहल की मिसाल भी बनी है। तमिलनाडु के जेल विभाग के डीजीपी महेश्वर दयाल ने जून, 2024 में चेन्नई की महिला जेल में कबाड़ से भरे एक स्टोर को सुसज्जित ब्यूटीशियन ट्रेनिंग सेंटर एवं पार्लर में बदलने का निर्णय लिया। कहने को पहले से ही इस स्टोर में एक कंघी, पुराना ट्रिमर और पानी का स्प्रे रखा था, लेकिन आज यही स्टोर एक सैलून जैसी तमाम सुविधाओं से सुसज्जित है, जहां महिला कैदियों को ये सेवाएं मुफ्त मिलती हैं। दयाल ने इस पहल की शुरुआत उस दिन की जब एक 34 वर्षीय महिला कैदी ने उनसे शिकायत की कि वह अपने बाल रंगवाना चाहती है, लेकिन ऐसा न हो पाने की वजह से वह 60 की दिखती है। पहले जब डीजीपी दयाल जेल का निरीक्षण करते तो महिलाएं अपनी नाराजगी थाली बजा कर जताती थीं। अब वही महिलाएं आत्मविश्वास से भरी व सजी-संवरी नजर आती हैं, मानो ब्यूटी पार्लर से निकलकर आयी हों। इस पहल ने उनमें आत्मनिर्भरता का संचार किया। हुनर सीख कर जेल से बाहर निकलने के बाद कई महिला कैदी ब्यूटीशियन का काम करके 5000 से 7000 रुपये महीना तक कमा रही हैं। इस बदलाव ने न केवल उनके आत्मविश्वास को जगाया है, बल्कि उनके व्यवहार एवं मानसिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक असर डाला है। ये घटनाएं एक ऐसी बड़ी तस्वीर की ओर इशारा करती हैं कि जहां जेल को सजा भर नहीं, बल्कि सुधार व सशक्तिकरण का केंद्र बनाया जा सकता है। भारत की जेलों में लगभग 23,000 से अधिक महिला कैदी हैं। इनमें करीब 70 प्रतिशत विचाराधीन कैदी हैं यानी जिनका अपराध अभी साबित नहीं हुआ है। अधिकतर महिलाएं सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों से आती हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) के 2023 के आंकड़ों के अनुसार, महिला कैदियों की संख्या में हर साल वृद्धि हो रही है। इनमें से अधिकांश महिलाएं घरेलू हिंसा, दहेज या आत्मरक्षा की परिस्थितियों में अपराध की दोषी ठहरायी जाती हैं, लेकिन जेलों में उनके लिए न तो पर्याप्त सुविधाएं हैं, न ही पुनर्वास के लिए स्पष्ट नीतियां। शिक्षा का अभाव, परिवार से टूटा संबंध और आर्थिक आश्रय न होने के हालात उन्हें जेल से बाहर आने के बाद दोबारा अपराध की ओर धकेल सकते हैं, ऐसे में उन्हें हुनर के जरिए आत्मनिर्भर जीवन जीने का अवसर मिल सकता है।

**हुनर सीख कर जेल से बाहर निकलने के बाद कई महिला कैदी ब्यूटीशियन का काम करके 5000 से 7000 रुपये महीना तक कमा रही हैं। इस बदलाव ने न केवल उनके आत्मविश्वास को जगाया है, बल्कि उनके व्यवहार एवं मानसिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक असर डाला है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**आज, मुद्रा लोन दुनिया के लिए एक वायरल वित्तीय रेखा बन गयी है और इससे जीवनयापन को महत्व और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिल रहा है। एक दशक पूरा होने पर, इसका प्रभाव भारत भर में अर्ध-शहरी, ग्रामीण और पिछड़े इलाकों की अर्थव्यवस्थाओं के परिवर्तन में स्पष्ट है। अपनी शुरुआत से ही पीएमएमवाइ योजना ने 51 करोड़ खातों में 32 ट्रिलियन के ऋण की सुविधा प्रदान की है, जिससे हाशिए पर पड़े समुदायों को काफी लाभ हुआ है।**

# मुद्रा ऋण की परिवर्तनकारी भूमिका

**अशोक चंद्रा**

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएस एमइज) के विस्तार के साथ आर्थिक प्रगति हुई है। यह क्षेत्र न केवल हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, बल्कि रोजगार सृजन और गांव में नवाचार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस क्षमता को पहचानते हुए भारत सरकार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवाइ) शुरू की है, जिसे मुद्रा ऋण के रूप में जाना जाता है।

आज, मुद्रा लोन दुनिया के लिए एक वायरल वित्तीय रेखा बन गयी है और इससे जीवनयापन को महत्व और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिल रहा है। एक दशक पूरा होने पर, इसका प्रभाव भारत भर में अर्ध-शहरी, ग्रामीण और पिछड़े इलाकों की अर्थव्यवस्थाओं के परिवर्तन में स्पष्ट है। अपनी शुरुआत से ही पीएमएमवाइ योजना ने 51 करोड़ खातों में 32 ट्रिलियन के ऋण की सुविधा प्रदान की है, जिससे हाशिए पर पड़े समुदायों को काफी लाभ हुआ है। उल्लेखनीय रूप से इनमें से लगभग 50 प्रतिशत ऋण एससी/ एसटी/ ओबीसी उधारकर्ताओं द्वारा लिये गये हैं, जबकि 68 प्रतिशत ने महिला उद्यमियों को सशक्त बनाया है, जिससे वित्तीय समावेशन में इसकी भूमिका मजबूत हुई है।

**मुद्रा योजना के शुभारंभ के बाद से पीएनबी ने 64.5 लाख से अधिक ऋण खातों में 1.35 ट्रिलियन को मंजूरी दी है।**

**आजीविका को सशक्त बनाना :** मुद्रा ऋण योजना की संकल्पना तीन श्रेणियों शिशु (50,000 तक के ऋण), किशोर (2,50,000 से 5 लाख तक के ऋण) और तरुण (5 लाख से 10 लाख तक) को साकार करना है। सफल एमएसइज की उभरती जरूरतों को पहचानते हुए, सरकार ने अक्टूबर 2024 में एक नयी श्रेणी-तरुण मुद्रा शुरू की, जिससे मुद्रा ऋण की सीमा 20 लाख हो गयी। यह संरचित दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि विभिन्न विकास चरणों में व्यवसायों को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप आवश्यक वित्तीय सहायता प्राप्त हो। कई छोटे व्यवसाय मालिकों, स्ट्रीट वैंडर्स, कारीगरों और ग्रामीण उद्यमियों के लिए औपचारिक ऋण तक पहुंच एक चुनौती थी। मुद्रा ऋणों ने बैंकिंग अंतराल को पाटने और नये विकास के अवसरों को खोल कर, छोटे उद्यमियों और स्वरोजगार करने वालों, जैसे कि करियाना स्टोर मालिकों, कारीगरों और टियर-2 शहरों में तकनीकी स्टार्टअप को सशक्त बनाया है। मुद्रा योजना के शुभारंभ के बाद से पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने 64.5 लाख से अधिक ऋण खातों में 1.35 ट्रिलियन को मंजूरी दी है, जो इसकी पुष्टि करता है।



**मुद्रा लाभार्थियों में से लगभग 68 प्रतिशत महिलाएं हैं, जो इस योजना की भूमिका को बढ़ावा देने में प्रमाणित करती है। उदाहरण के लिए, हरियाणा की शीला देवी, जो पहले घर पर ही एक छोटे से सैटअप तक सीमित थीं, ने पीएनबी से शिशु मुद्रा ऋण की मदद से अपनी फर्नीचर की दुकान का विस्तार किया है और अब 5 अन्य महिलाओं को रोजगार दे रही हैं, जिससे उनके समुदाय में रोजगार और आत्मनिर्भरता का प्रभाव पैदा हो रहा है।**

**महिला उद्यमिता का विकास करना :** मुद्रा लोन के वितरण में एक उल्लेखनीय प्रवृत्ति यह देखी गयी है कि महिला उद्यमियों की भागीदारी बढ़ रही है। मुद्रा लाभार्थियों में से लगभग 68 प्रतिशत महिलाएं हैं, जो इस योजना की भूमिका को बढ़ावा देने में प्रमाणित करती है। उदाहरण के लिए हरियाणा की शीला देवी, जो पहले घर पर ही एक छोटे से सैटअप तक सीमित थीं, ने पीएनबी से शिशु मुद्रा ऋण की मदद से अपनी फर्नीचर की दुकान का विस्तार किया है और अब 5 अन्य महिलाओं को रोजगार दे रही हैं, जिससे उनके समुदाय में रोजगार और आत्मनिर्भरता का प्रभाव पैदा हो रहा है। विनिर्माण, खुदरा, सेवा और कृषि से जुड़ी गतिविधियों जैसे क्षेत्रों में देश भर में इसी तरह की सफलता की कहानियां देखी जा सकती हैं।

**निर्बाध डिजिटल ऋण :** वित्तीय समावेशन में पीएनबी का बढ़ता योगदान सरलीकृत ऋण प्रक्रियाओं और अभिनव डिजिटल समाधानों द्वारा संचालित है। 2023 की शुरुआत में शुरू की गयी पीएनबी-मुद्रा योजना, एक संपूर्ण डिजिटल यात्रा प्रदान करती है, जिससे ग्राहक पूर्ण रूप से 10 लाख तक के मुद्रा ऋण प्राप्त कर सकते हैं।

**कागज रहित प्रक्रिया :** बिना किसी शाखा की भागीदारी के इस प्लेटफॉर्म ने 14,152 लाभार्थियों को 136 करोड़ रुपये की तत्काल लोन मंजूरी सुनिश्चित की है। पीएनबी ने 1 लाख से 25 लाख रुपये के बीच ऋण की आवश्यकता वाले व्यवसायों के लिए डिजी एमएसएमइ ऋण योजना शुरू करके अपने डिजिटल पेशकश को और मजबूत किया। इससे उधारकर्ताओं के लिए समय पर और परेशानी मुक्त ऋण पहुंच सुनिश्चित हुई।

**पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत बनाना :** यह स्पष्ट है कि मुद्रा योजना जमीनी स्तर पर समय पर और किफायती ऋण उपलब्ध कराने, उद्यमियों और छोटे व्यवसायियों को सशक्त बनाने और देश भर में आय सृजन और रोजगार वृद्धि को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम रही है। आगे बढ़ते हुए एक बहुआयामी दृष्टिकोण, जिसमें बेहतर डिजिटल ऋण, अधिक वित्तीय साक्षरता और मजबूत ऋण शामिल है। एमएसएमइ की सफलता में तेजी लाने के लिए समर्थन तंत्र विकसित किया जायेगा, ताकि प्रत्येक उद्यमी की आकांक्षाएं पूरी हो सकें और विकसित भारत 2047 के सपने को साकार किया जा सके।

**(लेखक : पंजाब नैशनल बैंक के प्रबंध निदेशक/मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# भाजपा ध्यान भटकाने के लिए सोनिया और राहुल को फंसा रही है : आनंद बिहारी दुबे

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में गोलमुरी प्रखंड कांग्रेस एवं मंडल कमिटी द्वारा रविवार को नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। सभा में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे शामिल हुए। उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की नीतियों पर करारा प्रहार किया। श्री दुबे ने कहा देश में महंगाई चरम पर है। 2014 की तुलना में आज अनाज, गैस और आवश्यक वस्तुओं के दाम दोगुने-तीनगुने हो चुके हैं। मध्यम और गरीब वर्ग के परिवारों के लिए अब जीवन यापन कठिन होता जा रहा है। रसोई गैस की कीमतों में 50 रुपये की वृद्धि हर घर के बजट पर सीधा प्रहार है। साथ ही शिक्षित बेरोजगारों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जबकि सरकारी और सार्वजनिक उपक्रमों में नौकरियां घट रही हैं। श्री दुबे ने आगे कहा सोने की कीमतें लगभग एक लाख रुपये तक पहुंच गयी हैं, जिससे आम परिवारों के लिए बेटियों की शादी में गहनों की व्यवस्था करना कठिन होता जा रहा है। इससे कई परिवारों को अपनी जमीन और घर गिरवी रखने या बेचने की नौबत आ सकती है। उन्होंने आरोप लगाया महंगाई और बेरोजगारी से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं पर षड्यंत्रपूर्वक कार्रवाई कर रही है। नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेताओं को इडी के माध्यम से परेशान करना एक सुनियोजित राजनीतिक प्रतिशोध है। दुबे ने कहा 1938 में जवाहरलाल नेहरू द्वारा स्थापित नेशनल हेराल्ड स्वतंत्रता संग्राम में एक सशक्त आवाज थी, जिसे आज कुचलने की कोशिश की जा रही है। यह कार्रवाई न केवल अमर्यादित है बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और विपक्ष की आवाज को दबाने का गंभीर प्रयास है। सभा की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अतुल गुप्ता व स्वागत भाषण जेएस बदरी ने दी। इस अवसर पर प्रदेश सचिव सामंता कुमार, जसवंत सिंह जस्सी, सुखदेव सिंह मल्ली, राजकिशोर प्रसाद, संजय घोष, सुल्तान अहमद, राजा सिंह राजपूत, विनोद यादव, रंजीत सिंह, हरिहर प्रसाद, अमित पांडेय, मनीष चंद्रवंशी, एसआरके कमलेश, सुशील घोष और कुमार गौरव आदि उपस्थित रहे।

# झामुमो नेताओं ने राम सोरेन को दी श्रद्धांजलि

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के भाई एवं झारखंड युवा मोर्चा (झायुमो) नेता विक्टर सोरेन के पिता स्व. राम सोरेन का बीते दिनों इलाज के दौरान निधन हो गया था।रविवार को उनके पैतृक आवास घोड़ाबांधा में श्राद्ध कर्म का आयोजन किया गया। मौके पर झामुमो पूर्वी सिंहभूम जिले के सभी वरिष्ट नेता, कार्यकर्ता, मुसाबनी प्रखंड अध्यक्ष प्रधान सोरेन सहित झामुमो के विधायकगण शामिल हुए। इस अवसर पर सभी नेताओं ने स्व. राम सोरेन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया। मौके पर झामुमो परिवार ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर झामुमो नेता गौरांग माहली, वरिष्ठ नेता हरिश भगत, बिक्रम मुर्मू, अर्जुन मार्डी, प्रखंड सचिव महेश्वर हांसदा, कोषाध्यक्ष पालू माझी, अमन मुर्मू, बेनासोल पंचायत अध्यक्ष गणेश टुडू, कुईलीसुता पंचायत अध्यक्ष बिराम मुर्मू सहित कई अन्य उपस्थित रहे।

# वाहन जांच अभियान के खिलाफ आजसू पार्टी का हस्ताक्षर अभियान आज



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी ने शहर में चल रहे अनियंत्रित वाहन जांच अभियान के खिलाफ जनांदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में आजसू पार्टी द्वारा 21 अप्रैल सोमवार को सुबह 11 बजे टाटानगर स्टेशन चौक से हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की जायेगी। इस अभियान का नेतृत्व आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह करेंगे। उन्होंने रविवार को जानकारी देते हुए बताया यह हस्ताक्षर अभियान वाहन जांच अभियान के नाम पर आम जनता को हो रही परेशानियों और उत्पीड़न के विरोध में शुरू किया जा रहा है। कन्हैया सिंह ने शहरवासियों से अपील की वे अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान में शामिल होकर सहयोग करें और अपनी आवाज बुलंद करें। यह आंदोलन जनता की सुविधा और अधिकारों की रक्षा के लिए है। आजसू पार्टी इसमें हर कदम पर जनता के साथ खड़ी रहेगी।

# झामुमो ने बारीडीह में शीतल पेयजल सेवा का किया शुभारंभ




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लौहनगरी जमशेदपुर में अप्रैल माह से ही भीषण गर्मी पड़ने लगी है। जनता को परेशानी से राहत दिलाने के लिए झामुमो बाडीडीह शाखा के द्वारा शीतल पेयजल सेवा के लिए पहल की गयी। रविवार को झामुमो शाखा समिति ने जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के बारीडीह गोलचक्कर में जनहित से जुड़े जल सेवा की शुरुआत की। मौके पर झामुमो के युवा नेता प्रहलाद लोहरा ने बताया कि लगातार बढ़ते गर्मी और पानी की आवश्यकता को देखते हुए यह सेवा प्रारंभ की गयी, ताकि आमजनों में विशेष कर बुजुर्गों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि सेवा कार्य के लिए झामुमो कार्यकर्ताओं ने पूरी तत्परता से सहभागिता निभायी है, ताकि आम लोगों को शीतल पेयजल आसानी से उपलब्ध हो सके। यह पार्टी की जनता के प्रति सेवा भावना के प्रतीक है। शाखा अध्यक्ष बिशु कुंभकार ने बताया झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार जनता की सेवा में तत्पर है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी जनता की सेवा में झामुमो कार्यकर्ता सदैव अग्रणी रहेंगे। मौके पर झामुमो बारीडीह शाखा अध्यक्ष बिशु कुंभकार, युवा नेता प्रहलाद लोहरा, डी रवि कुमार, राज कुमार सिंह, राजू राम, तिलो लोहार, शक्ति प्रसाद, गोपी गणेश प्रसाद, सुरेश लोहार, राकेश राव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र का मासिक सत्संग

# भजनों से गुंजायमान हुआ क्षेत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के काशीडीह स्थित टाटानगर सत्संग बिहार में मासिक सत्संग का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। रविवार शाम साकची के गुरुभाइयों द्वारा आयोजित मासिक सत्संग में क्षेत्र के विभिन्न कोनों से आये सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर सत्संग की महिमा को अनुभव किया। सत्संग मंदिर प्रांगण में आयोजित मासिक सत्संग की शुरुआत श्रीश्री ठाकुर अनुकुलचंद्र के संध्याकालीन प्रार्थना के बाद संध्या 7 बजे से की गयी। मौके पर उपस्तित भजन मंडली के द्वारा श्रीश्री ठाकुर के पावन भजनों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र का वातावरण 'जयगुरु' के जयघोष और ठाकुर के भजनों से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर उपस्तित ऋतिक एवं वरिष्ठ सत्संगियों ने श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही ठाकुरजी के द्वारा बताये गये रास्ते पर चलने के लिए सत्संग के अनुशासन के अनुरूप प्रवचन भी दिया। जिससे उपस्थित गुरु भाइयों को ठाकुरजी के जीवन, विचार और उनके बताये सत्संग मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिली। मासिक सत्संग के दौरान कई श्रद्धालुओं ने गुरु-दीक्षा ग्रहण कर आध्यात्मिक जीवन की ओर एक नया कदम बढ़ाया। सत्संग के समापन के दौरान सैकड़ों सत्संगियों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया, जिससे उपस्थित सत्संगियों ने अध्यात्मिक और सामाजिक एकता का अनुभव किया।

# अधिवक्ताओं और मुहर्रिरों को दिया गया इ-कोर्ट का प्रशिक्षण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** इ-कोर्ट कमेटी सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया एवं झारखंड ज्यूडिशियल एकेडमी के निर्देश पर जमशेदपुर बार एसोसिएशन एवं घाटशिला बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं एवं मुहर्रिरों को इ-फाइलिंग, कियोस्क संचालन, चेंज मैनेजमेंट, ई-कोर्ट सर्विस ऐप, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग जैसी आधुनिक विधिक सुविधाओं के साथ ई-कोर्ट के प्रचार-प्रसार में अधिवक्ताओं की भूमिका से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम उपस्तित मास्टर ट्रेनर अधिवक्ता अमित कुमार सिंह, रोहित कुमार सिंह, विश्वजीत डे एवं धनंजय सिंह ने प्रतिभागियों को व्यावहारिक एवं तकनीकी जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिवक्ताओं को डिजिटल न्यायिक प्रणाली के प्रति सशक्त और जागरूक बनाना है। ताकि वे न्यायिक प्रक्रिया में तकनीकी बदलावों के साथ कदम से कदम मिला सकें।कार्यक्रम का समापन के उपरांत प्रशिक्षण से संबंधित संपूर्ण रिपोर्ट झारखंड ज्यूडिशियल अकैडमी को प्रेषित की जायेगी।

# एक गरीब कन्या की शादी के लिए समजसेवियों के उठे हाथ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** आदर्श विवाह समारोह के पदाधिकारी और सदस्यों ने एक जरूरतमंद बेटी की शादी के लिए कई सामान उपलब्ध कराये। जानकारी के मुताबिक चिनिया प्रखंड के केला झरिया गांव की रहने वाली एक बेटी के माता-पिता के द्वारा शादी समारोह के लिए खर्च उठाने में असमर्थता जाहिर करने पर तथा शादी समारोह में सहयोग के लिए आग्रह किया जाने पर गढ़वा के समाजसेवियों ने अभिभावक की भूमिका निभाते हुए सुशीला कुमारी खरवार नामक युवती की शादी के लिए सभी आवश्यक सामान उपलब्ध कराये। इस अवसर पर सुशीला के लिए घर में उपयोग होने वाले कई सामान दिये गये। जिसमें कपड़े, आर्टिफिशियल गहने, अटैची, बर्तन, श्रृंगार के समान, बेडशीट, श्रृंगार बॉक्स, बाल्टी, हैंडबैग सहित कई सामग्री दिये गये। शादी समारोह को सफल बनाने के लिए उठने वाले हाथ में गढ़वा शहर के मुख्य पथ निवासी विजय कुमार केसरी, रीता केसरी, नितेश केसरी, अलीशा केसरी, राजमोहन पाल, राकेश पाल, कमलेश कुमार गुप्ता, पिंटू, उमेश सहाय, रविंद्र, सुनील अग्रवाल, संतोष कुमार, ओमप्रकाश केसरी, चंदन केसरी, सुशील केसरी, शौकत खान, साजिद खान ने सहयोग किया। इस अवसर पर सुशीला के परिवार के सदस्य उपस्थित थे।



शादी समारोह को सफल बनाने के लिए सहयोग करते समाजसेवी।

# मंडल कारा के बंदियों की हुई स्वास्थ्य जांच

## गढ़वा सदर अस्पताल के सौजन्य से लगा मासिक स्वास्थ्य जांच शिविर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** मंडल कारा में रविवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। गढ़वा सदर अस्पताल के सौजन्य से आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में कैदियों की प्राथमिक स्वास्थ्य जांच की गयी। रक्तचाप, शुगर आदि की जांच के अलावा बंदियों को स्वास्थ्य संबंधी काउंसलिंग भी की गयी, शिविर के दौरान आवश्यकता अनुरूप दवाइयां भी उपलब्ध करायी गयी। अनुमंडल पदाधिकारी सह जेल अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि उक्त स्वास्थ्य शिविर से पूर्व जेल अदालत का भी आयोजन किया गया, जिसमें डालसा सचिव सुश्री निभा समीर, अधिवक्तागण और पैरा लीगल वॉलिंटियर्स की पूरी टीम की मौजूदगी रही।

वहीं स्वास्थ्य शिविर के दौरान डॉक्टर टी पीयूष, डॉक्टर कुमार पीयूष, डॉ जेपी ठाकुर, सत्येंद्र कुमार, प्रफुल्ल मिंज, विनीता कुमारी, रंजीत सिंह, अशोक राम, राजू उपाध्याय आदि मौजूद रहे। आयोजन से पूर्व सभी आगंतुकों का जेल प्रशासन की ओर से स्वागत किया गया। आयोजन के दौरान जेलर, जमादार सहित सभी संबंधित कारा कर्मी और बंदी मौजूद थे।



# शादियों के अवसर पर डीजे संचालक खुलेआम आदेशों की उड़ा रहे धज्जियां, प्रशासन बेखबर

**कांडी (आजाद सिपाही)।** हाई कोर्ट द्वारा डीजे पर लगाये गये पूर्ण प्रतिबंध के बावजूद क्षेत्र में धड़ल्ले से डीजे बजाये जा रहे हैं। शादियों के अवसर पर डीजे संचालक खुलेआम आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, और प्रशासन पूरी तरह अनजान बना हुआ है। शादी-विवाह के सीजन की शुरूआत होते ही शाम के समय डीजे की तेज और कर्कश आवाज से आमजन त्रस्त हो गये हैं। डीजे की तेज आवाज से खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि कुछ दिन पूर्व गढ़वा एसडीओ संजय कुमार पांडे द्वारा कार्रवाई करते हुए दो डीजे वाहनों को जब्त किया गया था और उनके संचालकों पर कानूनी कार्रवाई भी की गयी थी। इसके बावजूद डीजे संचालकों पर इसका कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है। प्रशासन की ओर से बार-बार चेतावनी दी जा रही है कि डीजे बजाना कानूनन अपराध है और ऐसा करने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी, लेकिन इसका कोई खास असर नहीं दिख रहा है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन की चेतावनियों को गंभीरता से लिया जा रहा है, या फिर डीजे माफिया प्रशासनिक ढांचे को ठेंगा दिखा रहे हैं।



# पानी की घोर किल्लत, स्थानीय बेहाल

**केतार (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुकुंदपुर के चहारदीवारी से सटे केतार कांडी कोल रोड के समीप 15वें वित्त से लगाया गया जलमीनार पर रखे सिंटेक्स फटने से पानी की घोर किल्लत हो गया है। स्थानीय नगीना वियार, नागेंद्र चंद्रवंशी, सोनू चंद्रवंशी, अनिल वियार, भरदूल वियार समेत अन्य लोगों ने बताया कि इस जलमिनार का पानी से भरा सिंटेक्स सितंबर में अचानक फट कर गिर गया था। यदि कोई व्यक्ति दस मीटर के दायरा में रहता तो बुरी तरह जख्मी हो जाता। जनवरी में भेंडर ने नया सिंटेक्स लगाया।परंतु लगने के दो माह बाद सिंटेक्स पुनः फट गया। जिससे स्थानीय सहित राहगीरों को पानी की काफी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हमलोग के घर के नजदीक पंचायत भवन के पास का चापाकल,भरदूल वियार के घर के पास का चापाकल, आधा किलोमीटर दूर श्री सूर्य नारायण मंदिर परिसर में दो चापाकल है जो अभी खराब है। जिससे पेयजल की घोर किल्लत है। लोगों ने जलमीनार की गुणवत्ता पर सवाल उठाया है। लोगों ने कहा कि मुश्किल से तीन माह भी सिंटेक्स नही टिक पा रहा है। लोगों ने 14वें वित्त से लगाये गये जलमीनार में किये गये अनिमियता में संलिप्त लोगों पर जांचोपरांत कार्रवाई की मांग, शीघ्र सिंटेक्स लगाने और खराब चापाकल दुरुस्त करने का भी मांग किया है।



# बाइक को बचाने के क्रम में ऑटो पलटा, महिला घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर टाउनशिप मुख्य पथ पर देवी धाम के समीप एक बाईक को बचाने के क्रम में ऑटो पलटने से उस पर सवार महिला ललिता देवी पति वीरेंद्र अगरिया सिंदुरिया निवासी गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिसे घायलावस्था में भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि ललिता देवी रविवार को भवनाथपुर साप्ताहिक बाजार में एक ऑटो पर सवार होकर सिंदुरिया से आ रही थी, इसी बीच एक सामने से अचानक बाईक आने से बचने के क्रम में देवी धाम के पास ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना की सूचना मिलने पर भवनाथपुर पुलिस ने मामले की जानकारी प्राप्त कर जांच में जुट गयी है।

# डंडई में बड़े पैमाने पर बालू की हो रही अवैध तस्करी

**डंडई (आजाद सिपाही)।** डंडई थाना क्षेत्र में पुलिस पदाधिकारी और बालू तस्करों की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर बालू की अवैध तस्करी हो रही है। तस्करों की संख्या इन दिनों इतनी बढ़ गयी है कि उनका कारनामा प्रत्येक दिन की शाम से शुरू होकर अहले सुबह तक चलते रहता है। बालू की तस्करी ट्रैक्टर ही नहीं बल्कि टिपर और छोटे-छोटे हाईवा वाहनों के माध्यम किया जा रहा है। धुरकी प्रखंड के बाल चौरा गांव स्थित कान्हर नदी से प्रत्येक दिन बालू की तस्करी कर रहे ट्रैक्टर के चालकों ने बताया कि हम सभी के मालिक बालू तस्करी की शुरूआत करने से पहले ही स्थानीय थाना से मैनेज कर लेते हैं उसके बाद ही हम लोगों को बालू के अवैध कारोबार में लगाते हैं। उन्होंने बताया कि बालचौरा कनहर नदी से बालू उठाव कर जब हमसभी डंडई थाना क्षेत्र में पहुंचते हैं तो हम लोगों की मुलाकात कभी-कभी स्थानीय पुलिस प्रशासन से हो जाती है। इस बीच उनके द्वारा बालू लदे ट्रैक्टर को रुकवा कर सबसे पहले ट्रैक्टर मालिक का नाम पूछते हैं उसके बाद उसकी सत्यापन कर हम लोगों को आगे जाने की बात कह कर छोड़ देते हैं । वहीं चालकों ने बताया कि बालू की तस्करी सिर्फ ट्रैक्टर के द्वारा ही नहीं किया जा रहा है बल्कि बडे बडे टिपर और हाईवे वाहन के द्वारा भी किया जा रहा है। चाहे किसी की भी वाहन डंडई थाना क्षेत्र मे बालू लेकर आता है बिना पुलिस पदाधिकारी के मैनेज के बिना नहीं आता है। बिना उनसे मैनेज किये बालू की तस्करी एक ट्रैक्टर भी नहीं हो पाना है इसलिए हम लोगों के मालिकों की मजबूरी है पुलिस पदाधिकारियों से बालू की तस्करी करने से पहले मैनेज कर लेना। **पक्ष :** मामले में पुलिस अधीक्षक (एसपी) दीपक कुमार पांडे ने बताया कि टास्क फोर्स की बनी कमेटी के अनुसार ऐसे हम लोग निरंतर बालू तस्कर के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। उसमें जिन लोगों की संलिप्ता पायी जा रही हैं उनके खिलाफ नियम संगत कार्रवाई भी कर दी जा रही है। वहीं ट्रैक्टर चालकों के द्वारा बतायी गयी बातों के सवाल पर उन्होंने कहा कि अगर ऐसी बात है तो मैं इसे अपने स्तर से जांच करूंगा उसके बाद इस अनैतिक कार्य में जिनकी संलिप्तता पायी जायेगी उनके खिलाफ जरूर कार्रवाई की जायेगी।

# खेल जीवन का महत्वपूर्ण अंग है : अनंत

**नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में दुद्धी उत्तर प्रदेश की टीम ने बंशीधर फाइटर्स को 6 विकेट से हराकर बना विजेता**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** अधौरा स्थित टीडीएम कॉलेज ग्राउंड में चल रहे बंशीधर नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में दुद्धी उत्तर प्रदेश की टीम ने बंशीधर फाइटर्स को 6 विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा कर लिया है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी बंशीधर की टीम ने राहुल के 49 रनों की मदद से निर्धारित ओवर में 99 रन बनाये। सूरज ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट हसिल किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए दूधी ने 7 ओवरों में ही जीत हासिल कर लिया। सूरज को मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया। फाइनल मैच में मुख्य रूप से विधायक अनंत प्रताप देव भी मौजूद थे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। खेल सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि जीवन को अनुशासित बनाने का माध्यम है। खेल आज बेहतरीन कैरियर बनाने का साधन बन गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे टूर्नामेंट से प्रतिभा सामने आती है। उन्होंने कहा कि शहर में खेल मैदान की कमी है इसके लिए वे प्रयासरत है। विधानसभा में भी आवाज उठा चुके हैं। खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए मनु महाराज ने कहा कि यह बहुत ही सौभाग्य की बात है कि हमारे श्री बंशीधर नगर के युवाओं के बीच एक नया जोश एक नया उमंग दिखाई दे रहा है, जो कि देश के भविष्य के लिए बहुत ही कारगर रहेगा। उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ हर समय हर परिस्थिति में मैं खड़ा हूं और इसी तरीके के प्रतिभा सामने निखार के आए और देश का नाम गौरव करें और आयोजन टीम को को बहुत-बहुत बधाई दी। मौके पर मानवेंद्र प्रताप देव,(मन्नू बाबा) झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय, शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय, झामुमो नेत्री किरण देवी, तारकेश्वर पांडेय, एमके इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक डॉक्टर अभिमन्यु सिंह बिरला ओपन माइंस स्कूल के प्रबंधक युवराज सिंह, अभय कुमार, गौरव पांडेय, अमन देव, अंकित देव, उदय प्रताप देव, कन्हाई पासवान, विकास पाल, सूरज शर्मा, रोहित, शिव बैठा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



# जल सहिया के पति ने जलमीनार का पानी रोका, ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रंका।** रंका अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत ग्राम - खरडीहा (हरिजन ) टोला निवासी जल सहिया शोभा देवी के पति मनोज राम के द्वारा जलमिनार का पानी रोकने के खिलाफ रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर दर्जनों ग्रामीण जनता महिला पुरुषों ने जल सहिया शोभा देवी पति मनोज राम को पदमुक्त करते हुए कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि उक्त गांव टोले में सरकारी जलमिनार लगा हुआ है जिसमें जलसहिया शोभा देवी पति मनोज राम पिता रघुनाथ राम एवं प्रदीप राम पिता विश्वनाथ राम एवं इनके परिवार के सदस्यों के द्वारा अन्य ग्रामीण जनता को पानी भरने नहीं देते हैं। पानी को लेकर इसके पहले भी इन लोगों के द्वारा कई बार गाली -ग्लौज मारपीट किया गया है और पुनः गांव के शिव राम पिता प्रसाद राम एवं उनके चचेरे भाइयों के साथ 14.04.2025 को मारपीट कर घायल कर दिया गया है। इस संबंध में पहले भी मुखिया एवं गणमान्य लोगों के द्वारा पंचायती के माध्यम से पानी भरने को लेकर दो पाईप लाईन नल कनेक्शन कर समाधान करने का प्रयास किया गया किन्तु इन लोगों ने कनेक्शन नहीं करने दिया यह बोलकर कि जमीन मेरी है कनेक्शन नहीं करने देंगे वहीं इस जलमिनार से जलसहिया अपने घर में प्रशनल कनेक्शन कर लिया है और बाकी कनेक्शन को बंद कर दिया है। इन लोग दबंग किस्म का आदमी है, पानी को लेकर बार बार मारपीट करते रहते हैं। । यहां तक कि मुखिया के द्वारा प्रदीप राम को नाली बनाने के लिए योजना दिया गया है किंतु वह अभी तक नहीं बनाया है। ज्ञापन में जलसहिया शोभा देवी पति मनोज राम को पदमुक्त करने तथा पानी की समस्या समाधान करते हुए कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इस मौके पर इन्द्र देव राम, शिव राम, शिव लाल राम सहित दर्जनों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।



# इ-केवाइसी में फिसड्डी रहने वाले डीलरों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए उपायुक्त को पत्र दूंगा: बीडीओ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कांडी ।** अभी भी कांडी प्रखंड में 21000 राशन कार्डधारी लाभुकों का ई-केवाईसी नहीं हुआ है। साथ ही आश्चर्य यह है कि आदिम जनजाति लोगों के लगभग 30 सदस्यों का भी ई केवाईसी अभी तक नहीं हुआ है। विभाग ने ई-केवाईसी करने का अंतिम डेट 30 अप्रैल तय कर रखा है। बीडीओ सह एमओ राकेश सहाय ने प्रखंड के सभी जविप्र दुकानदार को पत्र जारी कर उक्त निर्देश देते हुए कहा कि मैं 10 सबसे खराब ई-केवाईसी करने वाले और धोती साड़ी वितरण में फिसड्डी रहने वाले डीलरों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए उपायुक्त को पत्र दूंगा। बीडीओ ने सभी डीलरों को निर्देश देते हुए कहा है कि वह वैसे अपने राशन दुकान से संबंध लोगों का नाम विस्तार पूर्वक लिखित रूप में सूची प्रस्तुत करें, जिनका ई केवाईसी नहीं हुआ है और कारण भी बताएं कि उसका ई-केवाईसी क्यों नहीं हुआ है। जैसे पलायन कर गया है, मृत है या शादी करके ससुराल चली गयी या लाभुक बाहर रहता है। सभी डीलर इसे सख्त हिदायत समझेंगे और ई केवाईसी जिनका नहीं हुआ है संबंधित डीलर अपने छूटे हुए ई केवाईसी के लाभुकों का नाम विस्तार पूर्वक यानी के नाम उसके पिता का नाम राशन कार्ड संख्या क्या है इसकी जानकारी 48 घंटे के अंदर देने का सख्त निर्देश दिया गया। बीडीओ प्रखंड के सभी डीलरों के साथ मंगलवार को शाम 4:00 बजे उक्त मुद्दे पर समीक्षा बैठक करेंगे।



# कोरवाडीह में भीमराव अंबेडकर की जयंती मनी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** अंबेडकर क्लब कोरवाडीह के द्वारा बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का 134वीं जयंती मनायी गयी। जिसमें मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंभू राम, केंद्रीय समिति सदस्य जवाहर पासवान, जिला सचिव सह कोरवाड़ी पंचायत के मुखिया मोहम्मद शरीफ अंसारी, हिंदू मुस्लिम समन्वय समिति के अध्यक्ष सफीक अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष फुजैल खा, जिला परिषद सदस्य जयदुल्ला अंसारी, समाज सेवी शंभू राम ने संयुक्त रूप से बाबा साहब के चित्र पर कैंडल जलाकर एवं माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि आज समाज में फैले कुरीतियों अंधविश्वास नशाखोरी दहेज प्रथा जैसे बुराइयों से ऊपर उठाने की जरूरत है। आप अपने बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। आज शिक्षा के बदौलत ही आप अपने हक अधिकार ले सकते हैं। बाबा साहब ने हमारे देश के लिए जो संविधान दिया है। जिसके बदौलत आप अपने हक अधिकार ले सकते हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बासुदेव राम, बैजनाथ राम, अशर्फी राम, अमित सिंह, सुमेर चौधरी, संतोष चौधरी, खुर्शीद आलम, मकसूद अंसारी, सद्दाम अंसारी, अकबुल्ला, संजय राम, रामचंद्र, जगदीप, कृष्णा कुमार, दीपक, सोनू, कुलदीप, संतोष, मनोज, बिपिन ने अपना सराहनीय सहयोग किया।



# 'कॉफी विद एसडीएम' : इस सप्ताह पंचायत प्रतिनिधियों को कॉफी पर किया गया आमंत्रित

## जिप सदस्य, प्रखंड प्रमुख, मुखिया, बीडीसी सदस्य होंगे एसडीएम के मेहमान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने एक घंटे के साप्ताहिक कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में अनुमंडल क्षेत्र के पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों को इस बुधवार अपने यहां कॉफी पर आमंत्रित किया है।

संजय कुमार ने कहा कि 24 अप्रैल को पूरे देश भर में राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस मनाया जाता है, जो कि इसी सप्ताह पड़ रहा है। इसलिए इस सप्ताह के 'कॉफी विद एसडीएम' में त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के अध्यक्षों व सदस्यों को आमंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत जिला परिषद सदस्य, प्रखंडों के प्रमुख,उप प्रमुख, बीडीसी सदस्य, मुखिया आदि में से जो जन प्रतिनिधि इच्छुक होंगे वे इस संवाद कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा क्षेत्र की समृद्धि के लिये समन्वित प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। चूंकि पंचायती राज संस्थाएं विकास योजनाओं के क्रियान्वयन से सीधे तौर से जुड़ी हुयीं हैं, इसलिए जिले के विकास में उनका अतिमहत्वपूर्ण स्थान है।

उन्होंने बताया कि इस 1 घंटे के अनौपचारिक संवाद में त्रिस्तरीय पंचायतों के जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र से जुड़ी उन समस्याओं को सुना जायेगा जो अनुमंडल प्रशासन के स्तर से हल किये जा सकते हों, साथ ही उनके सकारात्मक सुझावों को भी सुना जायेगा।

इसलिए उन्होंने संबंधित पंचायत राज प्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि वे इस 1 घंटे के अनौपचारिक संवाद कार्यक्रम में शामिल होने के लिए समय निकाल कर बुधवार 23 अप्रैल को 11:00 बजे सदर अनुमंडल कार्यालय जरूर पधारें। उन्होंने कहा कि 23 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की पूर्व संध्या भी है, इसलिए गढ़वा में पंचायती राज संस्थाओं को और अधिक सशक्त कैसे बनाया जाए, कॉफी संवाद कार्यक्रम के दौरान इस पर भी एक स्वस्थ परिचर्चा होगी।



# नगर ऊंटारी प्रखंड में काम नहीं मिलने से पलायन कर रहे हैं मनरेगा मजदूर

**प्रशांत सहाय**

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** नगर ऊंटारी प्रखंड में मनरेगा का हाल बेहाल है। यहां पदाधिकारियों की लापरवाही के कारण मनरेगा कानून मजदूरों को रोजगार देने और पलायन रोकने में पूरी तरह से अक्षम साबित हो रहा है। यह हम नहीं प्रखंड के आंकड़े बोल रहे हैं। प्रखंड कार्यालय के रवैया के कारण आये दिन यहां के लोगों का पलायन अन्य राज्यों में हो रहा है और बदले में वहां से मृतक मजदूर की शव प्रखंड में पहुंच रही है। प्रखंड कार्यालय एवं जिला कार्यालय के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि और राज सरकार इस दिशा में कोई उचित पहल नहीं कर रहे हैं।

प्रखंड में फिलहाल मात्र 250 योजनाएं संचालित हो रही हैं। जो योजनाएं संचालित हो रही हैं उनमें सबसे अधिक अबुआ आवास, पीएम आवास और नाममात्र की आम बागवानी और कुआं शामिल है। उपरोक्त योजनाओं में मात्र 702 मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। जिन मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है उसमें अधिकांश आवास के पति पत्नी मजदूर हैं। जबकि प्रखंड में कुल 30 हजार 851 मजदूर निबंधित हैं। जानकारी के मुताबिक नगर ऊंटारी प्रखंड में मनरेगा से संबंधित वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 की कुल 250 योजनाएं संचालित हो रही हैं। प्रखंड के 12 पंचायतों यथा भोजपुर में कुल 32 योजनाएं संचालित हो रही हैं। जिसमें 58 मजदूरों को काम दिया गया है। जबकि पंचायत में कुल 2224 मजदूर निबंधित है। इसी तरह कधवन पंचायत में कुल 4 योजनाएं संचालित है। जिसमें 16 मजदूरों को काम दिया गया है। जबकि 1961 मजदूर निबंधित हैं।

कोलझिकी पंचायत में 9 योजनाएं संचालित हो रही हैं। जिसमें 15 मजदूरों को काम दिया गया है। जबकि 1773 मजदूर निबंधित हैं। चितविश्राम में कुल 15 योजनाएं संचालित हैं। जिसमें 23 मजदूरों को काम दिया गया है। जबकि 3349 मजदूर निबंधित हैं। नरही में 32 योजनाएं संचालित हैं। जिसमें 104 मजदूरों को काम दिया गया है। जबकि 2897 मजदूर निबंधित हैं। कुशडंड में 28 योजनाएं संचालित हैं। जिसमें 59 मजदूरों को काम दिया गया है। जबकि 3089 मजदूर निबंधित हैं। गरबांध में 8 योजनाएं संचालित हैं। जिसमें 27 मजदूरों को काम दिया गया है। जबकि 2296 निबंधित हैं। हलिवंता में 15 योजनाएं संचालित हैं। जिसमें 214 मजदूरों को काम दिया गया है। जबकि 2479 मजदूर निबंधित है। बिलासपुर में 20 योजनाएं संचालित हैं। जिसमें 37 मजदूरों काम दिया गया है। जबकि 2217 मजदूर निबंधित हैं। हुलहुआ में 32 योजनाएं संचालित हैं। जिसमें 89 मजदूरों को काम दिया गया है। जबकि 2930 मजदूर निबंधित हैं। पिपरडीह में 42 योजनाएं संचालित हैं। जिसमें 91 मजदूरों को काम दिया गया है। जबकि 2710 मजदूर निबंधित हैं।

कुंबाखुर्द पंचायत में 16 योजनाएं संचालित हैं। जिसमें 69 मजदूरों को काम दिया गया है। जबकि 2996 मजदूर निबंधित है। मजदूरों को रोजगार नहीं मिलने के कारण मजदूर रोजगार के लिये पलायन करने को विवश हैं। दो माह से लंबित है मजदूरी भुगतान प्रखंड में पिछले दो माह से मनरेगा मजदूरों की मजदूरी का भुगतान नहीं हो सका है।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत ग्रामीणों ने की सड़क जाम



आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सरायकेला-चाईबासा मार्ग में बीते शाम सड़क दुर्घटना में छोटा टांगरानी गांव के युवक की मौत के बाद नाराज ग्रामीणों ने रविवार की सुबह सरायकेला-चाईबासा मार्ग को छोटा टांगरानी स्कूल के समीप जाम कर दिया। सड़क जाम होने से दोनो तरफ वाहनों की कतार लग गयी। सड़क जाम की सूचना मिलते ही सरायकेला थाना प्रभारी ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की। ढाई घंटे प्रयास के बाद सड़क जाम को हटाया जा सका।ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिलाने व वाहन चालक की गिरफ्तारी के लिए मांग की। ग्रामीणों की मांग पर प्रशासन ने सांगाजाटा टोल ब्रिज पर लगे सीसी टीवी कैमरा की जांच की। घटना में शामिल जेएच 05 डीसी 1806 संख्या की वाहन की पहचान की गयी। वाहन किसी पीयूष गोयल के नाम पर रजिस्टर्ड है। वाहन की पहचान होने के बाद प्रशासन परिजनों को उचित मुआवजा दिलवाने और छोटा टांगरानी गांव के दोनो तरफ बेरियर लगवाने के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम को हटाया।

# लातेहार में हाथी का बच्चा कुएं में गिरा, पांच घंटे बाद निकाला गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत मारंगलोइया गांव में झुंड से भटक कर एक हाथी का बच्चा शनिवार की रात कुएं में गिर गया। लगभग पांच घंटे तक कड़ी मेहनत के बाद हाथी के बच्चे को सुरक्षित कुएं से बाहर निकाला जा सका।

इस संबंध में लातेहार वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल ने रविवार को बताया कि रात में सूचना मिली कि हाथी का एक बच्चा ग्रामीणों के खेत में बनाये गये एक कुएं में गिर गया है। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और जेसीबी के माध्यम से कुएं के एक भाग के बगल में गड्ढा कर रास्ता बनाया। लगभग पांच घंटे की कड़ी मेहनत के बाद हाथी के बच्चे को सुरक्षित कुएं से बाहर निकाला गया।

इधर स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दो-तीन दिनों से हाथियों का झुंड गांव के आसपास जमा हुआ है । शनिवार की देर रात अचानक एक हाथी का बच्चा कुएं में जा गिरा। ग्रामीणों ने अपने स्तर से हाथी को कुएं से बाहर निकालने का प्रयास किया। परंतु जब ग्रामीण सफल नहीं हुई तो वन विभाग को इसकी सूचना दी। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के जरिये गांव के आसपास पिछले कई दिनों से तबाही मचायी गयी है। शनिवार की सुबह हाथियों ने एक महिला को घायल कर दिया था। इलाज के लिए रांची जाने के दौरान महिला की मौत हो गयी थी। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग किया कि हाथियों को गांव से दूर भगाया जाये।

## स्वच्छ भारत मिशन को लेकर स्वच्छता अभियान रहेगा जारी : सचिन कुमार



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा स्वच्छता को लेकर साफ सफाई अभियान रियाडा, स्थित मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर प्रांगण की सफाई की गयी। इस अभियान का उद्देश्य न केवल सार्वजनिक स्थलों की सफाई करना है बल्कि आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर एक जिम्मेदार समाज की नींव रखना भी है। भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ स्वच्छ भारत मिशन आज एक जन आंदोलन बन चुका है और भाजपा कार्यकर्ता इसे निष्ठा के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। भाजपा सक्रिय कार्यकर्ता नीरज कुमार उर्फ बिट्टू ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि या हर नागरिक का एक कर्तव्य है और यह सफाई अभियान विशेष रूप से जारी रहेगा। नगर संयोजक सत्यम कुमार ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से भाजपा नया संदेश देने का प्रयास किया है कि जब समाज का हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझे तभी सच्चे अर्थ में स्वच्छ भारत का सपना साकार हो सकता है। मौके पर खुशबू कुमारी, मानसी कुमारी, विद्या कुमारी, आरती कुमारी, राखी कुमारी,मनोज कुमार, कुणाल कुमार, सत्यदेव सिंह, संतोष साहू, कृष्णा साहू, इत्यादि बीजेपी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शिक्षा के बेहतरी को लेकर निजी विद्यालय में लूट मची है: रवि डे



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार के समाजसेवी रवि कुमार डे एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि लातेहार जिले के अंदर निजी विद्यालयों के द्वारा सुविधा शुल्क के नाम पर पैसे लेने का लूट मची है। अब री एडमिशन के नाम पर नहीं बल्कि सुविधा शुल्क लेने के नाम पर अभिभावकों का जेब काटने का नया तरीका निजी विद्यालयों के लोगों ने ढूंढ लिया है। निजी विद्यालय के विरोध ऐसे कार्य करने वाले लोगों को युडेश रद्द किया जाये। निजी विद्यालयों द्वारा शिक्षा व्यवस्था में लूटने को लेकर लाइसेंस रद्द कर दिया जाये। दूसरी और लातेहार जिले के शिक्षा विभाग के बड़े अधिकारियों को सभी बातों की जानकारी है। परंतु अधिकारी अपने स्वार्थ में डूबे है। इनकी भी संपत्ति की जांच होनी चाहिए क्योंकि यह सिलसिला एक वर्ष की नहीं है। हमेशा से अधिकारी गलत कार्यों में लोगो को मदद करते हैं और बड़ी रकम लेते रहते हैं। एक तरफ सरकार निजी विद्यालय को 25 प्रतिशत निशुल्क शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध रहने को कहती है। वहीं दूसरी तरफ अभिभावकों को अपने बच्चों को शिक्षा दिलाने से वंचित भी करने का कार्य करती है। अब मिशन स्कूल के भी यही हाल देखा जा रहा है। अभिभावक अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने को लेकर तत्परता दिखाते हैं परंतु महंगाई की मार देखकर वह अपने बच्चों को नहीं पढ़ाते हैं।

## राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा ने बिरसा उरांव को दी श्रद्धांजलि

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** रविवार को एमजी रोड स्थित झखरा कुम्बा सभागार में जिला धर्मगुरु फुलकेशवर उरांव की अगुवाई में पूर्व कोषाध्यक्ष राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा जिला अंतर्गत किस्को प्रखंड के ग्राम किस्को निवासी बिरसा उरांव का निधन कोरोनावायरस की चपेट से 2023 में हो गयी थी। इसके मृत्यु से लोहरदगा जिला राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के एक इमानदार, कर्मठ सदस्य को खो दिया है। आज के दिन 20 अप्रैल को उसका निधन हुआ था। उसी का आज शोक सभा व श्रद्धांजली अर्पित लोहरदगा राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के पदाधिकारियों व कार्यकताओं द्वारा किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष सोमदेव उरांव ने कहा कि स्व बिरसा उरांव एक कर्मठ ईमानदार व्यक्ति थे। उन्होंने अपने जीवन काल के दिनों भारतीय सेना में सेवा कर देश सेवा किये थे, वे सेना से सेवानिवृत्त होकर अपने गांव घर में सामाजिक सेवा किया। बिरसा उरांव ज्यादा पढ़े-लिखे व्यक्ति नहीं थे परंतु इंसानियत और ईमानदारी के सच्चे सपूत थे। उन्होंने समाज को नौ वर्षों तक अपने जीवन काल तक पद पर बने रहे। वे 68 वर्ष की आयु में मां चाला एवं धर्मेश बाबा ने अपने पास बुला लिया। मां चाला उन्हों कुण्डी राजी में स्थान दें और आत्मा को शांति प्रदान करें।

## मंत्री हफीजुल हसन के बयान के विरोध में भाजपा जमशेदपुर का आक्रोश मार्च आज

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री और झामुमो नेता हफीजुल हसन अंसारी द्वारा शरीयत को संविधान से ऊपर बताने वाले विवादास्पद बयान ने राज्य की सियासत में हलचल मचा दी है। मंत्री के इस बयान को भारतीय जनता पार्टी ने देश की संवैधानिक व्यवस्था पर सीधा प्रहार बताया है और सोमवार को जमशेदपुर में विराट आक्रोश मार्च निकालने की घोषणा की है। भाजपा जमशेदपुर महानगर तत्वावधान में आयोजित होने वाले मार्च में हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता भाग लेंगे। साकची स्थित भाजपा जिला कार्यालय से सुबह 10 बजे शुरू होकर यह आक्रोश मार्च उपायुक्त कार्यालय तक जायेगा। इस दौरान कार्यकर्ता हाथों में पार्टी का ध्वज, तख्तियां और पोस्टर लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध दर्ज करेंगे। वहीं, पार्टी की ओर से आक्रोश मार्च को सफल बनाने के लिए सभी मंडल अध्यक्षों और पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों से अधिकतम संख्या में कार्यकताओं के साथ शामिल होने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आक्रोश मार्च झामुमो-कांग्रेस सरकार को संदेश देने के लिए निकाला जा रहा है कि देश केवल संविधान से चलेगा, ना की किसी धर्म या शरीयत से। कहा कि मंत्री हफीजुल हसन का बयान असंवैधानिक ही नही बल्कि देश की एकता और अखंडता के लिए भी खतरा है। बताया कि इस दौरान जिला उपायुक्त को एक ज्ञापन भी सौंपा जायेगा।

# जेल अदालत सह मेडिकल कैंप में 14 बंदियों ने करायी जांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार झालसा, रांची एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार डालसा अध्यक्ष राजकमल मिश्रा के मार्गदर्शन में रविवार को लोहरदगा मंडल कारा में जेल अदालत सह मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डालसा सचिव राजेश कुमार, दंत चिकित्सक डॉ राजेश कुमार, एलएडीसीएस डिप्टी चीफ नारायण साहू, जेलर सुबोध कुमार तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरूआत विधिक जागरूकता शिविर से हुई, जिसमें बंदियों को उनके अधिकारों एवं कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी दी गयी। इसके पश्चात कुल 14 बंदियों की स्वास्थ्य जांच की गयी, जिनमें 5 महिला एवं 9 पुरुष बंदी शामिल थे। सभी बंदियों को मौके पर ही आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध करायी गयी। मेडिकल कैंप का नेतृत्व दंत चिकित्सक डॉ. राजेश कुमार ने किया। जिनके साथ मंडल कारा के चिकित्सक डॉ सुभाष कुमार और अन्य नर्सिंग स्टाफ भी मौजूद रहे। डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि झालसा रांची के निर्देशानुसार जेल के भीतर और बाहर विभिन्न प्रकार के विधिक जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। विशेष रूप से उन बंदियों की देखरेख पर जोर दिया जा रहा है जो 60 वर्ष से अधिक आयु के हैं या गंभीर बीमारियों से ग्रसित हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि अब प्रत्येक जेल अदालत, जो हर महीने के तीसरे रविवार को आयोजित होती है, के साथ-साथ मेडिकल कैंप का आयोजन भी अनिवार्य रूप से किया जायेगा। इसके लिए चिकित्सकों की एक विशेष टीम का गठन किया गया है। इस अवसर पर एलएडीसीएस डिप्टी चीफ नारायण साहू ने स्पष्ट रूप से कहा कि बिना वकील के प्रतिनिधित्व का कोई भी अभियुक्त जेल में नहीं रहेगा। सभी अभियुक्तों का प्रतिनिधित्व होना आवश्यक है।

## बस के चपेट में आने से युवक घायल

**कुडू/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** एनएच 75 कुडू-रांची मुख्य पथ यूनियन बैंक कुडू शाखा के नजदीक रविवार को दोपहर एक यात्री बस के चपेट में आने से बाइक सवार कुडू के ककरगढ़ निवासी अताउल्लाह अंसारी के 24 वर्षीय पुत्र वसीम अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को स्थानीय लोगों ने कुडू सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक अपने अपाची बाइक नंबर जे एच 01 बीडी 5520 से अपना घर जा रहा था, तभी यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के नजदीक पाठक नामक एक यात्री बस के चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहें: धीरज प्रसाद साहू

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू अब पूरी तरह से राजनीति के मैदान में सक्रिय होकर पार्टी को मजबूत करेंगे। जमीनी स्तर पर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने को लेकर वह चतरा और लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र का क्रमवार रूप से दौरा करेंगे। इस संबंध में पूर्व राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू ने बताया कि संगठन को जमीनी स्तर से मजबूत करना है। कार्यकर्ताओं की भूमिका को प्रभावी बनाना है। इसके लिए वह लगातार सभी क्षेत्र में दौरा करते हुए कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मिलेंगे। वह इस बात का आकलन करेंगे कि कौन पार्टी के हित में काम कर रहा है, कौन सक्रिय है और कौन सिर्फ पार्टी को बदनाम करने और पार्टी का सिर्फ लाभ लेने के चक्कर में है। जो लोग बेहतर काम करते हुए पाये जायेंगे, उनको इनाम मिलेगा। जबकि गलत काम करने वालों और पार्टी को बदनाम करने वाले लोगों की रिपोर्ट वह आलाकमान से करेंगे। धीरज प्रसाद साहू ने कहा है कि संगठन को और भी प्रभावी बनाने को लेकर कार्यकर्ताओं को जनता के बीच नियमित रूप से जाना चाहिए। सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहे लोगों से मिलें, उनकी समस्याओं को सुने और समस्या समाधान की दिशा में पहल करें। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सिर्फ पार्टी के कार्यकर्ता नहीं हैं, बल्कि जनता और पार्टी के बीच एक कड़ी का काम करते हैं।

# सर्व धर्म सम भाव के आइकॉन हैं धीरज साहू : निशीथ जयसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** छोटानागपुर के कांग्रेस के रीढ़ जन मसीहा दबे-कुचले शोषित पीड़ित और श्रमिकों के आदर्श स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू का सपना था कि संपूर्ण दक्षिणी छोटानागपुर का और क्षेत्र वासियों का सर्वांगीण विकास करें, आज उनके आदर्शों पर चलकर उनके परिवार वालों के द्वारा बगैर लोभ-लालच के पूरे दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र के गरीब, पिछड़े, शोषित पीड़ित और मजदूरों का निस्वार्थ भाव के साथ सेवा करने का कार्य किया जा रहा है। उनके परिवार वाले राजनीतिक जीवन से अलग जनहित में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आये हैं और भविष्य में भी पूरा परिवार लोहरदगा समेत संपूर्ण दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र वासियों की सेवा में अपनी जीवन व्यतीत करने का कार्य कर दिखा रहे हैं। उक्त बातें झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने अपने वक्तव्य में कही। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू ने अपने जीवन काल में पूरे दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र के दबे-कुचले लोगों की आवाज बने रहते थे, आज वे हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनके द्वारा बताये गये मार्ग पर चलने और सर्वधर्म की सेवा करना उनके छोटे भाई हमारे आइकन धीरज प्रसाद साहू के परिवार वालों की दिनचर्या बन गयी है। उन्होंने कहा कि आज धीरज प्रसाद साहू के परिवार वालों के सामाजिक कार्यों से घबराकर लोग अनर्गल बातें बोलकर यहां के गरीब, शोषित पीड़ित और श्रमिकों को दिग्भ्रमित करने का कार्य कर रहे हैं, लेकिन श्रमिकों को भलि भांति मालूम है कि लोहरदगा ही नहीं बल्कि पूरे दक्षिणी छोटानागपुर के मजदूरों और दबे-कुचले शोषित पीड़ित लोगों के लिए हमेशा साहू परिवार वाले पीलर की तरह रात हो या दिन चौबीसों घंटे खड़ा रहते थे और रहते हैं।

# गर्मी में कड़े धूप से बचें और फ्रिज के पानी का सेवन ना करें : डॉ कुमुद

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सेवा भारती के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 149वां सप्ताह के रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 39 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बीपी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया एवं अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे खर्च में ही करायी जाती है। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा की गर्मी के मौसम में कड़े धूप से बचें एवं फ्रिज के पानी का सेवन ना करें, स्वस्थ शरीर के लिए सही खानपान बहुत महत्व रखता है। गर्मियों में खासकर सलाद का सेवन जरूर करें। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि जीव सेवा करना ही ईश्वर की सेवा करने के बराबर है। आप स्वस्थ रहेंगे तभी आप और आपका परिवार खुश रह पायेंगे। इसके लिए आपको समय-समय पर अपने शरीर का स्वास्थ्य चेकअप कराते रहना चाहिए। जिससे कि होने वाले बीमारियों का पता चल सके। सह सचिव संजय चौधरी और गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना एवं अपनेजनों का स्वास्थ चेकअप करवा कर अपने बीमारियों का इलाज भी करवा रहे हैं। शिविर में अतुल सर्राफ, दीपमाला अग्रवाल, अंजलि सर्राफ, दुर्गा प्रसाद सोनी, बृजेश कुमार भगत, संगीता वर्मा,जया कुमारी, कुणाल साहू, संजय अग्रवाल, वीरेंद्र शाहदेव, संगीता भगत, ममता शाहदेव, सुरेंद्र गुप्ता, निर्मला देवी, विकास अग्रवाल, कृष्ण प्रसाद, रामदास महतो समेत कई उपस्थित थे।

# वक्फ कानून के विरोध में अंजुमन इस्लामिया ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** वक्फ कानून 2025 के विरोध में अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के तत्वावधान में तथा सदर अब्दुल रउफ अंसारी की सदारत में रविवार को खादगढ़ा मैरेज हॉल में सभी देही अंजुमन सदर व सेक्रेटरी, जिले के सभी मस्जिद के इमामों और उलमाएकराम की संयुक्त इजलास हुई। सदर अब्दुल रउफ अंसारी ने मजलिस के सामने एजेंडा रखा जिसमें वक्फ कानून 2025 के विरोध में आंदोलन, समाज में फैल रहे जुआ, शराब और नशाखोरी से मुस्लिम नौजवानों को बचाना, मुस्लिम लड़कियों और औरतों को गैरों से बचाना आदि शामिल थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार वक्फ कानून के जरिए मुसलमानों की जमीन छीनने और मुस्लिमों को दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने का संगठित और कुत्सित प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि अंजुमन इस्लामिया के बैठकों में लिए गए निर्णय के मुताबिक आगामी 25 अप्रैल को बाद नमाज जुम्मा जामा मस्जिद से पावरगंज मस्जिद तक मानव श्रृंखला बना कर वक्फ कानून 2025 के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। 30 अप्रैल की रात नौ से रात 10 बजे तक ब्लैक आउट किया जाएगा। अंजुमन इस्लामिया के सचिव शाहिद अहमद बेलू व नाजिम ए आला हाजी अब्दुल जब्बारूल अंसारी ने संयुक्त रूप से इजाल में आए मेहमानों का स्वागत किया, जबकि पूर्व सदर हाजी शउद आलम, नाइब सदर हाजी नईम खान, सहचिव अनवर अंसारी, कोषाध्यक्ष सैयद फिरोज शाह, फारूक कुरैशी, इरशाद आलम, आदि ने मेहमानों के लिए ताम की व्यवस्था संभाली। मंच संचालन नाइब सदर सैयद आरीफ हुसैन, धन्यवाद ज्ञापन सहसचिव अल्ताफ कुरैशी ने किया। इजलास को संबोधित करने वालों में मुफ्ती सद्दाम हुसैन, मुफ्ती उमर फारूक (काजी ए शरीयत दारूल कजा लोहरदगा), जामा मस्जिद के इमाम कारी शमीम रिजवी, मोती मस्जिद के इमाम मौलाना मिन्हाज कासमी, मौलाना जाकिर हुसैन, मस्जिद ए बलाल के इमाम मौलाना अब्दुल हमीद, बंगले वाली मस्जिद के इमाम हाफिज अब्दुल रउफ, अंजुमन इस्लामिया रांची के सेक्रेटरी तारीक अनवर, झारखंड के संयोजक जुनैद अहमद, अंजुमन इस्लामिया मजलिस ए अम्मा के नाजिम हाजी अब्दुल जब्बारूल अंसारी, झामुमो के जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद, अंजुमन इस्लामिया के पूर्व सदर हाजी शकील अहमद, पूर्व सचिव हाजी सज्जाद खान, भंडरा प्रखंड अंजुमन इस्लामिया के सदर आफताब आलम, कैरो प्रखंड अंजुमन इस्लामिया के सचिव समीद अंसारी, सेन्हा प्रखंड अंजुमन इस्लामिया के सदर इमरान आजाद, कुडू के मौलाना यासीन अहमद, किस्को प्रखंड अंजुमन इस्लामिया के मोहिबुल्ला अंसारी आदि ने शामिल थे।

# बालूमाथ थाना चौक पर भारी वाहनों से रही जाम की स्थिति

आजाद सिपाही संवाददाता



**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना चौक पर इन दिनों सुबह से लेकर रात्रि के नौ बजे तक भारी मालवाहक हाईवा वाहनों के कारण जाम की स्थिति ने विकराल रूप ले लिया है। स्थिति यह हो गयी है कि आमजन को दिनभर लंबा इंतजार करना पड़ता है, वहीं स्कूली बच्चों, मरीजों व ऑफिस जाने वाले लोगों को भी भारीपरेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि थाना चौक से होकर गुजरने वाली मुख्य सड़क पर प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में भारी मालवाहक वाहन-जैसे ट्रक, डंपर आदि-बिना किसी नियंत्रण के चल रहे हैं। इससे सड़क पर अव्यवस्था फैल रही है और अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। यह जाम कभी-कभी घंटों तक बना रहता है, जिससे न केवल आवाजाही प्रभावित होती है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है।

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन की लापरवाही के कारण यह समस्या लगातार बढ़ रही है। न तो ट्रैफिक पुलिस की कोई सक्रियता दिखती है और न ही जाम को हटाने के लिए कोई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। चौक पर न तो कोई ट्रैफिक सिग्नल है और न ही पार्किंग की उचित व्यवस्था।

## संत तुलसीदास महाविद्यालय में मना पोषण पखवाड़ा




**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला संत तुलसीदास महाविद्यालय में पोषण पखवाड़ा दिवस के तहत महाविद्यालय में रविवार को पोषण पखवाड़ा का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य कृष्ण कुमार चौबे और संचालन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश शुक्ला ने किया। इसमें छात्र-छात्राओं और शिक्षक-कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा। प्राचार्य ने स्वच्छ और स्वस्थ रहने के उपाय बताएं। कहा कि लोग साफ-सफाई पर ध्यान देंगे तो कुपोषण का शिकार नहीं बनेंगे। महाविद्यालय द्वारा गोद लिये गये गोदरमा गांव जाकर बच्चों को कुपोषण से छुटकारा दिलाने एवं अन्य उपाय बताए गए। साथी ही गर्भवती महिलाओं से संतुलित आहार युक्त भोजन लेने को कहा गया। इस मौके पर परीक्षा नियंत्रक शशि रंजन सिंह, संतोष शुक्ला, टीपी तिवारी, डॉ सुनील यादव, अस्मिता पांडे, शबनम निशा, आशा कुमारी, प्रधान सहायक अमित कुमार, जितेंद्र पाठक, सुनील कुमार, देव प्रकाश पांडे, अर्चना मिश्रा, नरेंद्र मिश्रा, सुधीर यादव, आशीष पांडे और सुधीर चौबे आदि मौजूद थे।

# मेदिनीनगर थाना परिसर में भीषण आग, कई गाड़ियां जलकर खाक

## दमकल के दो इंजनों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू





मेदिनीनगर टाउन थाना में लगी भीषण आग की उठती लपटें। आग पर काबू पाने की कोशिश करते पुलिस कर्मी एवं जले हुए वाहन।

**आग लगने के कारणों का पता लगाने में जुटी पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के टाउन थाना परिसर में रविवार की दोपहर अचानक आग लग गई। इससे मालखाना के कई वाहन जलकर राख हो गए। जिस स्थान पर यह घटना हुई, वहां से कुछ दूरी पर पुलिस कर्मियों का क्वार्टर, महिला थाना और टीओपी है। उधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद दमकल के इंजन मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि आग लगने के सटीक कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस कर्मियों की मानें तो इस दिन दोपहर में टाउन थाना परिसर में झाड़ियों में अचानक आग लग गई थी। धीरे-धीरे यह आग झाड़ियों से मालखाना के वाहनों तक पहुंच गई, जिसकी चपेट में आने से कई वाहन धू-धू कर जलने लगे। उधर, आग लगने की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गये और तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। इस दौरान टाउन थाना के मालखाना से संबंधित कई बाइक और चार पहिया वाहन जल गए। मेदिनीनगर टाउन थाना के प्रभारी गुलशन बिरुआ ने आग लगने और वाहनों के जलने की पुष्टि की है। कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। बतातें चलें कि आग लगने के बाद पुलिस के जवानों ने भी पहले अपने स्तर पर आग पर काबू पाने की कोशिश की। जवानों ने आग को फैलने से रोका और फायर ब्रिगेड के आने तक उसे बुझाने की कोशिश की। इसके बाद दमकल के इंजन पहुंचने के बाद आग पर काबू पाया जा सका। उधर, आग लगने की इस घटना में कितनी गाड़ियां जली हैं इसका आकलन किया जा रहा है।

**धनबाद-बेरमो-बोकारो की खबरें**

# आग के बीच कार्य करना बहुत ही कठिन कार्य है : जज संजय प्रसाद

**- झरिया में आग की स्थिति एवं अग्नि प्रभावित परियोजना के साथ ही संचालन और आस पास के बस्ती के लोगों का हाल चाल जानने दो दिवसीय दौरे पर धनबाद पहुंचे हैं रांची हाईकोर्ट के न्यायाधीश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार।** रांची हाईकोर्ट के जज संजय प्रसाद रविवार को राजापुर आउटसोर्सिंग परियोजना पहुंचे। वे धधकती आग के बीच चल रही मशीनों एवं इसमें कार्य कर रहे लोगों को देख प्रभावित हुए। इस दौरान उन्होंने प्रबंधन से उत्पादन के तरीकों को बारीकी से समझा। जज ने अन्य मशीनों को आग के बीच कार्य को डेमो करवा कर देखा और कार्य कर रहे आउटसोर्सिंग प्रबंधन की तारीफ की। कहा कि आग के बीच कार्य करना बहुत ही कठिन कार्य है। पूरे परियोजना के कार्य के नक्शा का अवलोकन कर समझा। हालांकि परियोजना के बगल में पानी का भंडारण देख थोड़ा नाराज दिखे। कहा कि आउटसोर्सिंग प्रबंधन का कार्य बहुत ही सराहनीय है पर बीसीसीएल प्रबंधन अभी भंडारण पानी की निकासी नहीं करा पाए। वे परियोजना के बगल की बस्ती में भी लोगों के हाल चाल लेने पहुंचे पर कोई भी बस्ती वाले वहां नहीं आए। इस मौके पर बस्ताकोला महाप्रबंधक एके सिन्हा, एपीएम अभिषेक कुमार, राजापुर कोलियरी के पीओ केके सिंह, आउटसोर्सिंग प्रबंधक सत्येंद्र सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। बतातें चलें कि शनिवार की देर रात जज संजय प्रसाद ऐना आरके आउटसोर्सिंग पहुंचे थे। यहां भी इन्होंने नक्शा का आवलोकन कर आग के बीच कार्य कर लोगों को देखा। इसके अलावा कार्य करने की सभी तकनीकों की जानकारी ली। इस परियोजना के बगल में बस्ती को देख वे प्रबंधन पर बिफरे थे। कहा कि परियोजना के बगल के बस्ती को सुरक्षा के दृष्टिकोण से सुरक्षित स्थान पर बसानी चाहिए थी। बता दें कि जज संजय प्रसाद झरिया में आग की स्थिति एवं अग्नि प्रभावित परियोजना का संचालन और आस पास के बस्ती के लोगों का हाल चाल लेने दो दिवसीय दौरा पर धनबाद आए है। वे देखना चाह रहे है कि आग के बीच परियोजना का कार्य कैसे किया जा रहा है।

## सरायढेला मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष बने अभिषेक अग्रवाल



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** क्लब में रविवार को मारवाड़ी युवा मंच सरायढेला शाखा का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। जिसमें नव-निर्वाचित कार्यकारिणी ने समाज सेवा की शपथ ली। मुख्य अतिथि के रूप में डीडीसी सनत अनवर उपस्थित हुए और सामाजिक सेवाओं की सराहना करते हुए उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इनके अलावा धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल, झारखंड मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय उपाध्यक्ष आदित्य अग्रवाल, विवेक लिल्हा, बजरंग अग्रवाल, प्रवीण काजरियाल, प्रियंका चौधरी, नीरज अग्रवाल आदि उपस्थित थे। वहीं, सत्र 2025 -26 के लिए नव-निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाला, सचिव विकास अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शंभु अग्रवाल, उपाध्यक्ष विशाल सावरिया, कार्यकारिणी सदस्य, डॉ उर्मी, खुशबू, नेहा अग्रवाला, सुमन अग्रवाला, नेहा केजरीवाल, प्रियंका चौधरी, निशा अग्रवाल, निलिमा अग्रवाला, पायल, मोनिका, रिशु, शिल्पा, आयुषी, एकता, नेहा, गुंजन, प्रिया, स्वाति, मेघा गोयल, पूजा सिंघल शामिल हैं। इस दौरान महिलाओं के लिए गर्भाशय ग्रीवा वैक्सीन, एकल डोज स्वास्थ्य शिविर जिसमें दंत चिकित्सा, नेत्र जांच और सामान्य जांच शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

## रेल टिकट जांच अभियान में पकड़े गये 225 यात्री, 1.37 लाख रुपये का वसूला जुर्माना



**पिछरी/बेरमो (आजाद सिपाही)।** धनबाद की आइसीपी टिकट जांच अभियान टीम की ओर से धनबाद, चंद्रपुरा एवं फुसरो रेलखंड में सुनियोजित कार्यक्रम के तहत विशेष जांच अभियान चलाया गया। जांच टीमों ने विभिन्न स्टेशनों एवं मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों में भी जांच की। इस दौरान बिना टिकट या अनुचित टिकट के साथ यात्रा कर रहे कुल 225 यात्रियों को पकड़ा गया। उनसे एकलाख 37 हजार 785 रुपए जुर्माना वसूला गया। साथ ही पकड़े गए यात्रियों को उचित टिकट के साथ यात्रा करने की कड़ी हिदायत दी गई। उक्त जानकारी धनबाद के वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी मो इकबाल ने दी। उन्होंने बताया कि धनबाद मंडल की ओर से निरंतर टिकट जांच की जा रही है, जो आगे भी जारी रहेगी। इस तरह के जांच अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाना है। ताकि वे अगली बार टिकट लेकर यात्रा करें, जिससे उचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को तरह की परेशानियों का सामना करना ना पड़े।

## राम रतन उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य का निधन



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो थाना क्षेत्र स्थित ढोरी के राम रतन उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य मनोज कुमार साहनी (49) का शनिवार की देर रात अचानक तबीयत खराब होने के कारण निधन हो गया। पता चला है कि प्रभारी प्रधानाचार्य मनोज साहनी की ड्यूटी मैट्रिक परीक्षा की कॉपी जांच करने के लिए बोकारो में लगी हुई थी। वह अपने भाई के यहां सेक्टर 6 में रहकर ड्यूटी कर रहे थे। शनिवार की रात अचानक उन्हें सिने में दर्द एवं सांस लेने में परेशानी होने लगी। तभी परिजन उन्हें उपचार के लिए बीजीएच बोकारो ले जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में ही उनका निधन हो गया। शव का अंतिम संस्कार सोमवार को बोकारो गारगा नदी तट पर किया जायेगा। उधर, विद्यालय प्रबंधन के अनुसार प्रभारी प्रधानाचार्य मनोज कुमार साहनी के निधन पर सोमवार को विद्यालय में शोकसभा आयोजित करने के बाद विद्यालय में अवकाश रखा जायेगा। बताया कि विद्यालय में 10 जुलाई 2019 को मनोज साहनी की नियुक्ति हुई थी। वह विद्यालय में प्रभारी प्रधानाचार्य के साथ ही रसायन शास्त्र एवं जीव विज्ञान के शिक्षक भी थे। इससे पहले वे डीएवी ढोरी के भी शिक्षक रह चुके है। वह अपने पीछे पत्नी, एक पुत्री, एक पुत्र सहित भरापुरा परिवार छोड़ गये है। उधर, उनके निधन पर बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह, बीडीओ मुकेश कुमार, सीओ संजीत कुमार सिंह, विद्यालय के अजीत कुमार सिंह, विजया मिश्रा, संजय कुमार, आकाश, वीणा कुमारी, बीना कुमारी, अनूप मेहता, गायत्री कुमारी और अल्पना कुमारी आदि ने शोक व्यक्त किया।

## सड़क दुर्घटना में एके सिंह कॉलेज के लेखापाल घायल



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला-छतरपुर मुख्य रोड के नहर मोड़ के समीप रविवार को सड़क दुर्घटना में एके सिंह कॉलेज के लेखापाल ओमप्रकाश सिंह उर्फ झूना गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। जहां प्रारंभिक इलाज के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर किया गया। बताया जा रहा कि इस दिन सुबह घर से जपला बाजार आये थे। वहां एक कुत्ता बाइक के सामने आ गया, जिसे बचाने के क्रम में बाइक असंतुलित होकर गिर गई। उधर, चिकित्सकों की मानें तो हादसे में उनका हाथ टूट गया है। वहीं, शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आयी हैं।

## अविनाश देव और अरुणा शंकर ने संत मरियम के बच्चों के साथ देखी फिल्म 'छावा'

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर स्थित संत मरियम आवासीय विद्यालय के लगभग 400 बच्चों ने रविवार को मोहन सिन्मा हॉल में जाकर छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र शंभाजी राव पर बनी फिल्म 'छावा' का आनंद लिया। इस दौरान विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने मौके पर उपस्थित प्रथम महापौर अरुणा शंकर को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर शुभकामनाएं दी। साथ ही मोहन सिनेमा को पुनर्जीवित करने के लिए उसके प्रोपराइटर ज्ञान शंकर एवं आनंद शंकर को भी शुभकामनाएं दी। बतातें चलें कि मोहन सिनेता हॉल कुछ समय पहले नवनिर्माण के लिए बंद था, जिसका हाल ही में पुनः उद्घाटन हुआ है। इस अवसर पर अविनाश देव ने कहा कि पुराने विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए वे आभारी हैं। वहीं, प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि मोहन सिनेमा हॉल को अत्याधुनिक तरीके से नवनिर्मित किया गया है। बच्चों के उत्साह और उमंग को देखकर लगता है कि यह हॉल फिर से अपनी पुरानी पहचान बना लेगा। कहा कि संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव बधाई के पात्र हैं, क्योंकि वे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। समय-समय पर बच्चों की पढ़ाई के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों से बच्चों का मनोरंजन करवाते हैं। उसी कड़ी में आज उन्होंने अपने विद्यालय के बच्चों को ऐतिहासिक फिल्म दिखाकर उनके अंदर राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने का कार्य किया है। उन्होंने संत मरियम विद्यालय को पलामू का कोहिनूर बताया। वहीं, बच्चों ने फिल्म का भरपूर आनंद लिया। अविनाश देव और अरुणा शंकर ने बच्चों के साथ बैठकर फिल्म का आनंद लिया। दूसरी ओर, मोहन सिनेमा हॉल के पुनः उद्घाटन से मेदिनीनगर के लोगों को एक बार फिर से सिनेमा का आनंद लेने का अवसर मिला है। इस मौके पर हॉस्टल इंचार्ज उत्कर्ष देव, उप प्राचार्य एसबी साहा, रौशन सर, डब्ल्यू सर, डॉ स्वाधीन सर आदि उपस्थित रहे।

## आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में सात घायल

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के दुल्हर गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट की घटना में दोनों पक्षों के सात लोग घायल हो गए। घायलों में प्रथम पक्ष के देवानंद सिंह, विपिन सिंह, जबकि दूसरे पक्ष के राजकरण सिंह, कमलेश सिंह, सुमित सिंह, श्रवण सिंह और उत्कर्ष सिंह के नाम शामिल है। सभी घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। जबकि, गंभीर रूप से घायल कमलेश सिंह और विपिन सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया की दोनों पक्षों की ओर से लिखित आवेदन मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर निकाली गयी नगर भ्रमण यात्रा

# यज्ञ हवन से वातावरण शुद्ध होता है : धर्मराज पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



नगर भ्रमण यात्रा में शामिल श्रद्धालु एवं अन्य।

**हुसैनाबाद।** झारखंड-बिहार सीमा क्षेत्र के कजरात कररबार नदी के तट पर अवस्थित भगवान भास्कर एवं ग्राम देवी मां की प्रतिमा स्थापित करने के लिए यज्ञाधीश श्री श्री 1008 श्री घनश्यामाचार्य (बालक स्वामी) एवं अर्जुन दास महाराज के सानिध्य में हो रहे पांच दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के तीसरे दिन रविवार को यज्ञाचार्य धर्मराज पांडेय के नेतृत्व में कजरात नावाडीह गांव में गाजे बाजे के साथ फूल पत्ती से डोली को सजाकर नगर भ्रमण यात्रा निकाली गई। कजरात नावाडीह गांव के प्रत्येक घरों के दरवाजे पर डोली घुमाई गई। जहां श्रद्धालुओं ने अन्न, फल, वस्त्र, मिष्ठान, द्रव्य आदि दान देकर स्वागत किया। नगर भ्रमण में उपस्थित महिलाओं में विशेष उत्साह रहा। महिलाएं पारंपरिक गीत गाते हुए डोली के साथ-साथ चल रही थी। वहीं बेलबिगहा पंचायत की मुखिया अनंती देवी, पूर्व मुखिया रामलखन यादव नगर भ्रमण यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के साथ भ्रमण किये। यज्ञाचार्य धर्मराज पाण्डेय ने बताया कि श्रीश्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के चौथे दिन यानी सोमवार को भगवान भास्कर एवं ग्राम देवी मां की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी। वहीं, 22 को पूर्णाहूति एवं महाभंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। यज्ञाचार्य धर्मराज पाण्डेय ने कहा कि यज्ञ हवन से वातावरण शुद्ध होता है। इसका अध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व है। इस मौके पर मुख्य यजमान कृष्णा यादव, ममता देवी, प्रमोद प्रजापति, ललन मेहता, बिगन प्रजापति, सरिता देवी, रामाकांत यादव, रवि मेहता, रितेश यादव, श्री राम यादव, दिलीप साव, विजय साव, रिंकू गुप्ता,पंकज प्रजापति, छोटू मेहता, पप्पू यादव, धनंजय राम आदि मौजूद रहे।

## सेवा करने वाला हर हाथ सदा ही प्रेरणादायी होता है: मिशन समृद्धि



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** मिशन समृद्धि संस्था की पूरी टीम निःस्वार्थ भाव से पलामू में वंचित वर्गों के बच्चों की शिक्षा और लोगों की मदद से तत्पर रहती है। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के क्षेत्र में प्रयत्नशील है। इस सेवा का कोई शुल्क नहीं, सिर्फ मानवता की सेवा के लिए समाज के लिए काम करने का जज्बा है। संगठन की ओर से शनि मंदिर के पास मौजूद लोगों के बीच रोटी-सब्जी का वितरण किया गया जो निरंतर चलता ही रहता है। सचिव दीप्ति शरण ने कहा कि मिशन समृद्धि संस्था की पूरी टीम के जज्बा और मानवीयता को सलाम है। रोटी देने वाले परिवारों का अभिनंदन है। शेखर, संजीव कुमार, संध्या, शेखर, बैजंती गुप्ता, वीणा, राज, ममता, शिल्पी गोस्वामी और बेबी पांडेय आदि का इस कार्य में सरहनीय योगदान रहा।

## कतरास मारवाड़ी महिला समिति ने किया योग गुरु को सम्मानित



**कतरास (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी महिला समिति की ओर से संचालित स्थायी योग केंद्र का एक साल पूरा होने पर रविवार को कतरास सत्संग भवन में समारोह आयोजित कर पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मुख्य योग शिक्षक श्री मति चंद्रावती दीदी एवं संतोष जी को सम्मानित किया गया। इस दौरान योग प्रायाणाम का अभ्यास किया गया। मौके पर समिति की अध्यक्ष रीतू अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष प्रियंका चौधरी, राखी रजनी, सीता खंडेलवाल, कंचन, पूनम, सुधा, मंजू, नूतन, मंजू रीना, सुधा साव आदि दर्जनों महिलाएं उपस्थित थीं।

## महुआटांड़ में लाभुकों के बीच के चूजे का वितरण

**आइइएल (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड के महुवाटांड़ पंचायत स्थित प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय परिसर में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 11 यूनिट चूजों का वितरण प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ सुरेश कुमार द्वारा लाभुको के बीच किया गया। उन्होंने लाभुकों से कहा कि यह पशुधन योजना से चूज़े का वितरण स्वरोजगार के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है।

# बंगाल में हिंदुओं पर हुए अत्याचार के विरोध में ममता बनर्जी का पुतला फूंका

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** पश्चिम बंगाल में हिंदू समुदाय पर हो रहे कथित अत्याचारों के विरोध में रविवार को गुमला की सड़कों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृ शक्ति और दुर्गा वाहिनी की छत्रछाया में एक विशाल आक्रोश रैली निकाली गयी, जिसमें हजारों सनातनी शामिल हुए। रैली की शुरूआत हनुमान मंदिर, बड़ाइक मोहल्ला से हुई जो जशपुर रोड, मेन रोड से गुजरती हुई टावर चौक पहुंची। जहां पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन कर गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने अपना आक्रोश प्रकट किया। मौके पर बजरंग दल के जिला संयोजक संतोष यादव ने कहा कि बंगाल में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा यह प्रमाणित कर रही है कि ममता बनर्जी राज्य को बांग्लादेश और पाकिस्तान बनाना चाहती हैं। जिहादी ताकतों को संरक्षण दिया जा रहा है और हिंदुओं के घर चिन्हित कर हमला किया जा रहा है। जबकि विभाग संयोजक मुकेश सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि इन विधर्मियों द्वारा हिंदुओं पर इस्लाम कबूल करने का दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अमानवीय भीड़ ने एक छह महीने के बच्चे को उसकी माँ की गोद से छीनकर आग के हवाले कर दिया। यह घटना न केवल नृशंस है अपितु देश की एकता और संविधान के खिलाफ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि बंगाल में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा नहीं रुकी, तो विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल राष्ट्रव्यापी आंदोलन छेड़ने को बाध्य होंगे और जरूरत पड़ी तो हिंदुओं का कुंभ भी बुलाया जायेगा। इस विरोध प्रदर्शन में विहिप अध्यक्ष अजय सिंह राणा, सेवा प्रमुख अमन कुमार राणा, नगर संयोजक ब्रिज गोप, गौ रक्षा प्रमुख श्याम मंत्री, नगर अध्यक्ष मनोज साहू, रक्षा प्रमुख शिवा गुप्ता, अखाड़ा प्रमुख रविंद्र सिंह, नगर उपाध्यक्ष प्रकाश भगत, केशव चंद्र शाय, भिकेश्वर नागमणि, बृज गोप, अरविंद लोहारा, लक्ष्मी बड़ाइक, दीपक सोनी, बबलू वर्मा, अमन कुमार, नितेश सिंह, रोहित राम, आशीष कुमार सिंह, विकास कुमार सिंह, अशोक कुमार साहू, नलिन कुमार, राजन कुमार, मुकेश राम, कुलदीप राम, शुभम पाठक, शानू साहू, आकाश कुमार पूरी, रविंदर सिंह, रवि नायक, उमेश राम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एंबुलेंस चालक की लापरवाही से मरीज की मौत मामले की स्वास्थ्य विभाग ने की जांच, आरोपों को निराधार बताया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सदर थाना के नागफेनी के समीप स्कूटी और बाइक के बीच हुए टक्कर के बाद सदर अस्पताल से घायल अजय तिग्गा को रिम्स रेफर किये जाने और उसे रिम्स ले जाने के लिए एंबुलेंस में लोड कर चालक के भाग जाने के मामले पर स्वास्थ्य विभाग ने संज्ञान लेकर रविवार की अपराह्न 4 बजे गंभीरता पूर्वक जांच की। इस दौरान सीएस डॉक्टर नवल किशोर और डीएस ने सदर अस्पताल पहुंच कर एम्बुलेंस के चालक घायल का इलाज करने वाले डॉक्टर समेत कई अन्य लोगो से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान यह तथ्य निकल कर सामने आया कि घायल को सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार किये जाने के बाद उन्हें बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किये जाने के बाद परिजनों के कॉल पर उन्हें फौरन एम्बुलेंस मिल गया था।जिसके बाद उन्हें ऑक्सीजन के साथ एम्बुलेंस तक लाया गया। इसके बाद एम्बुलेंस में लोड कर उसके चालक ड्मरुधर द्वारा एम्बुलेंस का ऑक्सीजन स्पोर्ट किया गया। एम्बुलेंस में पर्याप्त ऑक्सीजन था। ऑक्सीजन सपोर्ट किए जाने के बाद चालक के द्वारा नर्स को बुलाकर सलाइन शुरू कराया गया। मगर इस दौरान घायल ने खून की उल्टी कर दी।साथ ही उसका धड़कन काफी तेज हो गया। जिसे देख परिजन घबरा गये। इसके बाद वे खुद चालक को डॉक्टर को बुलाने भेज दिया। चालक के पीछे-पीछे कुछ परिजन भी डॉक्टर को बुलाने पहुंचे। इसके बाद डॉक्टर ज्योति कुमारी मौके पर पहुंच कर घायल मरीज की जांच की। साथ ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर के द्वारा घायल को डेथ घोषित करते ही एक ओर चालक स्टार्ट एम्बुलेंस को बंद कर स्टीयरिंग से नीचे उतर गया। तभी परिजन अपना आपा खो बैठे और चालक के साथ उलझ गये। लोग उसके साथ धक्का मुक्की व हाथापाई करने लगे। इस दौरान अस्पताल में काफी भीड़ लगा हुआ था। तभी अस्पताल के कुछ कर्मियों ने चालक को लोगो से बचाकर किनारे कर दिया। जिसके बाद परिजन चालक के भाग जाने के कारण घायल की मौत होने व ऑक्सीजन नही दिए जाने की बात कहकर बवाल काटने लगे। इस दौरान अस्पताल में कई कर्मी भी खुद को असुरक्षित महसूस करने लगे। मरीज को डेथ घोषित करने वाली महिला डॉक्टर ज्योति भी खुद को असुरक्षित महसूस कर अपने चैंबर में चली गयी। फिर पुलिस के आने के बाद वह अस्पताल से बाहर निकल गयी।

सिविल सर्जन डॉक्टर नवल कुमार ने कहा कि एम्बुलेंस में घायल को लोड कर चालक के भागने और घायल को ऑक्सीजन नही चढ़ाये जाने के मामले को उन्होंने संज्ञान लेकर इसकी फैक्ट जांच की। इससे मामले से जुड़े सभी लोगो से पूछताछ किया। जांच में सभी आरोपो को निराधार पाया गया। उन्होंने कहा कि चालक को परिजन ने खुद डॉक्टर को बुलाने भेजा। उन्होंने कहा कि ऑक्सिजन नही चढ़ाए जाने का आरोप भी गलत है।

# इसाई धर्मावलंबियों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया पास्का पर्व

आजाद सिपाही संवाददाता



**जारी।** प्रभु यीशु के पुनः जी उठने की घटना की याद में जारी प्रखंड के चारो पल्लियों में रविवार को पास्का का पर्व ईसाई धर्मावलंबियों ने हर्षोउल्लास के साथ मनाया। आरसी समुदाय के लोग जहां चर्च में विशेष प्रार्थना व मिस्सा अनुष्ठान में शामिल हुए तो वहीं जीएल समुदाय के लोगों ने कब्रागाहों में जाकर मोमबत्तियां जलाकर अपने पूर्वजों को याद किया। सर्वप्रथम सभी पल्लियों मे मिस्सा अनुष्ठान का आयोजन किया गया।जरमाना पल्ली मे पल्ली पुरोहित निरंजन एक्का भिखमपुर पल्ली मे फादर प्रेम प्रकाश इन्दवार, बारडीह पल्ली में ललित जोन एक्का पारसा पल्ली में अमित डांग ने मुख्य अधिष्ठाता के रूप मे निभाया। वहीं मौके पर उपस्थित भिखमपुर पल्ली के मुख्य अधिष्ठाता फादर जोन टोप्पो ने संदेश देते हुए कहा कि प्रभु यीशु का जी उठाना एक अद्भुत घटना है प्रभु हमें बुराइयों से दूर रखें मुक्ति दाता प्रभु यीशु हम सबकी मंगल कामना पूरी करें प्रभु की कृपा व शांति सबों पर बनी रहे। हम सबको पाप का मार्ग छोड़कर अच्छाई की ओर बढ़ना चाहिए उन्होंने कहा कि चालीसा कल का समय विशेष कर यीशु ख्रीस्त के दुख भोग मरन और पुनरुत्थान पर मनन चिंतन करने का समय होता है उन्होंने कहा कि पर खुशी आनंद और आशा का संदेश देता है प्रभु यीशु ने संदेश दिया की प्रेम सेवा क्षमा दुखियों के प्रति सहानुभूति दिखाना है आज उससे हमारे जीवन में अमल करने की जरूरत है। चालीसा समय 40 दिन का प्रार्थना उपवास तपस्या पापों के लिए प्रयाश्चित करना था। मौके पर फा ग्रेगोरी कुल्लु, फा अजित केरकेट्टा, फा जोन टोप्पो, फा प्रदीप एक्का, फा अमृत कुजूर, फा प्रेम प्रकाश इन्दवार, फा संजय सहित सैकड़ो ख्रीस्तीय विश्वासी उपस्थित थे।

# भारत विकास परिषद की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** 20 अप्रैल 2025 दिन रविवार को जशपुर रोड स्थित बिंदेश होटल में भारत विकास परिषद शाखा गुमला की बैठक आहूत की गयी। बैठक में विगत दो वर्षों में किये गये कार्यों का उल्लेख उक्त कार्यक्रम की सफलता का लेखा-जोखा निवर्तमान अध्यक्ष हरि किशोर शाही, संरक्षक निर्मल गोयल, विनय कुमार लाल की उपस्थिति में संपन्न हुई। इन सभी महानुभावों के द्वारा आगामी कार्यक्रम एवं परिषद की विस्तार पर गहन चिंतन किया गया। साथ ही साथ संरक्षक महोदय के द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता का संरक्षक के द्वारा माला पहनकर स्वागत किया गया। बैठक में मुख्य रूप से भारत विकास परिषद के सचिव राकेश वर्मा, परिषद के संगठन मंत्री सह मीडिया प्रभारी बालकेश्वर सिंह, संगठन मंत्री अमित कुमार, परिषद के मुख्य सदस्य सागर उरांव, मनमोहन सिंह और अजय किशोर पांडे मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# शिलांग में पदस्थापित सीआरपीएफ जवान का पार्थिव शरीर पहुंचा गांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**कामडारा।** शिलांग मेघालय मे पदस्थापित सीआरपीएफ के जवान सुनील तोपनो 56 का पार्थिव शरीर पोकला गेट मे लाया गया। विधिपूर्वक हुई अंतिम संस्कार। जानकारी के मुताबिक कामडारा प्रखंड क्षेत्र के गांव पाकुट पहानटोली निवासी सुनील तोपनो सीआरपीएफ का जवान फिलवक्त शिलांग मेघालय में पदस्थापित था और अपनी डियूटी कर रहा था। बताया जा रहा है कि बीती शुक्रवार को डियूटी के दौरान अचानक उसकी तबीयत खराब हो गयी थी। जिसे देख सीआरपीएफ के जवानों ने उसे तुरंत स्थानीय एक अस्पताल मे ले जाकर भर्ती कराया परंतु उसकी मौत हो गयी। इधर रविवार को सीआरपीएफ बटालियन 67 के जवानों ने वरीय अधिकारियों के निर्देश पर जवान सुनील तोपनो के पार्थिव शरीर को विमान के द्वारा रांची तक लाने के बाद सड़क मार्ग होते हुए उसके निवर्तमान पोकला गेट स्थित मकान पर लाकर उनके परिजनों सौंपा। इसके बाद देर शाम सात बजे के आसपास पोकला गेट स्थित कब्रगाह में विधिपूर्वक उसका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान फादर अजीत केरकेट्टा, मुखिया विनिता तोपनो, अजीत गुड़िया, अजीत केरकेट्टा, सिंकदर साहु, निबय तोपनो सहित आसपास के लोग काफी संख्या मे मौजूद थे।

# मिस्सा अनुष्ठान के साथ शुरू हुआ इस्टर

आाजद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** प्रेम, सेवा, सत्य, त्याग और बलिदान का धर्म एक साथ निभाने वाला आम मानव नही हो सकता। ये महापुरुष और ईश्वर की संतान होते हैं। ईश्वर इन्हे समाज को मजबूत बनाने की क्षमता देता है। उक्त बातें ईस्टर पर रात्रि मिस्सा के दौरान अपने संदेश में विशप स्वामी डॉ लिनुस पिंगल ने कही। उन्होने कहा कि प्रत्येक समाज में बहुत बड़ी ताकत है। जरूरत है समाज के महत्व को समझने की। उन्होंने ईस्टर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुड फ्राइडे के तीसरे दिन यीशु अपनी कन्न में से जी उठे थे। ईसा मसीह ने जी उठने के बाद अपने चेलों के साथ 40 दिन रहकर हजारों लोगों को दर्शन दिया। वे दुनिया को प्यार और सत्य बांटने के लिए वापस आए थे। वे एक राजा थे। जिस क्रूस पर यीशु मसीह को चढ़ाया गया, उस पर उस समय की यूनानी भाषा में लिखा था-नासरत का यीशु यहूदियों का राजा है, लेकिन वे लोग अनजाने में मसीह को क्रूस पर चढ़ा रहे थे। उस समय भी यीशु ने ये कहा, हे पिता परमेश्वर, इन लोगों को माफ करना, क्योंकि ये नहीं जानते कि वे क्या कर रहे हैं।

गुमला धर्मप्रांत के सभी 39 पल्लियों में मिस्सा अनुष्ठान के बीच पास्का पर्व यानी ईस्टर मनाया गया। जिला मुख्यालय में मुख्य समारोह संत पात्रिक महागिरजाघर में संपन्न हुआ। जहां रात्रि जागरण मिस्सा विशप स्वामी डॉ लिनुश पिंगल एक्का की अगुवाई में मिस्सा अनुष्ठान किया गया। इसके सह अधिष्ठाता विकर जनरल फादर जेफ्रनासियुस तिर्की व फादर इम्मानवेल थे। रविवार को अहले सुबह 6 बजे दूसरा मिस्सा अनुष्ठान हुआ। जिसके मुख्य अधिष्ठाता जेफ्रनियुश तिर्की वहीं सह अधिष्ठाता फादर जेरोम एक्का, फादर जीतन कुजूर थे। मौके पर फा. सीप्रियन कुल्लू, फा मुनसन बिलुंग, फादर नीलम, फादर कुलदीप, फा मनोहर खोया, सिस्टर हिरमिला लकड़ा, सिस्टर ललिता, जयंति तिर्की समेत कई पुरोहित थे।

# बाइकों की टक्कर में दो लोग घायल

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** हाई स्कूल मैदान के समीप मोटरसाइकिल सड़क दुर्घटना में 2 लोग घायल हो गये। घायलों में कल्हेपाट निवासी सज्जाद अंसारी, गुमला निवासी रंजीत कुमार, के नाम शामिल है। घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार रंजीत कुमार घाघरा में डॉक्टर के पास से दिखा कर अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से गुमला की ओर जा रहा था। इसी क्रम में पीछे से आ रहे हैं मोटरसाइकिल चालक सज्जाद अंसारी ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गये। जबकि बाइक सवार अन्य लोगों को कोई चोट नहीं लगी।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के गुमला शाखा में संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका डॉक्टर दादी रतन मोहिनी के 101 वर्ष की आयु में स्वर्गारोहण पश्चात श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला उपभोक्ता फोरम अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडे, राजयोगिनी शांति दीदी, पवन अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, ममता, अमृता, अनिता, मंजू , अंजिता, आशा, मंगल आशीष, शिव समेत सैकड़ो की संख्या में भाई-बहनों ने श्रद्धांजलि समर्पित की। कहा कि दादी रतन मोहिनी ने अपने सेवा काल में हजारों भाई-बहनों को प्रशिक्षित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया।

सभा को संबोधित करते हुए शांति दीदी ने दादी के जीवनी बताते हुए कहा कि दादी रतन मोहिनी जी का जन्म 25 मार्च 1925 को हैदराबाद, सिंध (अब पाकिस्तान में) में हुआ था। उनका बचपन का नाम लक्ष्मी था और वह एक धार्मिक परिवार से ताल्लुक रखती थीं। वह शुरू से ही पढ़ाई में अच्छी थीं और आध्यात्मिकता की ओर झुकी हुई थीं। 13 साल की उम्र में, उन्होंने ब्रह्मा कुमारी के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा के संपर्क में आयीं और उनकी सिखायी गयी आध्यात्मिक ज्ञान को गहराई से समझने लगीं।

दादी रतन मोहिनी ने ब्रह्मा कुमारी में विभिन्न नेतृत्व भूमिकाएं निभायी, जिनमें राजयोग शिक्षा और अनुसंधान फाउंडेशन की युवा शाखा की अध्यक्ष और भारत में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम की निदेशक शामिल हैं। 1954 में, दादी रतन मोहिनी ने जापान में विश्व शांति सम्मेलन में ब्रह्मा कुमारी का प्रतिनिधित्व किया और लगभग एक साल तक हांगकांग, सिंगापुर और मलेशिया में आध्यात्मिक सेवा की।

## स्पोर्ट्स



मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब किंग्स ने 20 ओवर में छह विकेट पर 157 रन बनाये। जवाब में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18 .5 ओवर में 3 विकेट पर 159 रन बनाते हुए जीत दर्ज की।

# आइपीएल : बेंगलुरु ने पंजाब को 7 विकेट से हराया

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के महराजा यदविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) 2025 सीजन का 37वां मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया। मुकाबले में बेंगलुरु की टीम ने पंजाब की टीम को सात विकेट से हरा दिया।

मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब किंग्स ने 20 ओवर में छह विकेट पर 157 रन बनाये। जवाब में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18.5 ओवर में 3 विकेट पर 159 रन बनाते हुए जीत दर्ज कर ली। विराट कोहली 73 रन बनाकर नाबाद रहे। देवदत्त पडिक्कल ने 61 रन की पारी खेली। इस जीत के साथ आरसीबी के आठ मैचों में पांच जीत और तीन हार के साथ 10 अंक हो गए हैं। टीम अंक तालिका में तीसरे नंबर पर पहुंच गई है। पंजाब की टीम के भी आठ मैचों में पांच जीत और तीन हार के साथ 10 अंक हैं, लेकिन नेट रनरेट में आरसीबी से पीछे होने के कारण वह चौथे नंबर पर है।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी बेंगलुरु का फिल सॉल्ट के रूप में पहला विकेट गिरा। सॉल्ट एक रन बनाकर आउट हुए। सॉल्ट का विकेट जल्दी गंवाने के बाद विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल ने पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने अच्छी बल्लेबाजी की और पावरप्ले के छह ओवर में एक विकेट पर टीम का स्कोर 54 रन पहुंचा दिया। मैच में पडिक्कल ने ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी और 30 गेंदों पर आईपीएल करियर का अपना 10वां अर्धशतक लगा दिया। पडिक्कल 13वें ओवर में बड़ा शॉट मारने के दौरान कैच आउट हुए। उन्होंने 35 गेंदों में पांच चौके और चार छक्कों की मदद से 61 रन की पारी खेली। उन्होंने विराट के साथ 103 रन की साझेदारी की। पडिक्कल के जाने के बाद विराट ने मोर्चा संभाल लिया और अपना एक और अर्धशतक जड़ दिया। विराट कोहली ने आईपीएल करियर का 59वां अर्धशतक लगाया। फिर 143 के स्कोर पर बेंगलुरु को तीसरा झटका लगा। कप्तान रजत पाटीदार कैच आउट हो गए। वह 12 रन बना सके। इसके बाद विराट कोहली और जितेश शर्मा ने 18वें ओवर में जीत सुनिश्चित की। विराट 54 गेंदों पर 73 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी पाकी में 7 चौके औक एक छक्का लगाया। जितेश शर्मा 11 रन बनाकर नाबाद रहे।

# डोभा में डूबने से नाबालिग की मौत

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बंसरी गडियाटोली गांव स्थित डोभा में नहाने के क्रम में नाबालिक अमित उरांव का डूबने से मौत हो गई। वही आनन फानन में परिजनों ने अमित को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया घटना की सूचना मिलने पर पुलिस दलबल के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंच अमित के शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। घटना के संबंध में मृतक के नाना बिरसाई उरांव ने बताया कि अमित अपने मां के साथ हमारे घर में रहता था। आज वह अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए घर से कुछ दूर डोभा में गया था जहां नहाने के क्रम में वह डोभा में डूब गया।

# केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन गुमला सत्र 2025-28 प्रथम कार्यकारिणी समिति की बैठक रविवार की अपराह्न 4 बजे ज्योति संघ सभागार में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता विनोद कुमार ने की। सर्वप्रथम अध्यक्ष के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया और उन्होंने विशेष रूप से अपने केमिस्ट बंधुओ से कहा कि ठफ संबंधी दवाओं की खरीद बिक्री का लेखा-जोखा अपने पास सुरक्षित रखें। महासचिव संजय कुमार ने अपना प्रतिवेदन पेश किया और संगठन हित में सदस्यों से सहयोग की अपील की। कार्यकारिणी सदस्यों, विशेष आमंत्रित सदस्यों, सलाहकार समिति के सदस्यों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। धन्यवाद ज्ञापन सह सचिव गोपाल प्रसाद ने किया।

## न्यूटाउन हॉल में 'वन नेशन वन इलेक्शन' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

# एक चुनाव से देश होगा आर्थिक रूप से और मजबूत, समय की होगी बचत : ढुल्लू महतो

### कहा- विपक्ष के पास मोदी सरकार और भाजपा की आलोचना के अलावा कोई काम ही नहीं बचा

### 'वन नेशन वन इलेक्शन' वर्तमान जरूरत, देश में लागू होना ही चाहिए : विधायक राज सिन्हा


धनबाद जिला चेंबर की ओर से वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर आयोजित संगोष्ठि में उपस्थित सांसद ढुल्लू महतो, विधायक राज सिन्हा एवं अन्य गणमान्य।

**संगोष्ठी पूरी तरफ सफल, लोग पोस्टकार्ड के जरिये भी राष्ट्रपति तक पहुंचाएंगे अपनी बात : चेंबर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** 'वन नेशन वन इलेक्शन' विषय पर रविवार को धनबाद के न्यू टाउन हॉल में धनबाद जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से आयोजित संगोष्ठी में भाजपा नेताओं का जमावड़ा दिखा। इसमें बतौर अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि 'वन नेशन वन इलेक्शन' देश के 140 करोड़ जनता की मांग है। इसे वे संसद में भी उठाएंगे। उक्त मांग के पूरा होने से देश आर्थिक तौर पर और मजबूत होगा और समय की बचत भी होगी। देश विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। वहीं, 'वन नेशन वन इलेक्शन' के मुद्दे पर विपक्ष के विरोध को लेकर सांसद ने कटाक्ष किया। कहा कि विपक्ष के पास ना ही कोई सोच बची है ना ही कोई मुद्दा और ना ही कोई लक्ष्य ही बचा है। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किये जाने वाले हर अच्छे कार्यो का विरोध करना ही विपक्ष का काम रह गया है। वहीं, विधायक राज सिन्हा ने कहा कि 'वन नेशन वन इलेक्शन' विषय पर आयोजित यह संगोष्ठी कार्यक्रम सफल रहा। सभी ने इस महत्वपूर्ण विषय पर अपनी राय दी। यह देश में लागू भी होना चाहिए। वहीं, संगोष्ठी में चिकित्सक, व्यापारी, अधिवक्ता, शिक्षाविद सहित कई एनजीओ के प्रतिनिधि, सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के लोगों ने भी हिस्सा लिया। सभी ने एक देश एक चुनाव को देश में लागू कराने पर जोर दिया। इस दौरान जिला चेंबर के महासचिव ने बताया कि यह संगोष्ठी पूरी तरफ सफल रही है। अब लोग पोस्टकार्ड के जरिये भी अपनी बात को राष्ट्रपति तक पहुंचाएंगे। इस मौके पर झरिया विधायक रागिनी सिंह, जिप अध्यक्ष शारदा सिंह, आइआइटी आइएसएम के डिप्टी डायरेक्टर प्रो धीरज कुमार आदि उपस्थित रहे।

## धनबाद चेंबर पर सियासी रंग का आरोप, सेमिनार में भाजपा नेताओं की मौजूदगी को लेकर उठे सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से 'वन नेशन, वन इलेक्शन' विषय पर आयोजित सेमिनार विवादों में आ गया है। आयोजन पर ना केवल पक्षपातपूर्ण राजनीतिक झुकाव का आरोप लगा है, बल्कि यह भी सवाल उठ रहे हैं कि जो संगठन अपना ही चुनाव समय पर नहीं करा पा रहा, वह राष्ट्रीय मुद्दों पर कार्यक्रम कैसे कर सकता है? जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम के दौरान कुछ लोगों ने भाजपा नेताओं की उपस्थिति और राजनीतिक एजेंडा को लेकर विरोध किया। विरोध इतना बढ़ गया कि आयोजकों को पुलिस बुलानी पड़ी। आरोप है कि विरोध कर रहे लोगों को डराने के लिए हवाई फायरिंग भी की गई, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, विपक्ष के नेताओं और व्यापारियों का कहना है कि चेंबर ऑफ कॉमर्स का काम व्यापारी हितों की बात करना है, ना कि किसी राजनीतिक पार्टी की विचारधारा को मंच देना। वहीं, कुछ सदस्यों ने यह भी कहा कि साल 2024 में आम चुनाव, विधानसभा चुनाव और पंचायत चुनाव अलग-अलग समय पर हुए थे। इससे पहले ही व्यापारी वर्ग परेशानी झेल रहा है। अब पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने की बात करके और भी भ्रम फैलाया जा रहा है। दूसरी ओर, बैंक मोर्चा चेंबर के पूर्व अध्यक्ष प्रभात सुरेलिया ने इस आयोजन पर सीधा जुबानी हमला किया है। कहा कि धनबाद चेंबर ऑफ कॉमर्स जो खुद का चुनाव समय पर नहीं करवा सकता, ऑडिटेड बैलेंस शीट नहीं दे सकता, वह 'वन नेशन, वन इलेक्शन' जैसे गंभीर मुद्दे पर ज्ञान बांट रहा है। यह विषय संसद की जेपीसी में देश के वरिष्ठ वकील और विशेषज्ञों के साथ चर्चा का विषय है, ना कि चेंबर का। उन्होंने कहा कि देश में अभी ऐसा आधारभूत ढांचा नहीं है कि सभी चुनाव एक साथ कराए जा सकें। इससे साल भर आचार संहिता लागू रहेगी, जिससे व्यापार और आम जीवन बुरी तरह प्रभावित होगा। तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि जिला चेंबर पहले अपने 55 अधीनस्थ चेंबरों का चुनाव एक साथ करा ले, फिर देश को चुनाव सुधार पर सलाह दे।

## मांग पूरी नहीं होने पर 25 अप्रैल से होगा अनिश्चितकालीन चक्का जाम: रविंद्र गिरि

**- सात सूत्री मांगों को लेकर एसडीओसीएम के पीओ को सौंपा पत्र**

आजाद सिपाही संवाददाता



**फुसरो/बेरमो।** यूसीडब्ल्यू (एटक) के सीसीएल ढ़ोरी के एसडीओसीएम (कल्याणी) परियोजना के उपाध्यक्ष सह 11 तारमी पंचायत के पंसस रविंद्र गिरि ने सीसीएल ढ़ोरी के एसडीओसीएम परियोजना के पीओ को सात सूत्री मांग पर सौंपते हुए अविलंब पूरा करने की मांग की है। ऐसा नहीं करने पर 25 अप्रैल से परियोजना में अनिश्चितकालीन चक्का जाम एवं आंदोलन करने की चेतावनी दी है। उन्होंने तारमी पंचायत अंतर्गत टोला हेठबेडा, फूलवारी, उपरबंधा, तारमी के ग्रामीणों की विभिन्न मांगे रखी है। इसमें हेठबेडा बस्ती को पेयजल उपलब्ध कराने, परियोजना द्वारा गंदा पानी को खुले में बहाना बंद करने, स्थानीय विस्थापित परिवारों को जलाने का कोयला उपलब्ध कराने, विस्थापित गांव तारमी, उपरबंधा, गुंजरडीह, अलारगो, फुलवारी में मुफ्त पानी-बिजली उपलब्ध कराने, परियोजना में हैवी ब्लास्टिंग में सुधार करने, केंद्र और राज्य सरकार के अनुसार स्थानीय युवक-युवतियों के क्षमता के अनुरूप 75 प्रतिशत नियोजन व्यवस्था स्थापित करने, सीसीएल ढोरी की ओर से छोटी-छोटी निविदाओं में स्थानीय विस्थापितों को भागीदारी सुनिचित करने की मांगे शामिल है। कहा कि इन मांगों को बार-बार पत्र और मौखिक रूप से पूरा करने का अनुरोध किया गया है। पर परियोजना की ओर से किसी भी मांग पर कोई साकारात्मक पहल नहीं की गयी है । इससे ग्रामीणों में काफी असंतोष है। कहा कि समयानुसार अंकित मांगों पर पहल करना सुनिश्चित करें अन्यथा 25 अप्रैल से रेलवे साईडिंग तारमी में अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन शुरू किया जाएगा। जिसकी पूरी जिम्मेवारी परियोजना प्रबंधन की होगी।

## असमर्थ बंदियों को अधिवक्ता मुहैया कराये जाने का है प्रावधान : न्यायिक दंडाधिकारी राज पांडेय

**तेनुघाट जेल में लगा अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**तेनुघाट।** सुप्रीम कोर्ट, झारखंड हाई कोर्ट एवं बोकारो के प्रधान जिला जज के निर्देश पर तेनुघाट जेल में जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का रविवार को आयोजन हुआ। जिसकी अगुवाई तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति एवं प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडेय के संयुक्त रुप से किया। इस दौरान जेल में बंदियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। अपने संबोधन में एसीजेएम मनोज प्रजापति ने बताया कि जेल अदालत के साथ ही स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया जा रहा है। जिससे बंदियों को फायदा मिलेगा। कहा कि अगर कहीं कोई मारपीट होती है तो पीड़ित का मेडिकल कराया जाता है। जिसकी रिपोर्ट डॉक्टर द्वारा न्यायालय में पेश किया जाता है। उसी के आधार पर न्याय में सहायता मिलती है। बंदियों को कानूनी जानकारियां देते हुए बताया कि अगर आपके खिलाफ थाना में मामला दर्ज किया जाता है और आपको थाना से नोटिस जारी किया जाता है तो थाना में जाकर अपनी बात रख सकते हैं। ताकि आपकी बातों को सुनकर मामले की जांच की जा सके। उन्होंने बंदियों को प्रदान किए जाने वाले विभिन्न विधिक सहायता के बारे में बताया। कहा कि नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची की ओर से जेल में बंद बंदियों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर चलाए जा रहे हैं। जिनके माध्यम से उन बंदियों को उचित विधिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी के तहत प्रत्येक महीने जेल अदालत का आयोजन किया जाता है। वहीं, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडेय ने बताया कि आज न्यायालय में अगर आपका मुकदमा है तो मुफ्त अधिवक्ता, कानूनी सलाह दिया जाता है। वैसे बंदी जो खुद के खर्च पर अपना अधिवक्ता रख पाने में असमर्थ हैं, उनके लिए सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के तहत अधिवक्ताओं की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो उन बंदियों के केस में संबंधित न्यायालय में निरंतर पैरवी करते हैं। डॉ शंभू कुमार ने बताया कि हम सभी को खुलकर जीने की आजादी है, मगर हमें कानून का भी पालन करना चाहिए। हमें नशे से दूर रहना चाहिए। अगर हम नशे से दूर रहें तो बीमारी के साथ ही गलत आदत से भी दूर रहेंगे। शिविर में पैनल अधिवक्ता प्रशांत पाल ने दहेज अधिनियम के बारे मे जानकारी दी। कहा कि दहेज लेना और देना दोनों अपराध है। इसलिए हमें अपराध से बचने की जरूरत है। दूसरी ओर, स्वास्थ्य जांच शिविर में बंदियों ने आंख और दांत सहित अन्य जांच कराया। वहीं, जेल अधीक्षक अरुणाभ ने बताया कि हमें यहां से खुद को सुधार कर आगे बढ़ना चाहिए। हम जेल से निकलकर दूसरे को भी अपराध से दूर रहने को लेकर जागरूक कर सकते हैं, ताकि वे अपराध ना करें। वहीं, मंच संचालन करते हुए अधिवक्ता सुभाष कटरियार ने बताया कि हमें हमेशा कानून के दायरे में चलना चाहिए। बताया कि हमेशा गुस्से में आकर कोई ना कोई गलतियां कर देते हैं, इसलिए हमें अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए। ताकि किसी भी प्रकार के अपराध से बच सकें। जेलर नीरज कुमार ने कहा कि हमें सभी से काफी कुछ सुनने को मिला है। उम्मीद है कि आप उस पर अमल करेंगे और खुद को सुधार कर एक अच्छी जिंदगी गुजर बसर करेंगे। मौके पर श्रीनिवास कुमार, विजय ठाकुर और मनोज प्रजापति सहित अन्य मौजूद थे।

## मानस प्रचार समिति के मानस महाधिवेशन का हुआ समापन




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जगजीवन नगर में मानस मंदिर के मानस प्रचार समिति का 53वां मानस महाधिवेशन का शनिवार को समापन हुआ। इसके बाद रविवार को पूर्णाहूति हवन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। अयोध्या धाम से आये संत मानस के प्रवक्ता के आचार्य संतोष त्रिवेदी महाराज ने श्रीराम सेना के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी उदय प्रताप सिंह सहित उपस्थित भक्तों को अंग वस्त्र और रामायण देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मानस प्रचार समिति के अध्यक्ष निरंजन सिंह, कोषाध्यक्ष निशांत नारायण, सचिव विनोद दुबे, मुकेश सिन्हा, शशि अग्रवाल, शमशेर सिंह राठौड़, गौरव सिंह, कन्हाई भट्टाचार्य, अरुण सिंह, साधुसरण पाठक, योगेंद्र मिश्रा, रामप्रवेश शर्मा, शशि श्रीवास्तव, राजेश गुप्ता, अजित गुप्ता, राजेश सिंह, अरविंद कुमार, स्वप्ना अधिकारी, राहुल कुमार, मुकतेश्वर महतो, समरेंदर सिंह, अशोक दा, नरेश यादव, सुशील सिंह, प्रदीप सिंह चौधरी, मनोज झा आदि मौजूद रहे।

## आधार कार्ड सुधार के लिए बेरमो पश्चिम पंचायत में आज से लगेगा विशेष शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गांधीनगर/बेरमो।** प्रखंड अंतर्गत बेरमो पश्चिमी पंचायत भवन में आधार कार्ड की त्रुटियों के सुधार के लिए सोमवार से विशेष शिविर का आयोजन होने जा रहा है, जो 23 अप्रैल तक चलेगा। बीडीओ मुकेश कुमार ने बेरमो पश्चिमी पंचायत भवन में लगने वाले आधार कार्ड शिविर का रविवार को निरीक्षण किया। कहा कि बोकारो डीसी के निर्देश पर सोमवार से पंचायत भवन में आधार कार्ड सुधार के लिए विशेष शिविर लगेगा। बिना आधार कार्ड के सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ लाभुकों तक पहुंचाना सुलभ नहीं है। ऐसे में लाभुकों को काफी परेशानियां होती है। इस शिविर के माध्यम से आधार कार्ड में त्रुटियों का सुधार किया जाएगा। कहा कि यदि किन्हीं को आधार कार्ड में सुधार करवाना है तो वे इस शिविर में आकर अपना आधार कार्ड अवश्य सुधार करायें। इस मौके पर मुखिया आरती कुमारी, बैदकारो पूर्वी पंचायत की मुखिया सीमा महतो, कुरपनिया की मुखिया कविता सिंह, बेरमो की मुखिया पुष्पा देवी, बीस सूत्री सदस्य संतोष महतो, मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, अविनाश सिन्हा आदि थे।



### कसमार में 21 अप्रैल से एक मई तक आधार पंजीकरण एवं अपडेट शिविर का आयोजन

**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** कसमार प्रखंड में 21 अप्रैल से एक मई तक आधार पंजीकरण एवं अपडेट कार्य के लिए विशेष शिविर लगाया जाएगा। इसकी जानकारी बीडीओ नम्रता जोशी ने दी। उन्होंने बताया कि सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए लाभुकों के पास आधार कार्ड होना अनिवार्य है। बिना आधार के सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ लाभुकों तक पहुंचाना सुलभ नहीं है। वैसे लाभुक जिनके आधार कार्ड में कोई त्रुटि है या आधार नहीं है, 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का आधार पंजीकरण, आधार त्रुटि में सुधार, मोबाइल नम्बर आधार से जोड़ना आदि शिविर में उपस्थित होकर कार्य करवा लें। उन्होंने कहा कि उक्त आधार संबंधी कार्य प्रखंड कार्यालय कसमार के अलावे बैंक ऑफ इंडिया कमलापुर, पंचायत भवन सिंहपुर, बगदा, करमा, खैराचातर, पोंडा, टांगटोना, गर्रि, मुरहुलसुदी, चंडीपुर, दांतू स्थित शाखा डाकघर कार्यालय में भी शिविर लगाकर किए जाएंगे। प्रखंड वासियों से अपील की कि अपने नजदीकी शिविर में जाकर त्रुटियों को ठीक करवा लें

## मानवाधिकार न्यायिक सुरक्षा परिषद की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा



**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार न्यायिक सुरक्षा परिषद की बैठक प्रदेश महासचिव शमीम शाह के आवासीय कार्यालय फुशबंग्ला में हुई। जिसकी अध्यक्षता शमीम शाह और संचालन जिला अध्यक्ष प्रवीण सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से महिला-बाल उत्पीड़न, दबे कुचले को न्याय दिलाने और समाज में छिपे भ्रष्ट लोगों को उजागर कर सरकारी तंत्र में भ्रष्ट अधिकारियों एवं उनके खिलाफ आवाज उठाने को लेकर चर्चा की गयी। साथ ही पत्रकार के ऊपर हुए हमले निंदा भी की गयी। बैठक में उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह, सचिव संजीत सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा के सचिव मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद शहाबुद्दीन इदरीसी, अल्पसंख्यक जिला सचिव मो कलाम, महिला प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष अनीता सिंह आदि थे।

## कसमार में पुल एवं सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास




**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** कसमार प्रखंड के दांतू पंचायत अंतर्गत हंसलता आरईओ रोड़ से जीवन राम महतो के घर होते हुए चिटलाही रोड तक पथ निर्माण, कसमार एवं मधुकरपुर के बीच खांजो नदी में उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का भूमि पूजन रविवार को राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो के प्रतिनिधि प्रमुख नियोति कुमारी एवं दिलीप कुमार हेंब्रम ने संयुक्त रूप से किया। बता दें कि हंसलता में एक किमी सड़क का निर्माण एक करोड़ रुपये की लागत से मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत बोकारो प्रमंडल के ग्रामीण कार्य विभाग और कसमार में पुल का निर्माण 3.15 करोड़ रुपये की लागत से मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना मद से ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा किया जायेगा। इस दौरान प्रमुख नियोती कुमारी एवं दिलीप हेंब्रम ने कहा कि कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कोताही बर्दास्त नहीं होगी। वहीं, संवेदकों को समय पर निर्माण कार्य पूर्ण करना होगा। इस मौके पर झामुमो के सोहेल अंसारी, फारूख अब्दुल्ला, महेंद्र सिंह, झब्बूलाल महतो, सुभाष चंद्र ठाकुर, धनंजय स्वर्णकार, विजेंद्र महतो, संजय प्रजापति, कैलाश महतो, चंद्रकिशोर महतो, जगेश्वर महतो, छत्रुराम महतो, मुन्ना अंसारी, संजय प्रजापति, एनुल अंसारी तनवीर आलम, सुरेश महतो आदि उपस्थित थे।

## झारखंड बंगला भाषी उन्नयन समिति का राज्य स्तरीय बंगाली संस्कृति कार्यक्रम 23 को

# झारखंड के स्कूलों में बांग्ला भाषा के शिक्षकों की नियुक्ति और पढ़ाई शुरू करायी जाये : फूलचंद

**- कार्यक्रम में शामिल होंगें झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य और निरसा विधायक अरूप चटर्जी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** झारखंड बांग्ला भाषी उन्नयन समिति की ओर से रविवार को पूर्व विधायक फूलचंद मंडल के बरवाअड्डा स्थित आवास पर संवाददाता सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें फूलचंद मंडल ने बताया कि बांग्ला झारखंड की मुख्य भाषा है। उन्होंने राज्य सरकार से इस भाषा की गरिमा को बरकरार रखने के लिए स्कूलों में बांग्ला भाषा के शिक्षकों की नियुक्ति और पढ़ाई शुरू करवाने की मांग की है। कहा कि प्राथमिक स्कूलों में कई बच्चे बांग्ला भाषी है जो बंगाली पढ़ना चाहते हैं। बतातें चलें कि कुछ महीने पहले क्षेत्रीय और जनजातीय भाषा सर्वे के दौरान वास्तविक नामांकन पर बांग्ला भाषा की पुस्तक छपाई के लिए सभी विद्यालयों से प्रतिवेदन भी भेजा गया है। फूलचंद मंडल ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप 40 फीसदी से अधिक बंगाली भाषी विद्यार्थी हैं। जिनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। वहीं, झारखंड बांग्ला भाषी उन्नयन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष रीना मंडल ने बताया कि बांग्ला भाषा संस्कृति को संजोए रखने के लिए आगामी 23 अप्रैल को बरवाअड्डा दुर्गा मंदिर प्रांगण में राज्य स्तरीय बंगाली संस्कृति कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें लगभग 100 से ज्यादा प्रतिभागी (बच्चे, महिलाएं, पुरुष और युवा) भाग लेंगे। जबकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रिय भट्टाचार्य के अलावा विशेष अतिथि के रूप में निरसा विधायक अरूप चटर्जी शामिल होंगें। इस मौके पर तपन मंडल, वृंदावन मंडल, आशीष मंडल, सुमंतो मंडल, लगेन बाउरी, पार्थ सेनगुप्ता, रघुनाथ राय, शिबू चक्रवर्ती, मिथुन मंडल, बैद्यनाथ मंडल, सोनाली मंडल, नुना मंडल, मंजू मंडल, बिनोती मंडल और भादुरानी मंडल मौजूद थे।

## लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी ने शुरू की बांग्ला भाषा सिखाने की मुहिम



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** लिंडसे क्लब एवं पुस्तकालय ने रविवार को पुस्तकालय प्रांगण में अनोखा प्रयास और प्रयोग शुरू किया है। जिसका शीर्षक 'आवोल तावोल बांग्ला पढ़ो, बांग्ला लेखो' है। बतातें चलें कि झारखंड के स्कूलों में बांग्ला सिखाने का चलन बिल्कुल समाप्त हो चुका है। जिस कारण बांग्ला साहित्य के अपार संभावनाओं से आज के युवा वर्ग वंचित रह गये है। धनबाद में एक बहुसंख्यक बंगाली समुदाय रहता है। उसी बंगाली समुदाय के छोटे-छोटे बच्चों को बांग्ला सिखाने की एक मुहिम चलायी जा रही है। इसके इलावा कई हिंदी भाषी भी बांग्ला सिखने का आग्रह कर चुके हैं। कार्यक्रम संपूर्ण निःशुल्क किया गया। बंगाली समुदाय के ऐसे जानेमाने शिक्षक एवं शिक्षिका पढ़ा रहे है जो धनबाद के विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेज में कार्यरत रह चुके है। साथ ही स्कूल ऑफ आर्ट का उपयोगी आयोजन भी किया जा रहे है। जिसके तहत बहुत ही न्यूनतम शुल्क में हर बच्चों एवं युवाओं को अंकन सिखाने का आयोजन प्रत्येक रविवार सुबह 9 बजे से लिंडसे क्लब पुस्तकालय के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा।

# जम्मू-कश्मीर में बादल फटने तीन लोगों की हुई मौत, 100 का रेस्क्यू



**श्रीनगर (आजाद सिपाही)।** जम्मू-कश्मीर में पिछले कई दिनों से बारिश हो रही है। रामबन जिले के सेरी बागना इलाके में रविवार सुबह बारिश के बाद बादल फटने से 3 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने करीब 100 लोगों को रेस्क्यू किया। सूत्रों ने बताया कि बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गयी। पहाड़ का मलबा गांव की तरफ आ गया, जिसके चपेट में कई लोग और घर आ गये। फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

उधर, रामबन जिले के बनिहाल इलाके में कई जगह लैंडस्लाइड हुई हैं। इसकी वजह से जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाइवे बंद कर दिया गया है। सैकड़ों वाहन फंसे हुए हैं। किश्तवाड़-पद्दर मार्ग भी बंद है। यहां वाहनों की आवाजाही रोक दी गयी है। अधिकारियों ने मौसम साफ होने के बाद ही हाइवे पर सफर करने की अपील की है। लैंडस्लाइड के कुछ वीडियो सामने आये हैं, जिसमें पहाड़ से मलबा गिरते देखा जा सकता है। कुछ इलाकों में पहाड़ का मलबा सड़कों और रिहायशी इलाकों तक पहुंच गया है। एक वीडियो में तीन-चार टैंकर और कुछ अन्य गाड़ियां मलबे में पूरी तरह दबी हुई दिख रही हैं। इसके अलावा होटल और घर भी मलबे से प्रभावित दिख रहे हैं।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति आज भारत आयेंगे

- दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर के दर्शन करेंगे, पीएम मोदी से मिलेंगे, जयपुर-आगरा घूमेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस 21 अप्रैल को भारत के चार दिन के दौरे पर आ रहे हैं। उनके साथ उनकी पत्नी उषा वेंस और तीनों बच्चे भी इस ट्रिप पर आयेंगे। वे इटली का दौरा कर भारत आ रहे हैं। सोमवार सुबह 10 बजे जेडी वेंस दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर लैंड करेंगे। इसके बाद वे अक्षरधाम मंदिर जायेंगे और पारंपरिक भारतीय हस्तशिल्प देखने किसी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स भी जायेंगे।

इस दौरे पर जेडी वेंस पीएम मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर, एनएसए अजित डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और अमेरिका में भारतीय दूत विनय मोहन क्वात्रा से मुलाकात करेंगे।



पीएम मोदी जेडी वेंस के लिए डिनर आयोजित करेंगे। इसके बाद वेंस सोमवार रात को ही जयपुर रवाना होंगे, जहां वे मंगलवार को रुकेंगे। बुधवार को वे आगरा घूमने जायेंगे। अमेरिका का उपराष्ट्रपति बनने के बाद ये जेडी वेंस का पहला आधिकारिक भारत दौरा है।

**13 साल बाद भारत दौरे पर आयेंगे अमेरिकी उप-राष्ट्रपति**

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ उनकी पत्नी उषा, उनके तीन छोटे बच्चे इवान, विवेक, मीराबेल और अमेरिकी प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद रहेंगे। 13 साल में यह किसी अमेरिकी उपराष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा होगी। इससे पहले पिछली बार जो बाइडेन उपराष्ट्रपति के रूप में साल 2013 में भारत आये थे।

**वेंस का भारत दौरा अहम**

जेडी वेंस का भारत दौरा दो वजहों से अहम है। इस वक्त भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील, टैरिफ को लेकर तनाव की स्थिति है। प्रधानमंत्री और उपराष्ट्रपति वेंस के बीच व्यापार, टैरिफ, क्षेत्रीय सुरक्षा और बाइलेट्रल कोऑपरेशन को बढ़ाने के तरीकों सहित कई अहम मुद्दों पर बातचीत होगी।

**द्विपक्षीय व्यापार समझौता :** यह दौरा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के पहले चरण को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। दोनों देश 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखते हैं। वेंस और मोदी के बीच व्यापार, आयात शुल्क और गैर-टैरिफ बाधाओं को कम करने पर चर्चा हो सकती है।

**टैरिफ विवाद :** यह यात्रा ट्रंप प्रशासन की टैरिफ नीति के कारण बढ़े तनाव के बीच हो रही है। ट्रंप ने 2 अप्रैल, 2025 को भारत पर 26% टैरिफ की घोषणा की थी, जिसे बाद में 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया। वेंस की यात्रा से इस मुद्दे पर बातचीत को आगे बढ़ाने और तनाव कम करने की उम्मीद है।

# कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचायें : लक्ष्मण प्रसाद सिंह



**राजधनवार गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने रविवार को धनवार प्रखंड क्षेत्र के गादी गांव पहुंच कर एक शादी समारोह में शामिल हुए और वर-वधु को आशीर्वाद दिया। शादी समारोह के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं से मिल कर केंद्र सरकार के द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और लोगों को इसका लाभ दिलाने की बात कही। उन्होंने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंदुओं पर हुए हमले की निंदा करते हुए वहां पर राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। इसके बाद धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय पहुंच लोगों की समस्या से अवगत हुए। कुछ लोगों की समस्या का मौके पर ही निदान किया और कुछ का जल्द निदान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर नकुल राय, दमोदर राय, शिवनारायण राय, पवन सिंह, अनिल राय, वासुदेव रय, विनय पांडेय, अनिल पांडेय, जय प्रकाश पांडेय, गंगाधर पांडेय, दिलीप तुरी, अकबर सांई और पवन राय आदि मौजूद थे।



























































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**